e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 153

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
06.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

कोई भी इन्सान अपनी जुबान और अच्छे कर्मों से पहचाना जाता है। क्योंकि अच्छी बातें तो दीवारों पर भी बहुत लिखी होती है।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 37° |
| न्युनतम | 23° |

## क्विक न्यूज

### नाबालिक के साथ दुष्कर्म

**महुआडांड़ (लातेहार) :** शाहपुर ग्राम के सुबोध खलखो उम्र 35 वर्ष द्वारा महुआडांड़ प्रखंड में अपने रिश्तेदार के घर पर रहकर पढ़ाई करने वाली एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़िता परिजनों के साथ महुआडांड़ थाना मैं केस दर्ज करने पहुंची। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए महुआडांड़ पुलिस प्रशासन आरोपी सुबोध खलखो को गिरफ्तार कर थाना ले आई। पीड़िता महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुरोकला में अपने रिश्तेदार के पास रहकर पढ़ाई करती थी। इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में भी फर्स्ट डिवीजन के साथ पास हुई है।

### चाईबासा : दो आईईडी बम बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के मारादिरी गांव से कुईड़ा के बीच जंगली- पहाड़ी क्षेत्र से पुलिस ने इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) दो बरामद किया है। बरामद आईईडी में आठ किलो का एक और पांच किलो का एक शामिल है।एसपी आशुतोष शेखर ने सोमवार को बताया कि सोमवार को सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाए गए दो आईईडी बरामद किया। दोनों आईईडी को डिफ्यूज कर दिया गया है। इलाके में सर्च अभियान जारी है।

### लखनऊः इकाना स्टेडियम में लगा होर्डिंग गिरने से दर्दनाक हादसा, दो की मौत

**लखनऊः**लखनऊ के इकाना स्टेडियम में तेज आंधी से एक बड़ा होर्डिंग गिर गया. इस हादसे में एक स्कॉर्पियो कार नीचे दब गई. साथ ही तीन लोगों व्यक्ति के दबने की भी खबर थी. जानकारी के मुताबिक पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा गया. लेकिन इस हादसे में घायल हुए तीन लोगों में से दो की जान चली गई, जबकि एक शख्स का इलाज जारी है.

### उड़ीसा रेल हादसा : मृतकों के आश्रितों को सरकारी नौकरी देगी पश्चिम बंगाल सरकार

**कोलकाता :** उड़ीसा रेल हादसा में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मृतकों के आश्रितों को राज्य सरकार में नौकरी देने का एलान किया है। मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा कि भयावह हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। बनर्जी ने आगे कहा कि सरकार उन लोगों को नकद राशि की मदद देगी, जो कोरोमंडल एक्सप्रेस में सवार थे और इस समय मानसिक और शारीरिक आघात से गुजर रहे हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को भुवनेश्वर और कटक का दौरा करेंगी और अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती घायल यात्रियों से मुलाकात करेंगी।

### नहीं रहे महाभारत के शकुनि मामा गूफी पेंटल

**मुंबई :** महाभारत सीरियल में शकुनी मामा का किरदार निभाने वाले अभिनेता गूफी पेंटल अस्पताल में भर्ती थे। कहा जा रहा था कि उनकी हालत बेहद गंभीर थी। जानी -मानी अभिनेत्री टीना घई ने इस बात की पुष्टि भी की थी, लेकिन अब पूरे सिनेमा जगत में शोक का माहौल पसर गया है क्योंकि अभिनेता गूफी पेंटल हमारे बीच नहीं रहे। आज ही अभिनेता का निधन हो गया और इसी के साथ एक और दिग्गज कलाकार ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

### देश में इस बार देर से होगी मॉनसून की एंट्री

**नई दिल्लीः** देश में मॉनसून की एंट्री इस बार कुछ देर से होगी. मौसम विभाग ने सोमवार को कहा कि पिछले 24 घंटे में अरब सागर के दक्षिण पर्व में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन यानी चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है. इसके असर की वजह से केरल के तट पर बादल घट गए हैं. ऐसे में मॉनसून के केरल पहुंचने में इस साल थोड़ी देरी होगी. मई के आखिरी हफ्ते में मौसम विभाग ने मॉनसून 4 जून तक केरल पहुंचने की संभावना जताई थी.

### विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री ने की देशवासियों से अपील

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सभी को एकजुट होना जरूरी : पीएम मोदी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर देश की जनता से अपील की कि सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ छिड़ी मुहीम में सभी का एकजुट होना बहुत जरूरी है। साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि गरीब और विकासशील देश कुछ विकसित देशों की 'गलत नीतियों की कीमत चुका रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत ऐसे सभी उन्नत और बड़े देशों के साथ जलवायु न्याय के मुद्दे को मजबूती से उठाता रहा है। पीएम मोदी ने यहां विश्व पर्यावरण दिवस के एक कार्यक्रम में अपने वीडियो संदेश में कहा कि विश्व जलवायु की सुरक्षा के लिए यह महत्वपूर्ण है कि सभी देश स्वार्थी हितों से ऊपर उठकर सोचें। उन्होंने कहा, लंबे समय से बड़े और उन्नत देशों में विकास का मॉडल विरोधाभासी था। इस विकास मॉडल में सोच यह थी कि हम पहले अपने देश का विकास करें, फिर पर्यावरण के बारे में सोचा जा सकता है। उन्होंने कहा,इससे उन्होंने विकास के लक्ष्य तो हासिल कर लिए लेकिन दुनिया के पर्यावरण को उनके विकास की कीमत चुकानी पड़ी।

आज भी दुनिया के विकासशील और गरीब देश कुछ विकसित देशों की गलत नीतियों की कीमत चुका रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दशकों तक विकसित देशों के इस रवैये पर आपत्ति करने वाला कोई नहीं था। उन्होंने कहा,मुझे खुशी है कि भारत ने इन सभी देशों के समक्ष जलवायु न्याय का सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि भारत अपने विकास के लिए किसी भी अन्य क्षेत्र की तरह बड़े पैमाने पर पर्यावरण पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है।

उन्होंने कहा, ''एक तरफ हमने गरीबों को मदद मुहैया कराई है और दूसरी तरफ भविष्य की ईंधन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी बड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत ने अपने 4जी और 5जी दूरसंचार नेटवर्क का विस्तार किया है तो उसने अपने वन क्षेत्र को भी समान स्तर पर बढ़ाया है।

### सदियों से आदिवासी जीवन मूल्यों का केंद्र रहा है प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण : हेमंत सोरेन



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कहा कि सदियों से आदिवासी जीवन मूल्यों का केंद्र रहा है प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण। इन्हीं मूल्यों को आत्मसात कर हम आने वाले पीढ़ी को बेहतर, सुंदर और स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं। सीएम ने विश्व पर्यावरण दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं व जोहर प्रेषित किया।

### झारखंड के खिलाड़ियों ने वृक्ष लगाने की शपथ ली

**रांची :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को झारखंड के खिलाड़ियों ने वृक्ष लगाने की शपथ ली. झारखंड खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र, एकलव्य प्रशिक्षण केन्द्र के सैकड़ों खिलाड़ी सोमवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम रांची में एकत्र हुए. वहां सभी ने पर्यावरण को संरक्षित,सुरक्षितरखने, अपने घर, खेल मैदान के आसपास वृक्ष लगाने और उन्हें बचाने का संकल्प लिया. इसके बाद झारखंड खेल प्राधिकरण परिसर, साई रांची परिसर और एकलव्य बालिका हॉकी अकादमी परिसर में वृक्षारोपण किया. इस अवसर पर रांची साई के कोच बिनोद कुमार सिंह,खेल परामर्शी देवेंद्र सिंह, खेल प्रशिक्षक और खेल मित्र उपस्थित थे.

### मनरेगा आयुक्त ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**रांची :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने राज्य ग्रामीण विकास संस्थान के परिसर में शीशम एवं पीपल का पौधा लगा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर मनरेगा आयुक्त ने कहा कि पर्यावरण का संबंध हमारे जीवन से है। पर्यावरण हमें बहुत कुछ देता है। हमें भी पर्यावरण को बचाने के लिए कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण काफी जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण के लिए आम लोगों में संवेदनशीलता के साथ- साथ जागरूकता का होना जरूरी है। श्रीमती राजेश्वरी बी ने आम लोगों से अपील किया कि चाहे बच्चे का जन्मदिन हो या शादी समारोह या फिर कोई विशेष अवसर, छोटे-बड़े सभी अवसरों पर पौधारोपण अवश्य करें। सभी व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनायें और लोगों को प्रेरित भी करें।

## धनबाद के 5 कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापेमारी की। जानकारी के अनुसार बिहार में बालू खनन के अलावे कोयला, शराब और बिल्डिंग कारोबार से जुड़े सिंडीकेट से जुड़े आधा दर्जन व्यवसायियों और उद्योगपतियों के ठिकाने पर एक साथ ईडी की छापेमारी की गई।

सूत्रों कि माने तो पटना, कोलकाता, रांची और हजारीबाग के अलावा धनबाद में भी छापेमारी की कार्यवाही की गई। धनबाद में जिन 5 लोगों के यहां रेड पड़ा, उनमें जगनारायण सिंह उर्फ जगन सिंह, पुंज सिंह, टीपी सिंह, मनोज सिंह और सुरेंद्र जिंदल के आवास और कार्यालय शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार इस सिंडीकेट का जुड़ाव राजद के करीबी सुभाष यादव की कंपनी से है। बालू खनन से जुड़े मामले में गड़बड़ी को लेकर बिहार की आर्थिक अपराध इकाई भी ब्रॉडसन कंपनी की जांच कर रही है। इस मामले में पहले से ही केस दर्ज है और इओयू की जांच को आधार बनाते हुए ईडी ने कार्यवाही शुरू की है।

बालू माफियाओं पर ईडी की छापेमारी से हड़कंप मच गया है। धनबाद से लेकर हजारीबाग तक ईडी की ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। बता दें कि धनबाद में हो रहे हैं ईडी की छापेमारी में जगनारायण सिंह के पॉलिटेक्निक स्थित बंगले में सुबह ही ईडी ने अपनी दबिश दे दी। जगनारायण सिंह, कोयला, शराब, रियल स्टेट के साथ बालू का कारोबार करते हैं। ईडी के दबिश के बाद से धनबाद के वैसे भी कारोबारी जो की बालू खनन मामले से जुड़े हैं, उन सभी में खलबली मच गई।

अब देखने वाली बात यह होती है कि इस छापेमारी से ईडी को क्या कुछ हासिल होता है और कौन कौन से राज खुलकर सामने आते हैं।

## ओडिशा में एक और ट्रेन हादसा, मालगाड़ी की 5 बोगियां पटरी से उतरी

**पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है.ईस्ट कोस्ट रेलवे का भी हादसे पर बयान आया है. रेलवे ने बताया कि निजी सीमेंट कंपनी द्वारा इस मालगाड़ी को चलाया जा रहा था.**



**एजेंसी**

**भुवनेश्वर :** सोमवार को ओडिशा में एक और ट्रेन हादसा हुआ.ओडिशा के बरगढ़ में मालगाड़ी हादसे का शिकार हो गई. मालगाड़ी की 5 बोगियां पटरी से उतर गई.

मालगाड़ी में चूना पत्थर लदा था और इसके 5 डिब्बे बरगढ़ में पटरी से उतर गए. हालांकि, हादसे में किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है.

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है.ईस्ट कोस्ट रेलवे का भी हादसे पर बयान आया है. रेलवे ने बताया कि निजी सीमेंट कंपनी द्वारा इस मालगाड़ी को चलाया जा रहा था.

यह नैरो गेज साइडिंग पर चल रही थी. कंपनी द्वारा ही रोलिंग स्टॉक, इंजन, वैगन, ट्रेन ट्रैक (नैरो गेज) समेत सभी बुनियादी ढांचे का रखरखाव किया जा रहा है.इससे पहले शुक्रवार को ओडिशा में दर्दनाक रेल हादसा हुआ था. इस हादसे में अब तक 275 लोगों की जान जा चुकी है. जबकि 1100 लोग जख्मी हुए हैं.


मृतकों में 187 शवों की पहचान नहीं हो पाई है. दरअसल, बालासोर में बहानगा बाजार स्टेशन के पास ये हादसा हुआ था. यहां चेन्नई से हावड़ा जा रही 12841 कोरोमंडल एक्सप्रेस लूप लाइन में खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी.

इसके बाद कोरोमंडल के कई डिब्बे पटरी से उतर गए थे. ये डिब्बे पास वाली लाइन से गुजर रही यशवंतपुर हावड़ा एक्सप्रेस से टकरा गए थे.

### पहलवान साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया नौकरी पर लौटे, कहा

# इंसाफ मिलने तक जारी रहेगी लड़ाई

**बता दें, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया समेत तमाम पहलवान बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई को लेकर 23 अप्रैल से जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे। इससे पहले, जनवरी में उन्होंने धरना दिया था, लेकिन केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के आश्वासन के बाद धरना खत्म कर दिया था।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल रेसलर साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट नौकरी पर लौट आए हैं। तीनों रेलवे में नौकरी करते हैं। रेलवे पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर जनरल योगेश बवेजा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तीनों ने आज ड्यूटी जॉइन कर ली है। साक्षी और पूनिया ने ने आंदोलन से हटने की खबरों को गलत बताया। इंसाफ़ की लड़ाई में ना हम में से कोई पीछे हटा है, ना हटेगा। सत्याग्रह के साथ साथ रेलवे में अपनी ज़िम्मेदारी को साथ निभा रही हूं।

इंसाफ़ मिलने तक हमारी लड़ाई जारी है। बता दें, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया समेत तमाम पहलवान बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई को लेकर 23 अप्रैल से जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे।

इससे पहले, जनवरी में उन्होंने धरना दिया था, लेकिन केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के आश्वासन के बाद धरना खत्म कर दिया था।बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 21 अप्रैल को सात महिला पहलवानों ने दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने 28 अप्रैल को बृजभूषण के खिलाफ दो मामले दर्ज किए। इनमें पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामला भी शामिल है, जिसे नाबालिग द्वारा लगाए गए आरोप पर दर्ज किया गया। वहीं, दूसरा मामला अन्य पहलवानों द्वारा दर्ज आरोपों से संबंधित है।

## टीकों-दवाओं के समान वितरण पर भारत की स्थिति बेहतर : डब्लूएचओ

**एजेंसी**

**हैदराबाद :** डब्ल्यूएचओ के एक शीर्ष अधिकारी ने महामारी के संबंध में तैयारियों को लेकर भारत की तारीफ की है। जिनेवा में डब्ल्यूएचओ स्वास्थ्य आपातकालीन कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक डॉ. माइकल रयान ने कहा कि भारत के दवाओं, टीकों और नैदानिक सेवाओं को जरूरतमंदों तक समान रूप से पहुंचाने के लिए भारत एक प्रभावी चिकित्सा उपाय ढांचा विकसित करने की मजबूत स्थिति में है। सभी देशों को शामिल करते हुए देखा जाए तो भारत इसमें काफी आगे है। उन्होंने कहा कि भारत के नेतृत्व में स्वास्थ्य और महामारी के लिए उपायों की तैयारी का भविष्य मजबूत है। बता दें कि भारत इस साल जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। इसी क्रम में भारत ने कोरोना जैसी किसी भी महामारी से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक मेडिकल काउंटरमेजर कोआर्डिनेशन प्लेटफॉर्म बनाने का प्रस्ताव किया है।हैदराबाद में आयोजित तीसरी जी20 स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक में डॉ. माइकल रयान ने कहा कि आज हम महामारी की तैयारी और प्रतिक्रिया पर चर्चा कर रहे हैं। ताकि भविष्य में कोरोना जैसी महामारियों का बेहतर जवाब दे सकें। भारत इस मुद्दे को उजागर कर रहा है और इस बारे में बात कर रहा है कि हम चिकित्सा उपायों पर एक साथ कैसे काम करते हैं। हम कैसे बेहतर टीके और दवाएं बनाते हैं और उन्हें लोगों तक कैसे पहुंचाते हैं। साथ ही भारत यह भी बता रहा है कि हम कैसे इस पूरे सिस्टम को निष्पक्ष बना सकते हैं, ताकि चिकित्सा उपाय और वस्तुएं उन लोगों को जल्दी से प्राप्त हो सकें, जिन्हें उनकी असल में जरूरत है। डॉ रयान ने कहा, भारत ऐसा करने के लिए बहुत मजबूत स्थिति में है। उन्होंने आगे कहा कि भारत के पास विज्ञान आधारित बेहतरीन नवाचार क्षमता है। यहां फार्मास्यूटिकल्स के साथ-साथ टीकों के लिए एक विशाल विनिर्माण आधार भी है। साथ ही यह बहुत उपयुक्त है कि जब भारत जी20 की अध्यक्षता कर रहा तो ऐसे में उसका ध्यान इस मुद्दे पर है।

### मेडिकल काउंटरमेजर कोआर्डिनेशन प्लेटफॉर्म बनाने में योगदान देगी बैठक

अधिकारियों ने कहा है कि भारत की अध्यक्षता में हो रही जी20 की तीसरी स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक ग्लोबल साउथ देशों की चुनौतियों को आवाज देगी। साथ ही इसके वैक्सीन चिकित्सीय, अनुसंधान और विनिर्माण नेटवर्क के लिए क्षेत्रीय नेटवर्क स्थापित करने और एक वैश्विक चिकित्सा प्रतिउपाय समन्वय मंच के निर्माण में योगदान देगी।

**भारत की तीन प्राथमिकताएंः** भारत की प्रतिशत 20 अध्यक्षता स्वास्थ्य ट्रैक में तीन प्राथमिकताओं पर केंद्रित है। इन प्राथमिकताओं में से पहली स्वास्थ्य आपात रोकथाम, तैयारी और एंटी-माइक्रोबियल प्रतिरोध और वन हेल्थ फ्रेमवर्क पर फोकस करना है। दूसरी प्राथमिकता, सुरक्षित, प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और किफायती चिकित्सा प्रति उपायों तक पहुंच और उपलब्धता पर ध्यान देने के साथ फार्मास्युटिकल क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना है। तीसरी, डिजिटल स्वास्थ्य नवाचार और समाधान है जो सार्वभौमिक मेडिकल कवरेज में मददगार है और स्वास्थ्य सेवाओं वितरण में सुधार करता है।

## दो सड़क हादसों में 10 की मौत

**एजेंसी**

**अमरावती-चेन्नई :** आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ. स्थानीय वट्टीचेरुकुरु के पास एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खेतों में पलटकर गिरा,जिसमें सात लोगों की मौत हो गई. हादसे की खबर पाकर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजने का इंतजाम किया. बताया जाता है कि इस सड़क दुर्घटना में मौके पर तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्यों की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हो गई.गुंटूर जीजीएच में इलाज के दौरान एक अन्य महिला गरीकापुडी सलोमी की मौत हो गई, जिसके बाद मौतों की संख्या कुल सात हुई. वहीं, मरने वाले सभी व्यक्ति प्रतिपादु मंडल के कोंडेपाडू



गांव के रहने वाले थे.हादसा उस वक्त हुआ जब चेबरोलू मंडल से एक शुभ कार्य के लिए ये सभी लोग ट्रैक्टर के जरिये जुपुडी जा रहे थे. इस घटना से कोंडेपाडू और जुपुडी के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है. पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है. इधर तमिलनाडु के पेरम्बलुर के पास तिरुचि-चेन्नई राजमार्ग पर सोमवार तड़के चार वाहनों के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए. दुर्घटना में एक ट्रैक्टर, एक वैन, एक एम्बुलेंस और एक बस शामिल थी.

# विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण संरक्षण के लिए मिशन लाइफ कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में पर्यावरण संरक्षण को लेकर मिशन लाइफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपायुक्त ने कहा कि आज 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। इसे 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। 5 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसके पश्चात से हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर हमे तत्पर होकर कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को उपायुक्त ने एक मुहिम के तहत आमजनों को पौधा रोपण हेतु प्रेरित करने एवं जिले के सभी सरकारी भवनों, तालाबों एवं अस्पतालों के आसपास पौधारोपण करने को कहा। जिससे पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके। कार्यक्रम में प्रेजेंटेशन के माध्यम से मिशन लाइफ के विषय पर कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई एवं किस प्रकार से पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में हम कार्य करें, इसे लेकर बताया गया। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक कार्यवाही को बढ़ावा देने तथा प्राचीन ज्ञान से सीख लेकर प्रकृति के साथ समन्वय बनाते हुए सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन करने की बात कही गई। साथ ही दुनिया भर के लोगों को पर्यावरण अनुकरण व्यवहार करने हेतु प्रेरित करने की बात कही गई। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर मिशन लाइफ़ थीम के तहत कुछ विशेष बातों पर ध्यान केंद्रित करने हेतु कहा गया। यथा- उपयोग करने के बाद जल का पंप बंद कर देना, फसल विविधीकरण करना, वर्षा जल संचयन के ढांचो का निर्माण करना, कचरा प्रबंधन करना एवं व्यापक तौर पर पौधारोपण करना आदि। इस कार्य में व्यापक सहयोग हेतु उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभाग से इस क्षेत्र में अपेक्षित सहयोग की बात कही। जेएसएलपीएस और शिक्षा विभाग तथा समाज कल्याण के साथ-साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि को इस वर्ष वर्षा होने से पहले अपने प्रखंडों पंचायतों एवं तहसील आदि के परिसरों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण करने का निर्देश दिया।कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त समेत सभी पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर को शपथ लिया। शपथ ग्रहण करते हुए उपायुक्त संग सभी पदाधिकारियों ने कहा कि मैं पर्यावरण की रक्षा के लिए अपनी दैनिक जीवन शैली में हर संभव बदलाव करने का वचन देता हूं। मैं अपने दोस्तों, परिवार और अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों के महत्व के बारे में लगातार याद दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं एक उदाहरण के रूप में सेवा करने का वचन देता हूं कि कैसे एक पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली हमारे ग्रह और लोगों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने की बात कही गई।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी, शशि कुमार, अपर समाहर्ता, पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए, दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका, रामनारायण सिंह, सिविल सर्जन गढ़वा, डॉ अनिल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मिथिलेश केरकेट्टा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, साकेत कुमार पाण्डेय, नजारात उप समाहर्ता, नीलेश मुर्मू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पूर्णिमा कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी, संजीव कुमार सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी, शिव शंकर कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा, सुशील कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी, नीरज कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस, सुशील दास, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मुकेश कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## लापता पति के लिए पत्नी ने कराई रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मजदूरी करने चेन्नई गए रामगढ़ निवासी एक मजदूर पिछले एक साल से है लापता पीड़ित पत्नी ने रामगढ़ थाना में दर्ज कराया मामला। रामगढ़ थाना क्षेत्र के नदी पार निवासी सरिता देवी ने कोर्ट कंप्लेन के माध्यम से रामगढ़ थाना में मामला दर्ज कराया है की उसका पति जुलाई 2022 से लापता है इस संदर्भ में रामगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रभात रंजन रॉय ने बताया कि कोर्ट कंप्लेन के माध्यम से सरिता देवी ने मामला दर्ज कराया है कि उनके पति दिंदेश्वर उराव जुलाई 2022 में मजदूरी के लिए चेन्नई गए थे और उसके बाद से उनका अता पता नहीं है। इस संदर्भ में उन्होंने मजदूरी के लिए ले जाने वाले शख्स रंजीत जैसवाल के ऊपर आरोप लगाते हुवे मामला दर्ज कराया है रंजीत जैसवाल के खिलाफ मामला दर्ज करते हुवे अनुसंधान प्रारंभ किया गया है।

## जमीन विवाद में वृद्ध व्यक्ति की चाकू मारकर की हत्या

**छत्तरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर थाना क्षेत्र के अर्जुनडीह गांव में बीते रात एक वृद्ध व्यक्ति नारायण यादव 70 वर्ष की हत्या कर दिया सूत्रों के अनुसार अपने ही घर के परिवार ने हत्या धारदार हथियार से हत्या कर दिया। बताया जा रहा है कि उनके तीन बेटे हैं और आपसी बंटवारे में ही जमीन विवाद पिता के साथ लंबे समय से चल रहा था जहां बेटा ने पिता को चाकू से गोदकर हत्या कर दिया है सूचना मिलने पर छतरपुर पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई जुटी हुई है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर उपायुक्त समेत जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों ने पौधारोपण कर दिया जागरूकता का संदेश



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व पर्यावरण दिवस पर समाहरणालय गढ़वा परिसर में उपायुक्त, शेखर जमुआर समेत निदेशक डीआरडीए, दिनेश प्रसाद सुरीन, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, प्रदीप कुमार सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी शिव शंकर कुमार समेत अन्य पदाधिकारी द्वारा पौधा रोपण कर जागरूकता का संदेश दिया गया। पौधा रोपण के पश्चात उपायुक्त ने आमजनों से भी अपील किया कि वह भी पौधा रोपण आवश्य करें एवं अपने आस पास के क्षेत्र को साफ रखे। जिससे गढ़वा जिला को स्वच्छ, सुंदर एवं हरा भरा बनाया जा सके।उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। इसे 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। 5 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसके पश्चात से हर वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा पर्यावरण के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई प्रभात फेरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने निर्देशानुसार स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा पर्यावरण के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाला गया. प्रभातफेरी अनुमंडलीय अस्पताल परिसर से निकलकर प्रखंड कार्यालय परिसर, कचहरी परिसर होते हुये पुनः अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर सम्पन्न हो गया। प्रभातफेरी में शामिल स्वास्थ्य कर्मी पर्यावरण बचाने को लेकर नारे लगा रहे थे- यथा -कड़ी धूप है जलते पांव-होते पेड़ तो मिलते छावं,पौधा लगावें-पर्यावरण बचावें,प्लास्टिक पर बैन लगाओ आदि नारे लगाये जा रहे थे.प्रभातफेरी समापन से पूर्व सबों ने पर्यावरण की हिफाजत के लिये पौधारोपण करने का संकल्प लिया। प्रभातफेरी में अस्पताल के सहायक विपेश राज तमांग, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, रवि कुमार सिन्हा, एसटीटी सुभाष पासवान, बिटीटी सुनीता देवी सहित सभी सहिया साथी, सहिया, बीटीटी, एमपीडब्ल्यू सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रखंड संसाधन केंद्र केतार में वेतन वृद्धि को लेकर हुआ आवश्यक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड संसाधन केंद्र केतार के सभागार कक्ष में सोमवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग प्राथमिक शिक्षा निदेशालय झारखंड राज्य के अधीन कार्यरत सहायक अध्यापक समर्पित पारा शिक्षकों के सेवा संपुष्टि के तहत 4? वेतन वृद्धि के लिए संबंधित पंचायत के प्रशासनिक सह अनुशासनिक प्राधिकार समिति की आवश्यक बैठक हुई। इस दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय कुमार पांडे के द्वारा संबंधित पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों से सहायक अध्यापक के कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत चर्चाए की गई और 4 प्रतिशत वेतन वृद्धि के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। इस मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ, उपप्रमुख शंभू सिंह खरवार, मुखिया मूंगा साह, मुखिया श्यामसुंदर बैठा, मुखिया मुन्नी देवी, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि सीताराम शर्मा, बीडीसी राम व्रत मेहता, इम्तेयाज अंसारी, अजय राम, राजकुमार राम, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## पूर्व मंत्री ने किया शोक सभा का आयोजन

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में सोमवार को पुरैनी ग्राम निवासी शम्भू राम,नगर उंटारी निवासी विश्वनाथ साव के निधन पर शोकसभा आयोजित किया गया.शोक सभा मे पूर्वमंत्री ने कहा कि उक्त दोनों के निधन से मैं काफी मर्माहत हूं. आज मैं दोनों के घर जाकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया व संवेदना व्यक्त किया.उन्होंने कहा कि मेरी संवेदना उड़ीसा में दुःखद ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित सभी लोगो के साथ है तथा मारे गये लोगो के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ और घायलों के अति शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ.शोक व्यक्त करने वालो में सीताराम जायसवाल, अश्विनी कुमार, सलीम अंसारी,जाउल अंसारी के नाम शामिल है।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** काराकाट से नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीड़िता की माँ ने एक व्यक्ति पर दर्ज कराया केस। चैनपुर थाना क्षेत्र के काराकाट गांव से एक नाबालिग बच्ची को एक शख्स बहला फुसलाकर प्रलोभन देकर भगा ले गया है। इस संदर्भ में नाबालिग बच्ची के मां ने बताया की रात के समय उनके घर में एक शख्स घुस आया और उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया उन्होंने कई जगह नाबालिग बच्ची की तालाश की पर उसका कोई पता नहीं चला। थाने में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। चैनपुर पुलिस ने लिखित आवेदन के आधार पर यूपी के एक शक्श आरोपी के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस मामले में चैनपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही लड़की को बरामद कर कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम के तहत चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** समाहरणालय परिसर से उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा जिला स्तरीय माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम के तहत ''चुप्पी तोड़ो- स्वस्थ रहो'' अभियान के प्रति आमजनों को जागरूक करने हेतु जागरूकता रथ को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया गया। ''चुप्पी तोड़ो- स्वस्थ रहो'' अभियान के तहत रवाना किए गए इस जागरूकता रथ के माध्यम से किशोरियों एवं महिलाओं, विशेषकर 10-19 आयु वर्ग किशोरियों में स्वच्छता को बढ़ावा देने और उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर उन्हें जागरूक करने का कार्य करेगी। जागरूकता रथ को रवाना करते समय मुख्य रूप से निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, सिविल सर्जन, डॉ अनिल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पाण्डेय, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, प्रदीप कुमार सिंह समेत जिला उद्यान पदाधिकारी, शिव शंकर कुमार, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मुकेश कुमार एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## चैनपुर गांवों में पहुंच विधायक ने विकास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने सोमवार को चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। विधायक ने हर तरह की समस्या का समाधान का आश्वासन दिया। विधायक ने चैनपुर क्षेत्र से दौरे की शुरुआत की। बसरिया कला के ग्रामीणों ने मुख्य पथ से सड़क और नाली गांव तक बनाने की मांग की। बसरिया कला गांव में ही विधायक ने रबदा, कंकारी, चट्टीपार गांव के लोगों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों का कहना है की गांव के मुहल्ले में बरसात के मौसम में चलना काफी मुश्किल हो जाता है। कई वृद्ध व विधवा महिलाओं ने पेंशन नही मिलने की शिकायत की। विधायक ने बीडीओ को इसपर विशेष ध्यान देने को कहा। विधायक ने कहा आपकी समस्या व व्यथा देखने व सुनने आपके द्वार तक पहुंचा हूं। आपकी हर समस्याओं का हर संभव समाधान किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं से कहा कोई भी समस्या हो मुझे तुरंत सूचना दें। इस मौके पर कई लाभुको जनप्रतिनिधि, कई गन्नेवान सभी क्षेत्र के मुखिया और वार्ड पार्षद समेत भारतीय जनता पार्टी के दर्जनों पार्टी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## हरिहरगंज में विधायक की समीक्षा बैठक आज



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह हरिहरगंज ब्लॉक सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को समीक्षा बैठक करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए एनसीपी के जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि विधायक श्री सिंह की अध्यक्षता में आयोजित उक्त बैठक में प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यो सहित अन्य सभी विकास योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान विधायक माँ शांति रेस्टोरेंट में एनसीपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के साथ ही योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पौधारोपण सह स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन




**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में पौधारोपण सह स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड प्रशासन व जेएसएलपीएस संस्था द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में 30 आम,कटहल, पीपल,सागवान के पौधे लगाएं गए। साथ ही प्रखंड व अंचल कर्मियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का दायित्व हर एक नागरिक का है। पर्यवारण संरक्षण को लेकर हम सभी को पौधारोपण के महत्व को समझना होगा। तेजी से प्रदूषित हो रहे वातावरण के कारण लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन नहीं मिल रहा है। इससे लोगों को सांस संबंधित बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। इससे बचाव व पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण के साथ-साथ पेड़ो की कटाई की रोकथाम को लेकर संकल्पित होने की जरुरत है। मौके पर सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, बीपीएम विजय प्रसाद, अशोक दुबे, भरत राम, बजरंग भगत, जगजीवन उरांव, तिवारी भगत सहित प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## रा०म०वि० चितबिश्राम में पौधा रोपण सह पेंटिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पर्यावरण जागृति के तत्वाधान में सोमवार को राजकीय मध्य विद्यालय चितविश्राम परिसर में पौधारोपण व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में अशोक, सहजन, अमला, अनार का पौधा लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण जागृति के वरीय उपाध्यक्ष शिक्षक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग का असर आज पूरी दुनिया पर है, हम इससे अछूते नही हैं. उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये हम सभी को संवेदनशील होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह किसी एक कि समस्या नही है,बल्कि सबकी है तो हमसबों को मिलकर ही समाधान खोजना होगा। शक्षक अखिलेश प्रसाद ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति स्वतः पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रही है.केवल उसे आत्मसात करने की जरूरत है.रामव्यास पांडेय ने लोगो से अधिक से अधिक पौधारोपण करने व उसे बचाने की अपील किया। इसके बाद बच्चों में पर्यावरण व प्रकृति के प्रति संवेदना उतपन्न करने तथा बच्चों की मनोवृत्ति जागृत करने के लिये पर्यावरण प्रदूषण पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 40 प्रतिभागी शामिल हुये। पेंटिंग प्रतियोगिता में वर्तिका ने प्रथम, शिवम पांडेय ने द्वितीय तथा साजन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में संवेदनशील पोस्टर व्योम कृष्णा का घोषित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण जागृति के सचिव कमलेश कुमार पांडेय ने बच्चों की सराहना करते हुये कहा कि आगामी वन महोत्सव पर वृहत रूप से पौधारोपण किया जायेगा। मौके पर पर्यावरण जागृति के सचिव कमलेश कुमार पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद, रामव्यास पांडेय, उपेंद्र चौधरी, शुभम कुमार, अभिषेक कुमार सहित सभी प्रतिभागी व पर्यावरण जागृति के सदस्य उपस्थित थे।

## पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधारोपण जरुरी : प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से व्यवहार न्यायालय में स्थित पुष्प बाटिका में पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे व अन्य न्यायिक अधिकारियों के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पर पीडीजे प्रदीप कुमार चौबे ने कहा कि पर्यावरण पर समस्त जीव का अस्तित्व है। इसलिए हम सभी को पौधा लगाना चाहिए व उसकी सही ढंग से देखभाल भी करने की जरूरतहैं। ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके ।उन्होंने कहा कि पौधे की बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है ।उन्होंने कहा कि सभी लोगो को पौधारोपण ऐसे पुनीत कार्य का स्वयं साक्षी बनना चाहिए। और उसे सुरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर 20 पौधे अमरूद, निम्बू, कामिनी आदि के लगाया गया। इस मौके पर डीजे सन्तोष कुमार, बिनोद कुमार सिंह, अमरेश कुमार,अभिमन्यु कुमार, प्रेमनाथ पाण्डेय, संजय सिंह यादव, सी जे एम निरूपम कुमार, आनन्दा सिंह, शिखा अग्रवाल, अर्पित श्रीवास्तव, परमानन्द उपाध्याय, रितु कुजूर, अमित गुप्ता, मनोज कुमार, सतीश कुमार मुंडा, अमित बंसल, प्रतीक राज, मिस रूबी, मिस अपेक्षा, चन्दन कुमार गोस्वामी, न्यायिक पदाधिकारी के अलावे ब्यवहार न्यायालय कर्मी, अधिवक्ता गण पी एल भी आदि सौकड़ों लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अनुपम देव 10 वर्षों से रियल एस्टेट में काम कर रहे हैं : शाहदेव

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने अशोक नगर में त्रिलौकिक डेवलपर्स के कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। शाहदेव ने बताया कि कंपनी के प्रोपराइटर अनुपम देव उनके छोटे भाई जैसे हैं और इमानदारी से काम करते हुए इन्होंने अपना एक सफल कैरियर बनाया है।कंपनी के प्रोपराइटर अनुपम देव ने बताया कि वे पिछले 10 वर्षों से रियल एस्टेट में काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने मेहनत और ईमानदारी के बल पर आज सफल व्यवसायी हैं और उनके अभी तक के सभी ग्राहक संतुष्ट हैं।उद्घाटन समारोह में कमल कुमार, दिग्विजय शाहदेव, सीमांत लोहानी चित्तु, प्रमोद गुप्ता,कुशल उरांव,दिनेश सिंहदेव, सत्या प्रकाश,अमन शाहदेव,शिव कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन में 12 जून से संचालित होंगे सभी कोर्ट

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट के सभी कोर्ट 12 जून से धुर्वा स्थित नए हाई कोर्ट बिल्डिंग से संचालित होंगे। डोरंडा स्थित पुराने हाई कोर्ट की जगह अब कोर्ट की कार्यवाही धुर्वा स्थित नए भवन से संचालित किए जाएंगे। इस संबंध में झारखंड हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मोहम्मद शाकिर ने आदेश जारी करते हुए राज्य सरकार के सभी विभागों, केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों इत्यादि को पत्र लिखकर सूचित किया है। 600 करोड़ की लागत से बने झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन का उद्घाटन हाल में ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था। नए हाई कोर्ट बिल्डिंग में तमाम आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। पुराने हाई कोर्ट भवन से कोर्ट के सारे महत्वपूर्ण दस्तावेज इत्यादि नए हाई कोर्ट भवन में शिफ्ट भी किए जा रहे हैं।

# पर्यावरणीय जीवनशैली को अपनाने की जरूरत : बादल पत्रलेख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख ने सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस 2023 के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मिशन लाइफ का संदेश यह है कि लोगों द्वारा किए गए छोटे कार्य भी समाज को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें धरती को बचाने के लिए सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार जीवनशैली को अपनाने की आवश्यकता है। मिशन लाइफ सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए जिम्मेदार बनाता है। मंत्री बादल कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में पर्यावरण संरक्षण और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में आम जन-जीवन में पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को अपनाने पर बल दिया गया। मौके पर मिशन लाइफ के अभियान से जुड़ी पुस्तिका का भी विमोचन किया गया।वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. संजय ने कहा कि 'मिशन लाइफ के रूप में वैश्विक पहल जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इसके तहत व्यक्तिगत स्तर पर उठाए गए छोटे कदमों पर खास बल दिया गया है। मिशन लाइफ अभियान को व्यापक जन-समर्थन मिला है। वन विभाग बेहतर पर्यावरण के लिए अभियान की गतिविधियों को निरंतर जारी रखेगा।

झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के अध्यक्ष शशिकर सामंता ने कहा कि यदि हम प्रदूषण-मुक्त एवं खुशहाल समाज की ओर बढ़ना चाहते हैं, तो हमें अपने जीवन में सततशीलता के सिद्धांतों और मानवीय मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता है। मिशन लाइफ नागरिक जुड़ाव और सामूहिक जिम्मेदारियों पर जोर देता है।हम सभी स्टेकहोल्डर्स को बेहतर पर्यावरण और समाज के लिए योगदान करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

## नगर आयुक्त शशि रंजन ने किया वृक्षारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रांची नगर आयुक्त शशि रंजन द्वारा मोरहाबादी स्थित चिल्ड्रेन पार्क परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।मौके पर उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण संतुलन में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। पर्यावरण की सुरक्षा मनुष्य जीवन से जुड़ा विषय है। पर्यावरण का संरक्षण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। हम हर हाल में अपने शहर में हरियाली बनाए रखने की आवश्यकता हैं। हमें आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए पर्यावरण को सुरक्षित करने का संकल्प आज लेना चाहिए। उनके द्वारा आन नागरिकों से भी अपील की गई कि अपने-अपने क्षेत्रों में वृक्षारोपण करें प्लास्टिक का उपयोग ना करें, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शहर की स्वच्छ एवं रमणीक बनाया जा सके। मौके सहायक प्रशासक ज्योति कुमार सिंह, सहायक लोक स्वास्थ पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी, नगर प्रबंधक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

**53 वादों में वृक्षारोपण:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रशासक रांची नगर निगम के आदेशानुसार रांची नगर निगम क्षेत्रर्गत सभी 53 वार्डो में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। प्रत्येक बाद में सफाई के लिए कार्यरत कर्मचारियों द्वारा 15-15 गुण अपने-अपने वार्ड में लगाया गया एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षरोपण किया गया। नागरिकों के बीच पौधा वितरण किया गया और वृक्ष लगाने और अपने आस-पास साफ-सफाई रखने हेतु जागरूक किया गया। इसके अलावा डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण में विशेषकर कूड़ा के पथक्करण की ध्यान रखने तथा सूखा एवं गीला कर को अलग-अलग डस्टबिन में रखने जागरूक किया गया। मिशन लाइव फॉर एनवायरमेंट के अंतर्गत मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रांची नगर निगम के पदाधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा रांची नगर निगम, रांची कार्यालय के सामने पर्यावरण संरक्षण के संबध में शपथ लिया गया। तत्पश्चात् सहायक प्रशासक के नेतृत्व में रांची नगर निगम कार्यालय से परमवीर चक्र विजेता शहीद अलबर्ट एक्का चौक से वापस निगम कार्यालय तक पर्यावरण जागरुकता रैली निकाली गई। मौके पर सहायक लोक स्वास्य पदाधिकारी डॉ किरण कुमारी उपस्थित रहीं।

## वृक्षारोपण के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी : जितेंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के रांची जिला सचिव अजय सिंह उपस्थित रहें। दोनों ने संयुक्त रूप से कहा है, कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण करना जरूरी है। जिस तरह से उद्योग कंपनियां पॉल्यूशन फैला रही है, वातावरण को दूषित कर रही है, पेड़ पौधे विकास के नाम पर काटे जा रहे हैं। इसको लेकर सतर्क रहने के लिए और लोगों के भी जागरूकता फैलाने के लिए जल जंगल जमीन बचाने के लिए हर परिवार को वृक्षारोपण करना होगा, अपने घर आंगन में एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए।

# डेली मार्केट थाना प्रभारी ने किया प्याऊ का व्यवस्था




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** चिलचिलाती धूप एवं भीषण गर्मी को देखते हुए डेलीमार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने रविवार को थाना के सामने आमलोगों व राहगीरो के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करते हुए उपस्थित लोगो व राहगीरो को पानी पिलाकर पनशाला का उदघाटन किया। थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि पनशाला खोलना पूण्य का काम है, प्रतिदिन सैंकड़ो लोग अपने काम से डेलीमार्केट बाजार पहुचते हैं। इन लोगों को पानी पीने की समस्या का सामना करना पडता है। लोगों के परेशानी को देखते हुए शुद्ध स्वच्छ और शीतल पानी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने आगे कहा कि सेवा ही हमारा लक्ष्य है इसलिए हम यहां की जनता के हर सुख दुख में साथ खड़े रहने को तत्पर है पुलिस अपराधियों के प्रति जरूर सख्ती बरतती है पर आम जनता के प्रति संवेदना भी रखती है। इस मौके पर पुअनि प्रदीप कुमार केशरी, अखिलेश ठाकुर, मुंशी एहसान अहमद एवं पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## ब्राउन शुगर और गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गोंदा थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तस्कर भोलू मिर्धा को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 13 पुड़िया ब्राउन शुगर , गांजा 600 ग्राम, 75 हजार 40 रुपये नकद और छह मोबाईल फोन बरामद किया है। सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हातमा से भोलू मिर्धा नामक व्यक्ति अवैध ब्राउन शुगर और गांजा का खरीद बिक्री कर रहा है। सूचना के बाद थाना प्रभारी गोंदा के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर तस्कर को ब्राउन शुगर और गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

## बच्चों के भविष्य को संरक्षित करने के लिए लाभदायक योजना है यूनियन मुस्कान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** यूनियन मुस्कान, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एक महत्वकांक्षी एवं बच्चों के भविष्य को संरक्षित करने के लिए लाभदायक योजना है। यूनियन मुस्कान- ग्राहक परिचर्चा-कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहक एवं उनके बच्चों को बैंकिंग सेवाओं की जानकारी प्रदान करना एवं बच्चों में बचत की आदत विकसित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से योजना के लाभ एवं भविष्य में इससे होने वाले फायदों के बारे बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तथा निर्णायककर्ता द्वारा 0-6, 7-10, 11-18 वर्ष के आयुवर्ग में सर्वश्रेष्ठ चित्रकारी करने वाले पाँच सर्वश्रेष्ठ चित्रकार बच्चों का चयन किया गया तथा आदरणीय अंचल प्रमुख श्री बैजनाथ सिंह द्वारा पाँच सर्वश्रेष्ठ चित्रकार बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागी बच्चों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, राँची क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा यूनियन मुस्कान- ग्राहक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जिसमें यूनियन मुस्कान योजना के बारे में ग्राहकों को विस्तार से बताया गया तथा यूनियन मुस्कान योजना के ग्राहक बच्चों हेतु चित्रकारी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण बेहद जरूरी : मधुसूदन मोदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डेलीमार्केट थाना परिसर में थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों ने मिलकर वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। उक्त मौके पर थाना प्रभारी सहित उपस्थित पदाधिकारी तथा पुलिसकर्मियों द्वारा पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प भी लिया गया।इस दरम्यान थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक कहा कि हम सभी यह तय करें कि हर एक अवसर पर अपने आसपास पेड़ पौधे लगाएं। हम सभी का कर्तव्य बनता है कि वनों की रक्षा करें, साथ ही साथ पेड़ पौधे लगाने का संदेश दूसरों को भी दें एवं प्रेरित करें। ताकि आने वाले पीढ़ी को पर्यावरणीय दृष्टि से तकलीफ ना हो। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण बेहद जरूरी है, साथ ही साथ सभी लोग संकल्प लें, कि अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करेंगे। हमारे पूर्वजों ने वृक्ष लगाए होंगे तभी आज हम सुरक्षित हैं और स्वच्छ हवा में सांस ले रहे हैं। आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ रखने के लिए हमें पौधरोपण कर उनकी देखभाल करनी होगी।इस अवसर पर अनि प्रदीप कुमार केशरी, आदित्य ठाकुर, मुंशी एहसान अहमद, चालक हवलदार गोविंदराम नागवंशी एवं पिलाबल के जवान शामिल थे।

## रांची में चोरी के 101 सिलिंडर बरामद, चार गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : नामकुम थाना पुलिस ने चोरी के 101 पीस गैस सिलिंडर बरामद करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में सुखेदवनगर निवासी बिट्टू कुमार, बरियातू निवासी रमेश कुमार, कोकर तिरिल निवासी निशांत कुमार और बरियातू निवासी पंकज कुमार शामिल है।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने सोमवार को नामकुम थाने में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि खरसीदाग ओपी के एचपी गैस गोदाम कुटियातू से 39 पीस गैस सिलिंडर चोरी होने पर गैस गोदाम के मालिक ने चार जून को प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसके पूर्व में भी सिलिंडर चोरी को लेकर मामला दर्ज कराया गया था। चोरी की घटना को लेकर थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

टीम ने अनुंसधान के क्रम में मिले गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की घटना में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। चोरी किये गये 39 सिलिंडर तथा अन्य 62 सिलिंडर भी इनके निशानदेही पर बरामद किये गये है। चारों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि सिलिंडर नामकुम, खरसीदाग, नगड़ी से सिलिंडर चोरी कर विभिन्न गैस दुकान सहित अन्य लोगों को बेचेते थे।

### डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**रांची:** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे। ईवीएम वेयर हाउस के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि निर्धारित समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

# जमशेदपुर के एसपी का व्यवहार आम जनता से अच्छा नहीं : प्रवीण सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा नेता और पूर्व बिहार विधान परिषद का सदस्य प्रवीण सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि पिछले महीने जमशेदपुर में जो दंगे भड़के थे और इस पूरे घटनाक्रम में आमजन को काफी नुकसान हुआ था । इसी बीच भाजपा के सक्रिय नेता अभय सिंह को जमशेदपुर एसपी प्रभात कुमार द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया और उसे जेल भेज दिया गया । उस पर कई तरह के धाराएं भी लगा दी गई है , जबकि वे पूरे घटना के कार्यक्षेत्र में नहीं थे। इनके मोबाइल का लोकेशन ट्रेस किया जा सकता है । प्रवीण सिंह ने बताया कि वर्तमान एसपी का व्यवहार जमशेदपुर के जनता के साथ अच्छा नहीं है , वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और कई उद्योगपतियों के प्रभाव में हैं, एकतरफा कार्रवाई करते हैं , जिसकी शिकायत डीजीपी से की गई है । बहुत जल्द केंद्रीय गृह मंत्रालय से भी की जाएगी। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है, प्रवीण सिंह ने आगे कहा कि धर्म विशेष पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का विशेष ध्यान है, जबकि एक मंत्री को अपने राज्य के सभी लोगों को एक साथ लेकर चलना चाहिए था, ऐसा वे नहीं कर रहे हैं वह सिर्फ वोट बैंक देख रहे हैं, जिससे जमशेदपुर की जनता काफी आक्रोशित हैं। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के हलदर , विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश मंत्री विरेंदर, अखाड़ा समिति के नरेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# एनटीपीसी ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में योगदा सत्संग महाविद्यालय, रांची के नए परिसर में बड़े पैमाने पर फल देने वाले पौधों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एमवीआर रेड्डी, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों को पर्यावरण शपथ दिलाई।बाद में रेड्डी ने पर्यावरण संरक्षण और संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में फल देने वाले पौधे लगाने की शुरुआत की, जिसके बाद अन्य गणमान्य लोगों ने भी किया।

इस विशेष अवसर पर, अभिजीत घोष, सचिव, श्याम पांडे, प्रधानाचार्य, योगदा सत्संग महाविद्यालय, पद्मा रेड्डी, अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब (एसएलसी), टीके कोनार, जीएम (तकनीकी सेवाएं), श्रीनिवास के मूर्ति, जीएम (एचआर), अरुभा घोष, एजीएम (इंजीनियरिंग), लक्ष्मी मूर्ति, उपाध्यक्ष, एसएलसी, राजेश, सीनियर मैनेजर (ईएमजी), अमित कुमार बेहरा, सीनियर मैनेजर (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन), स्कूल स्टाफ, छात्र और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इसके अलावा, स्वयंसिद्ध लेडीज़ क्लब, एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने आम जनता के बीच वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए आशा होम अनाथालय के निवासियों को पौधे वितरित किए। वितरण पद्मा रेड्डी, अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज़ क्लब के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में महिला क्लब की समिति सदस्यों ने भाग लिया।

पर्यावरण को समर्पित विशेष दिवस पर क्लब के वरिष्ठ सदस्यों ने पौधरोपण को प्रोत्साहित करने के लिए परिसर में पौधरोपण किया।

## बालासोर रेल दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण : बंधु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि उड़ीसा के बालासोर में हुई भीषण रेल दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और इसके लिये जिम्मेदार दोषी तत्वों की पहचान कर उसे सख्त सजा दी जानी चाहिये। तिर्की ने कहा कि सरकार की दोषपूर्ण नीति के कारण इतनी भीषण दुर्घटना हुई है और इसके लिये रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को अपनी जवाबदेही लेनी चाहिये। तिर्की ने कहा कि इस दुर्घटना में झारखण्ड के मृतकों की संख्या चार एवं घायलों की संख्या 61 बतायी जा रही है, लेकिन उन्होंने यह आशंका जतायी कि झारखण्ड के हताहतों की संख्या और भी ज्यादा हो सकती है, क्योंकि हावड़ा से बेंगलुरु, यशवंत नगर जाने वाली ट्रेनों के साथ ही कोरोमंडल एक्सप्रेस में भी यात्रा करने वाले वैसे लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है जो झारखण्ड के होते हैं। तिर्की ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार की ओर से एक उच्चस्तरीय दल को बालासोर में भेजकर झारखण्ड के पीड़ितों को राहत पहुँचाने का अभियान शुरू कर दिया है। तिर्की ने केंद्र सरकार विशेष रूप से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से यह मांग की है कि बालासोर दुर्घटना को देखते हुए उच्च स्तरीय बैठक कर रेलवे सुरक्षा की समीक्षा करने के साथ ही आवश्यक कार्रवाई की जाये।

# पैरेंट्स अपनी रिस्पांसिबिलिटी को कर रहे हैं आउटसोर्स बच्चे के साथ समय व्यतीत करें : एसएसपी

## प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोमवार को रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहर के विभिन्न मीडिया संस्थानों में कार्य करने वाले पत्रकारों के बच्चों को सम्मानित किया गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है. वह जरूरी नहीं है कि किसी प्राइवेट स्कूल में मोटी फीस देकर ही हासिल की जा सकती है. उन्होंने स्वयं अपना उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई सरकारी स्कूल व कॉलेज से की. इस दौरान कुल शुल्क मात्र 365 खर्च हुए. इस उदाहरण के जरिये उन्होंने मीडिया कर्मियों के बच्चों को कहा कि उन्होंने शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन इस सफलता से साथ ही उनकी चुनौतियां भी बढ़ गयी है. इस सफलता को आगे भी मेंटेन करने की आवश्यकता है. इस दौरान एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि आज के दौर में बच्चों के लिए सबसे अधिक आवश्यकता है कि वे अपना फोकस्ड चेंज नहीं करें. कारण है कि आज सोशल मीडिया के दौर में अगर बच्चों के साथ-साथ बड़ों का अगर सबसे अधिक समय की बर्बादी कहीं हो रही है तो वह है सोशल मीडिया. आज हालत यह है कि नेशनल टाइमपास फोन का स्क्रॉल हो गया है. उन्होंने खास तौर पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे बच्चों पर अपनी अपेक्षा नहीं थोपें. बल्कि उनके मजबूत व कमजोर पक्ष को ध्यान में रखते हुए बच्चे को ही अपने करियर का चयन करने की आजादी मिलनी चाहिए.

मौके पर श्री कुमार ने अभिभावकों को कहा कि अभिभावक अपनी जिम्मेदारियों को आउटसोर्स कर रहे हैं. बच्चे को कोचिंग व ट्यूशन भेज कर वे अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ ले रहे हैं. इस पर रोक लगाने पर बल दिया. कहा कि प्रत्येक दिन बच्चे के साथ कम से कम एक घंटे जरूर दें. इसका काफी फर्क बच्चे के व्यक्तित्व पर पड़ेगा. इस दौरान बच्चों को टिप्स देते हुए उन्होंने कहा कि दसवीं के बाद छह साल जबकि बारहवीं के बाद चार साल की तपस्या उन्हें इस लायक जरूर बना देगी कि वे सम्मान के साथ पूरी जिंदगी गुजार सकेंगे.

इससे पूर्व वरीय पत्रकार संदीप सावर्ण ने उद्घाटन भाषण दिया. मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज की रुणा राजीव कुमार, श्रीलेदर्स के प्रमुख व समाजसेवी शेखर डे, आरएसबी की एचआर प्रमुख जया सिंह, लोयोला स्कूल के प्रिंसिपल फादर विनोद फर्नांडिस, लोयोला स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटर फादर जेराल्ड डिसूजा, डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल प्रज्ञा सिंह, प्रभात खबर के संपादक संजय मिश्र, दैनिक भास्कर के संपादक संजय पांडेय, हिंदुस्तान के संपादक गणेश मेहता, उदितवाणी के संपादक उदित अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश राय, ब्रजभूषण राय उपस्थित थे. कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष प्रशांत सिंह, महासचिव अंतरा बोस, वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र शर्मा, आनंद कुमार, राजेश कुमार, मो. अकबर, मो. अमजद खान, बिजेंद्र, भोला प्रसाद, ब्रजेश सिंह, मनोज सिंह, अन्नी अमृता, अरिंदम मजूमदार, कुमुद जेनामनी, सत्येंद्र कुमार समेत कई अन्य पत्रकार उपस्थित थे. मंच संचालन वरीय पत्रकार अंतरा बोस ने किया.

### इन्हें मिला सम्मान

नवल सिंह, स्वास्ति पांडेय, इमरान वकील, धैर्य ठाकुर, रितिका पॉल, उन्नति राय, अंकित भारद्वाज, अध्यय चौधरी, अभिषेक कुमार भट्ट, अदिति कुमारी, डॉ शिवम कुमार, पुष्पम प्रिया, प्रियदर्शी, अमित भूषण, जीवेश कौशल, डॉ अपराजिता कुमारी, नियति पांडेय, फैजान शरीफ, आर्यन राज सिंह ।









### किसी दूसरे से अपनी तुलना नहीं करें : रुणा

मौके पर मौजूद रुणा राजीव कुमार ने कहा कि कभी भी हर बच्चे यूनिक होते हैं. ईश्वर ने हर किसी को खास बनाया है. उन्होंने कहा कि कभी किसी भी दूसरे से तुलना नहीं करें.

### मार्क्स जरूरी है लेकिन वह आपसे ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है : फादर विनोद

लोयोला स्कूल के प्रिंसिपल फादर विनोद फर्नांडिस ने कहा कि छात्र जीवन में मार्क्स जरूरी है, लेकिन वह उतना भी जरूरी नहीं कि बच्चे ज्यादा मार्क्स हासिल करने के चक्कर में दूसरा सब कुछ भूल जाये. उन्होंने तेजी से बदलती दुनिया में किस प्रकार तेजी से बदलाव हो रहा है, उस परिवर्तन के लिए खुद को तैयार रखने का आह्वान किया. वहीं फादर जेराल्ड ने सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता से जुड़ी बातें कही.

### टीचर का रोल हर किसी के जीवन में महत्वपूर्ण : प्रज्ञा सिंह

डीएवी पब्लिक स्कूल बिष्टुपुर स्कूल की प्रिंसिपल प्रज्ञा सिंह ने कहा कि हर किसी के जीवन में टीचर का रोल काफी महत्वपूर्ण होता है. उन्होंने बच्चों को इस देश का सबसे बड़ा धरोहर करार दिया. कहा कि आज के दौर में हैंड होल्डिंग की जरूरत है, अगर बच्चे को सही दिशा दिखा दी जाये, तो वे काफी कुछ अच्छा कर सकते हैं. कठिन वक्त में माहौल के अनुसार एक्ट करने के मामले में उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से सीखने का आह्वान किया.

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस से सीखें : शेखर डे

समाजसेवी शेखर डे ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को देश के महापुरुषों की जीवनी से सीखने की आवश्यकता है. किताबी ज्ञान के साथ ही इस प्रकार की शिक्षा पर भी बल दिया जिससे मानव कल्याण हो सके.

### अवसर की कमी नहीं है, अभिभावक करियर चुनने में आजादी दें : जया सिंह

आरएसबी के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद जया सिंह ने कहा कि आज बच्चों के सामने अवसर की कोई कमी नहीं है. पूर्व में कुछ सेक्टर के बारे में ही लोगों को जानकारी होती थी. उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के करियर के चयन में उन्हें स्वतंत्रता देने की बात कही. साथ ही कहा कि बच्चे विदेश में भी पढ़ें, लेकिन वापस अपने देश में आकर सेवा दें. बुजुर्गों को सम्मान देने का भी आह्वान किया.

## इंटर कॉलेज तिरुलडीह में नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू

**नीमडिह :** झारखंड अधिविद्य परिषद(जैक) द्वारा स्थायी संबद्ध मान्यता प्राप्त ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में स्थित इंटर कॉलेज तिरुलडीह में सत्र 2023-25 के लिए आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स का नामांकन प्रक्रिया 06 जून 2023 से शुरू होगी, एवं नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 तक है। कॉलेज में दाखिला के लिए फॉर्म ऑफलाइन उपलब्ध है। इच्छुक मैट्रिक पास छात्र-छात्राएं सीधे कॉलेज में जाकर शुल्क के साथ डायरेक्ट नामांकन ले सकते है। इंटरमीडिएट आर्ट्स,साइंस और कॉमर्स का नामांकन शुल्क 580 रुपये है। एसटी, एससी छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षण शुल्क में 50 प्रतिशत तक की छूट है। कॉलेज के छात्र-छात्राएं के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। उक्त जानकारी इंटर कॉलेज तिरुलडीह के प्राचार्य उपेन चंद्र महतो ने दी।

## फिजियोथैरेपिस्ट आदित्य कुमार को पितृ शोक

**खरसावां :** कुचाई के प्रखंड संसाधन केंद्र में कार्यरत फिजियोथेरेपी आदित्य कुमार नापित के पिता का निधन रविवार देर रात उनके खरसावां आवास में हो गया। फिजियोथेरेपी आदित्य कुमार के पिता प्रीतवास नापित पूर्व शिक्षक थे। उनकी उम्र 90 साल की थी। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव खरसावां प्रखंड क्षेत्र के दलाईकेला गांव में किया गया है। उनकी निधन से उनके परिवार में शोक की लहर दौड़ रही है। उनके अंतिम संस्कार में बीपीओ नाथो महतो, सीआरपी शीतल प्रसाद साहू, दयाल लेट समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने शिक्षण संस्थानों में वृक्षारोपण कर मनाया पर्यावरण दिवस



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर ने जमशेदपुर हाइ स्कूल एवं जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान के तहत मनाया जा रहा है । इस थीम को ध्यान में रखते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा उक्त समारोह के लिए विशेष रूप से कैनवास से बने हुए बैनरों का प्रयोग किया गया । समारोह में जमशेदपुर हाइ स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी सिन्हा, अन्य शिक्षक शिक्षिका, छात्र- छात्राएं, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार राजेंद्र कुमार जैसवाल, प्रॉक्टर श्री सुधीर कुमार साहू, बैंक ऑफ बड़ौदा, जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, अन्य कार्यपालकगण तथा क्षेत्रीय कार्यालय के स्टाफ सदस्य एवं शाखा के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

## जेएसएसपी ने मॉर्निंग वाकर्स को पौधे भेंट कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व पर्यावरण दिवस 2023 पर जेएसएसपी के स्काउट्स एंड गाइड्स एंड इको क्लब ने प्रभात फेरी निकाला। इस दौरान सुबह में जी टाउन क्लब के पास वॉक करने वालो को पौधे भेंट किए और एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दिखाई जिसमे उन्होंने प्रकृति का पोषण करने की आग्रह की। इसमें 1500 छात्रों और 70 शिक्षकों ने पर्यावरण को बचाने के लिए जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता के शपथ लिया। इसके अलावा, उत्सव में कोलाज मेकिंग और पैम्फलेट डिजाइनिंग प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रीन एनर्जी पर भारत के जी20 सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स पर भी जोर दिया गया, जिसका विषय ग्रीन फ्यूल अल्टरनेटिव्स था। स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी पर जोर दिया। वाइस प्रिंसिपल गुरमीत कौर, कोऑर्डिनेटर तमी सिकदर के साथ रीति झा, अंजनी साह, विकास दास, वंदना तिवारी, इला दास, मुकेश कुमार सिंह और हेमंत रजक के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## दलमा वन विभाग ने जागरूकता रैली का किया आयोजन, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर सोमवार को दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी चांडिल में सुबह वन विभाग द्वारा स्कूली बच्चों के साथ जन जागरूकता रैली निकाली। रैली सहरबेड़ा दलमा के मुख्य द्वार रोड से शुरू होकर फॉरेस्ट चेक नाका माकुलाकोचा में समाप्त हुआ। माकुलाकोचा इको हॉट पर रैली के समापन पर एसबीओ अचिंत कुमार राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया पर्यावरण संरक्षण और बढ़ते प्रदूषण के कारण और निराकरण से अवगत कराया। वन विभाग के प्रभारी फॉरेस्टर सागर श्रीवास्तव ने पर्यावरण एवं भारत सरकार के मिशन लाइफ से संबंधित जानकारी भी दी। इस अवसर पर सहरबेड़ा हाईस्कूल के प्रधानाध्यापिका सुषमा बेनर्जी एसबीओ हरीप्रसाद अग्रवाल,सुराई मार्डी, एवं वन कर्मचारी मार्शल बास्के,छुटु महतो,उपस्थिति थे।

## प्लास्टिक प्रदूषण पुरे विश्व के लिए बहुत बड़ा खतरा : अरुण मिश्रा

### एक पौधा ट्रेन हादसे के मृतकों के नाम लगा आधुनिक पॉवर में मनाया गया पर्यावरण दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सरायकेला-खरसावां जिले की बिजली बनाने वाली कंपनी आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड (एपीएनआरएल) के कर्मचारियों और अधिकारीयों ने एक पौधा बालासोर ट्रेन हादसे में मृत यात्रियों के याद में लगाकर 50वां पर्यावरण दिवस मनाया। सोमवार को कंपनी परिसर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फ़ैलाने के उद्देश्य से एक साइकिल रैली का भी आयोजन किया गया था। उड़ीसा के बालासोर में ट्रेन हादसे में मारे गए यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर उनके नाम का



पौधरोपण भी किया गया। आधुनिक पॉवर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड, पदमपुर के सीईओ सह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण कुमार मिश्रण ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्लास्टिक प्रदुषण पूरे विश्व के लिए बहुत बड़ा खतरा बन गया है और पूरी पृथ्वी को नुकसान पंहुचा रहा है। इस अवसर पर कंपनी में 2400 पौधे रोपे गए जबकि 350 पौधे बांटे भी गए। कंपनी के अधिकारीयों में मुख्य रूप से एम एन सिंह, राजेश शर्मा, अमल वैद्यया, संजीव चौधरी, एसके परवेज, अजय मनोहर बांगड़े, डॉ जी पी मुर्मू, अमित सिंह, संजीत सिन्हा, मनिंदर सिंह, शिरीष वाघमारे, प्रकाश धर, मनोज आचार्य व कमलेश कुमार ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण का कार्य सम्पूर्ण किया। कार्यक्रम का संचालन व मुख्य अतिथि का स्वागत पर्यावरण विभाग के कमलेश कुमार झा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन एसके परवेज ने किया।

## भीषण गर्मी से चौथी कक्षा की छात्रा हुई बेहोश

**राजनगर :** राजनगर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गमदेसाई में चौथी कक्षा की छात्रा माधुरी टुडु भीषण गर्मी के कारण बेहोश हो गई तथा उसकी नाक से खून निकल आया। स्कूल के शिक्षक द्वारा तत्काल बच्ची के माता पिता को फोन पर सूचित किया गया। बेहोश छात्रा राजनगर पंचायत की मुखिया राजो टुडु की बेटी है। छात्रा को तुरंत राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां उसकी इलाज चल रही है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जगन्नाथ हेम्ब्रम ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण बच्ची की यह स्थिति हुई। इस घटना के बाद क्षेत्र में निरंतर बढ़ते गर्मी को देखते हुए अभिभावकों द्वारा गर्मी छुट्टी बढ़ाने की मांग होने लगी है।

## बीको मोड़ से उषा मोड़ तक स्ट्रीट लाइट बनाने का काम युद्धस्तर पर जारी, पुरेंद्र ने किया दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह की पहल के बाद टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया बीको मोड़ से उषा मोड़ तक के खराब पड़े स्ट्रीट लाइट के मरम्मतीकरण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया। इससे पूर्व विद्युत बोर्ड द्वारा उक्त मार्ग पर घोड़ाबाबा मंदिर चौक तथा दुर्गापूजा मैदान के बीच लगाए गए तीन ट्रांसफार्मरों को खराब होने के बाद उसे बदल दिया गया। मरम्मतीकरण कार्य मे जुटे तकनीशियनों ने बताया कि प्रथम दिन



पैनल बोर्ड का काम किया जा रहा है। मंगलवार को सभी स्ट्रीट लाइट की मरम्मतीकरण का कार्य पूरा कर उसे चालू कर दिया जाएगा। विदित है कि उक्त मार्ग पर करीब 250 स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं जिसमे करीब 222 स्ट्रीट लाइट विगत कई माह से बंद पड़ा है।

## डॉ. अजय ने एसएसपी को लिखा पत्र

### कहा- नशे के खिलाफ सख्त अभियान चलाये जिला पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद, आईपीएस डॉ अजय कुमार ने वरीय पुलिस अधीक्षक को एक पत्र लिख कर पूर्वी सिंहभूम जिले में ड्रग्स के धंधे के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाने का अनुरोध किया है. पत्र में डॉ अजय ने कहा है कि थाना क्षेत्रों के लोग बताते हैं कि हालत इतने खराब हैं कि नशे के लत से कई परिवार अपना सब कुछ गवां बैठे हैं। 20 से 30 साल के युवा नशे का ज्यादा शिकार हो रहे



हैं। नशा करने के लिए पहले तो घर से पैसे लेते हैं। जब घर के पैसे खत्म हो जाता है तो फिर घर का सामान बेचना शुरू कर देते हैं। इसके बाद लूटपाट, चोरी, ठगी करने लगते है। रिश्तेदारों से रुपये की मांग की जाती है। उसके बाद अपराध की ओर कदम इनके बढ़ने लगते है। डॉ अजय ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक सभी थाना प्रभारियों को शहर में नशे के खिलाफ गंभीरता से अभियान चलाने का निर्देश दें।

ज्ञापन देने में धर्मेंद्र सोनकर कार्यकारी अध्यक्ष नगर, बब्लू झा जिला उपाध्यक्ष ,राजा सिंह राजपूत सचिव, सुल्तान अहमद , शशि भूषण प्रसाद, अमित दुबे, राइस रिजवी छबन, सफी आज़म, अजितेश् उज्जैन, कृष्णा लोहरा, अनिता, रवि राज, सचिन,लकी शर्मा गोविंद बगदाल नरेश पंचु प्रकाश वर्मा बादशाह खान,सुमित्रा पांडा पूजा डे सविता रॉय नरेश सिंह मनीष मार्डी, अलविन बाजरे जुबेर खान देवराज लागोरी, करण एवम अन्य साथी उपस्थित थे!

## शानदार सेल्टोस ने सिर्फ 46 महीनों में पार किया 5 लाख वाहनों की बिक्री का आंकड़ा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत की सबसे पसंदीदा एसयूवी और किआ इंडिया की पहली और सबसे ज्यादा बिकने वाली प्रीमियम एसयूवी, सेल्टोस ने अपने लॉन्च के सिर्फ 46 महीनों के भीतर ही 5 लाख के बिक्री आंकड़े को पार कर लिया है। आइकॉनिक ब्रांड और ऑरीजनल बैडआस के रूप में विख्यात सेल्टोस ने अगस्त 2019 में किआ के भारत में प्रवेश के साथ अपने सफर की शुरुआत की थी। किआ इंडिया की शुद्ध बिक्री में 55 प्रतिशत का योगदान देते हुए सेल्टोस ने कंपनी की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। घरेलू बाजार में सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी होने के अलावा, भारत में निर्मित सेल्टोस की 1,35,885 इकाइयां पहले ही मध्य पूर्व, अफ्रीका, मध्य एवं दक्षिण अमेरिका, मैक्सिको और एशिया प्रशांत क्षेत्र सहित लगभग 100 से अधिक विदेशी बाजारों में निर्यात की जा चुकी हैं।

## टाटा-कांड्रा मार्ग पर अनियंत्रित मैजिक वैन पलटा, आधा दर्जन यात्री घायल, एक गंभीर

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा- कांड्रा मुख्य मार्ग पर सुधा डेयरी के समीप सोमवार की देर शाम एक अनियंत्रित मैजिक यात्री वाहन पलटने से उसमें सवार करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची आदित्यपुर पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को रेस्क्यू कर इलाज हेतु एमजीएम अस्पताल भिजवाया। इसमे बताया एक यात्री की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, सरायकेला की ओर से आ रहा एक पिकअप वैन का सुधा डेयरी के पास पिछले चक्के का टायर फट गया जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया। उक्त वाहन पर छह यात्री सवार थे जो घायल हो गए। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वैन को जब्त कर लिया है।

## टाटा-बोकारो बस में लगी आग, चालक की सूझबूझ से बची यात्रियों की जान

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर ठनठनी घाटी में सोमवार की शाम करीब 4 बजे टाटा-बोकारो (कल्याणी) बस में अचानक आग लगने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। इस दौरान बस के चालक बुलेट चंद्र महतो की सूझबूझ से सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया एवं कुछ ही देर में धू धू कर बस जलने लगी। करीब 2 घंटे तक लगातार बस के जलने के बाद शाम करीब 6 बजे जमशेदपुर से दमकल वाहन पहुंचने पर आग को बुझाने का कार्य शुरू हुआ। इससे पूर्व करीब 5 बजे घटनास्थल पर पहुंची पटमदा पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से दोनों ओर से वाहनों का आवागमन रोक दिया। पटमदा थाना के अवर निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और इस घटना में जानमाल की कोई क्षति नहीं हुई है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पीडीजे ने पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर सोमवार को क्षेत्र के कई सरकारी एवं निजी संस्थानों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम जिला व्यवहार न्यायालय परिसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार द्वारा पौधरोपण किया गया। पौधरोपण करते हुए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन में वृक्षों की महत्ता का संदेश दिया। इस अवसर पर फैमिली जज राजीव कुमार सिन्हा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम अमित कुमार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-।। कंकन पट्टादार द्वारा भी पौध रोपण किया गया। मौके पर अन्य न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, शशि रंजन, रैफ चांडिल, सूनिल महतो वनपाल एवं न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार ने पर्यावरण का महत्व बताते हुए कहा कि पर्यावरण प्रदूषण के संबंध में लोगों के मध्य जागरूकता अति आवश्यक है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संपादकीय

# पंजाब पुनर्गठन के कसूर

**पंजाब** पुनर्गठन के कई सुराख अब सामने आ रहे हैं और इस तरह हरियाणा और हिमाचल उस दौर की निगाहों से पुनः अपने हक देख रहे हैं। मामला शिकायतों तक रहा या सरकारें केवल मसले को धकियाती रहीं, इसलिए पुनर्गठन के अनुपात बिखरते रहे। समय ने इसी समझौते की खाल उस समय खींची जब उत्तर भारत की नदियों ने साबित किया कि उनका अस्तित्व पहाड़ के दर्द में समाया है या उस वक्त सामने आया जब जमीन के बंटवारे ने पंजाब-हरियाणा के बीच विवादों का समुद्र खड़ा किया। इनसाफ उन समझौतों की आंत में फंसा है जो पंजाब पुनर्गठन से पहले हुए या उस फांस में मौजूद है जो चंडीगढ़ में भी हिस्सेदारी के लिए अड़ा है। पंजाब के पर्वतीय इलाके अपने साथ हिमाचल में एक समृद्ध इलाका ही नहीं लाए, बल्कि 7.19 प्रतिशत की हिस्सेदारी भी लाए, लेकिन हिमाचल के इतिहास के ये पन्ने सुखरू नहीं हुए। उस दौर में किसी को यह चिंता नहीं हुई कि 7.19 प्रतिशत की हिस्सेदारी में स्थापित संस्थानों में हिमाचल के हित लिए जाएं। यह हिस्सा चंडीगढ़ को अगर पंजाब-हरियाणा की राजधानी में कबूल था, तो वहां आज तक हिमाचल के इन्हीं रिश्तों की जमीन क्यों हासिल नहीं हुई। आश्चर्य यह कि जिस दिल की खातिर ये पर्वतीय क्षेत्र हिमाचल की जमीन पर खड़ा होना चाहते थे, उसे भी ऊपरी व निचले क्षेत्रों या पुराने व नए हिमाचल की जागीर में देखते रहे। उस वक्त की चिंताएं केवल सियासी रहीं, लेकिन क्या किसी ने विशाल हिमाचल की परिकल्पना में प्रतिशत से मिले 7.19 प्रतिशत के अधिकार को सीने से लगाया। अगर इसे सीने का दर्द समझा होता तो आज पौंग बांध के बदले हिमाचल में भी आर्थिकी का नया सूर्य उग आया होता। यही 7.19 प्रतिशत हिस्सा शिमला की कई संपत्तियों और चंडीगढ़ की परिधि में हिमाचली अस्तित्व का मुकाम हासिल कर पाया होता। पर्वतीय क्षेत्रों का हिमाचल में आना अगर प्रदेश का गौरव बनाया होता, तो आज जिसे पानी कहते हैं, वह सोना हो जाता। जिस लीज की बुनियाद पर शानन विद्युत परियोजना आज तक हमारी छाती पर आर्थिक मूंग दलती रही, वह पर्वतीय खजाने की इज्जतदार बेटी बनी होती। गौर करें इसी दर्पण की दूसरी ओर खड़े पंजाब पुनर्गठन के सरोकारों को पंजाब आज भी अपनी संपत्ति मान रहा है। गोया कि पुनर्गठन का समझौता केवल उसके लिए खड़ा है। दूसरी ओर हरियाणा के अस्तित्व और दस्तूर को समझे बिना हिमाचल पुनर्गठन के मर्म को नहीं जान सकता। अभी ताजा हिसाब देखें तो पंजाब विश्वविद्यालय में भी हरियाणा अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करना चाहता है, तो क्या हमने ऐसी कोशिश कभी की। बाकायदा विधानसभा में प्रस्ताव पारित करके हरियाणा न केवल पीयू के टैग में हिस्सेदारी चाहता है, बल्कि राज्य के कुछ कालेजों को इसके तहत मान्यता दिलाना चाहता है। हमारी सोच अलग है। हमने कभी यह नहीं सोचा कि चंडीगढ़ की भूमि में हमारा राज्य भी हकदार बने। और तो और हमने तो शिमला विश्वविद्यालय को भी इतना काट दिया है कि अब इसकी प्रतिष्ठा पर भी आंच आ रही है। ऐसे में मंडी विश्वविद्यालय की जरूरत की सौ दलीलें होंगी, लेकिन पिछले चालीस सालों में धर्मशाला में स्थित शिमला विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र को बीच मझधार में छोड़ दिया गया है। पंजाब पुनर्गठन ने हिमाचल में कांगड़ा क्षेत्र का वजूद, सैन्य इतिहास, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि तथा भाषाई आधार मिलाया था, लेकिन क्या यह पूरी तरह संभव हुआ। जिस भाषाई मेलजोल और समीपता से हमने एक समान हिमाचली भाषा तराशनी थी, क्या हम यह सपना पूरा कर पाए, अलबत्ता पर्वतीय संकीर्णता और निर्बलता ने ऐसे क्षेत्रों की बाहुलता में भाषा के सुदृढ़ संपर्कों को नजरअंदाज करने की ठान ली है। चाहे हरियाणा हो या हिमाचल, प्रादेशिक भाषा की पृष्ठभूमि में हम राजनीतिक तौर पर पंजाबी शब्दावली से अपने पहाड़ी अर्थों की समीपता को दूर नहीं कर सकते। जरूरत यह है कि पंजाब पुनर्गठन को फिर से रेखांकित और परिभाषित करते हुए क्षेत्रीय सहयोग-संपर्क के सेतु को मजबूत किया जाए। अतीत में हिमाचल का अपना कोई मीडिया नहीं था, लेकिन अब हिमाचल की बात कहने का सामथ्य और अंदाज बदला है, फिर भी पूरे समाज को यह जान लेना होगा कि प्रदेश के व्यापक हित में कुछ कदम घर से बाहर और संघर्ष के समर्थन में उठाने पड़ सकते हैं।

> उत्तर भारत की नदियों ने साबित किया कि उनका अस्तित्व पहाड़ के दर्द में समाया है या उस वक्त सामने आया जब जमीन के बंटवारे ने पंजाब-हरियाणा के बीच विवादों का समुद्र खड़ा किया। इनसाफ उन समझौतों की आंत में फंसा है जो पंजाब पुनर्गठन से पहले हुए या उस फांस में मौजूद है जो चंडीगढ़ में भी हिस्सेदारी के लिए अड़ा है। पंजाब के पर्वतीय इलाके अपने साथ हिमाचल में एक समृद्ध इलाका ही नहीं लाए, बल्कि 7.19 प्रतिशत की हिस्सेदारी भी लाए, लेकिन हिमाचल के इतिहास के ये पन्ने सुखरू नहीं हुए। उस दौर में किसी को यह चिंता नहीं हुई कि 7.19 प्रतिशत की हिस्सेदारी में स्थापित संस्थानों में हिमाचल के हित लिए जाएं। यह हिस्सा चंडीगढ़ को अगर पंजाब-हरियाणा की राजधानी में कबूल था, तो वहां आज तक हिमाचल के इन्हीं रिश्तों की जमीन क्यों हासिल नहीं हुई। आश्चर्य यह कि जिस दिल की खातिर ये पर्वतीय क्षेत्र हिमाचल की जमीन पर खड़ा होना चाहते थे, उसे भी ऊपरी व निचले क्षेत्रों या पुराने व नए हिमाचल की जागीर में देखते रहे।

## कुछ अलग

# 'दोस्ती' में चौकसी

**भारत** और नेपाल के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रहे हैं, लिहाजा रोटी और बेटी के रिश्ते स्वाभाविक हैं। नेपाल प्राचीन 'अखंड भारत' का ही एक हिस्सा था, लेकिन अब नेपाली राजनीतिज्ञ और आम नागरिक भी इस 'ऐतिहासिकता' से चिढ़ते हैं। अब मानचित्र के आधार पर भी रिश्तों के विश्लेषण किए जा रहे हैं। बल्कि भारत के ही कुछ हिस्सों पर नेपाल आजकल दावा जताने लगा है। यह एक नई किस्म का विवाद पैदा किया जा रहा है। नेपाल का अस्तित्व, भारत के बिना, आधा-अधूरा और डांवाडोल है, यह सोच और अनुभव करने के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' भारत आए हैं। बीती दिसंबर में एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रचंड ने अपना पहला विदेशी प्रवास भारत में किया है। प्रचंड का यह दौरा द्विपक्षीय संबंधों और संवाद की तुलना में कहीं ज्यादा अहम है, क्योंकि 2008 में पहली बार नेपाली प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रचंड की प्राथमिकता चीन की ओर थी। शायद कम्युनिस्ट होने के कारण भी उनकी सोच चीन-केंद्रित थी, लेकिन तब से लेकर आज तक भारत-नेपाल-चीन के समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं। भारत और चीन के संबंधों में कड़वाहट है। तनाव है। 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी के संघर्ष के बाद टकराव और ज्यादा बढ़ा है। दोनों पक्षों के हजारों सैनिक लंबे अंतराल से एक-दूसरे के सामने तैनात हैं। चीन घुसपैठ और अतिक्रमण से बाज नहीं आ रहा है। नेपाल लगातार महसूस करता रहा है कि वह दो महाकाय और शक्तिशाली पड़ोसियों के बीच फंस गया है। एक और समीकरण नई मुश्किलें और पेचीदगियां पैदा कर रहा है। नेपाल अमरीका और चीन के बीच नए 'रणनीतिक युद्धक्षेत्र' के तौर पर उभर रहा है। अमरीका ने नेपाल को 50 करोड़ डॉलर का अनुदान दिया है, लेकिन नेपाल ने 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' आदि के तहत चीन के साथ जिन परियोजनाओं के समझौतों पर हस्ताक्षर कर रखे हैं, अब उन्हें यथाशीघ्र पूरा करने का दबाव चीन बढ़ा रहा है। नेपाल इसे नजरअंदाज नहीं कर सकता, क्योंकि उसकी भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि दिल्ली और बीजिंग से अच्छे और निर्बाध संबंध बरकरार रखना काठमांडू की मजबूरी है। प्रधानमंत्री प्रचंड इन तमाम परिस्थितियों के मद्देनजर भारत आए हैं। इस प्रवास के दौरान दोनों देशों ने सात महत्त्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। बेशक नेपाल भारत का सहोदर-सा है, लिहाजा 1950 से भारत-नेपाल मैत्री एवं शांति संधि दोनों पक्षों के संबंधों का आधार है, लेकिन कुछ फैसलों और रणनीति के मद्देनजर भारत चौकस है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पदभार संभालने के तीन माह बाद ही नेपाल का दौरा किया था। उस प्रथम विदेशी प्रवास के दौरान भारत ने सद्भावना के जो संबंध कायम किए थे, 2015 में नेपाल की नाकेबंदी ने उन्हें पूरी तरह पलट दिया था, लिहाजा भारत इस बार कुछ ज्यादा ही चौकसी बरत रहा है। नेपाल की प्रबल इच्छा थी कि भारत उससे ज्यादा बिजली का आयात करे, लिहाजा तय किया गया है कि भारत नेपाल से 10,000 मेगावाट बिजली का आयात करेगा। भारत-नेपाल के बीच नए रेल लिंक बनेंगे। भारतीय रेल संस्थानों में नेपाली रेलकर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। मोतिहारी पाइप लाइन के प्रभाव को देखते हुए इसे चितवन तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। सिलीगुड़ी से पूर्वी नेपाल तक एक और पाइप लाइन बिछाई जाएगी। नेपाल की गैस और पेट्रोल संबंधी जरूरतें भारत ही पूरी करता रहा है।

## देशहित की नीतियां नहीं अपनाएंगे, तब तक मणिपुर जैसे शर्मनाक हादसे होते रहेंगे

# आरक्षण की आग में जलता मणिपुर

योगेंद्र योगी

> सत्ता के लिए यह रास्ता राजनीतिक दलों को ज्यादा आसान लगता है। जरूरतमंदों के लिए योजनाएं बना कर क्रियान्वित करना टेड़ी खीर है। भ्रष्टाचार के कारण योजनाओं का लाभ पिछड़े और दलितों तक नाममात्र का पहुंच पाता है। यही वजह भी है कि आरक्षण के साथ ही राजनीतिक दल चुनाव के दौरान धनबल से अपने राजनीतिक मंसूबे पूरा करने के प्रयास करते रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा जब्त की जाने वाली हजारों की राशि इसका प्रमाण है। राजनीतिक दलों ने आरक्षण के जरिए सत्ता प्राप्ति का छोटा रास्ता निकाला हुआ है। आरक्षण की बहती गंगा में हाथ धोने से किसी भी दल को गुरेज नहीं है।

**देश** के राजनीतिक दल जब तक आरक्षण की आग में वोटों की रोटी सेकते रहेंगे, तब तक मणिपुर जैसे हादसे होते रहेंगे। आरक्षण की मांग को लेकर मणिपुर जल रहा है। मैतई समाज को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर हिंसा भडक़ी हुई है। इसमें कई लोगों की जानें जा चुकी हैं। दंगाइयों ने भारी संख्या में सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया है। मणिपुर में 16 जिले हैं जिसमें से वैली 10 फीसदी है और यहां पर 53 प्रतिशत मैतेई समुदाय के लोग रहते हैं। इसके साथ ही 90 फीसदी पहाड़ी इलाका है और यहां पर 42 प्रतिशत कुकी, नागा के अलावा दूसरी जनजाति रहती है। गैर-जनजातीय मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार को दिए गए निर्देश के बाद मणिपुर में सांप्रदायिक हिंसा भडक़ गई। 1993 में भी मणिपुर में हिंसा हुई थी, तब एक दिन में नागाओं की तरफ से 100 से ज्यादा कुकी समुदाय के लोगों को मार दिया गया। यह हिंसक घटना जातीय संघर्ष का परिणाम थी। अब एक बार फिर मणिपुर हिंसा से जूझ रहा है, 54 मौतें हो चुकी हैं। मणिपुर का मामला पहला नहीं है, जहां आरक्षण को लेकर देश जला है। इससे पहले भी आरक्षण को लेकर कई हिंसक आंदोलनों में देश जला है। ऐसे हिंसक आंदोलनों में देश को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। ओबीसी आरक्षण के खिलाफ आरक्षण की आग में देश कई बार झुलस चुका है। पहली बार मंडल कमीशन की सिफारिशों को 1990 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने लागू किया तो देश में सवर्ण समुदाय के लोग इसके विरोध में सडक़ पर उतर आए। ओबीसी आरक्षण के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन हुआ। इसके विरोध में आत्मदाह और ऐसी कई घटनाएं सामने आईं। कई जगह आगजनी-तोडफ़ोड़ तक हुई। वर्ष 2016 में हुए जाट आंदोलन के दौरान काफी हिंसा हुई थी। आंदोलनकारियों ने जाट समुदाय को ओबीसी में शामिल करने की मांग को लेकर काफी विरोध प्रदर्शन किया था। हरियाणा में जमकर हिंसा, आगजनी व तोडफ़ोड़ हुई थी। इस हिंसक आंदोलन में 30 लोगों की जान चली गई। गुजरात में पाटीदार समुदाय के लोगों ने ओबीसी में शामिल करने को लेकर 2015 में सबसे बड़ा प्रदर्शन किया था। गुजरात में हिंसा और आगजनी की घटनाएं सामने आईं। इलाके में कफ्र्यू




लगाना पड़ गया था। प्रदर्शनकारियों ने सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया था। हरियाणा के जाट आरक्षण आंदोलन में करीब 34 हजार करोड़ का नुकसान हुआ था। देश में अब तक आरक्षण आंदोलन से लाखों करोड़ का नुकसान हो चुका है। राजनीतिक दल इसकी भरपाई भी देश के आम लोगों से ही करते हैं। आरक्षित वर्ग भी इससे अलग नहीं है। आर्थिक नुकसान से भरपाई के लिए बढ़ाए गए टैक्स की मार उन पर भी पड़ती है। गुर्जर आंदोलन : आरक्षण की मांग को लेकर राजस्थान में गुर्जर समुदाय ने काफी दिनों तक प्रदर्शन किया था। आंदोलनकारियों ने लंबे समय तक रेलवे ट्रैक को जाम रखा। इसका प्रभाव भी पूरे देश पर पड़ा था। पुलिस और आंदोलनकारी आमने-सामने आ गए थे। इस आंदोलन के दौरान गोलीबारी की भी घटना सामने आई थी। इसमें 20 लोगों की जान चली गई थी। मराठा आंदोलन : महाराष्ट्र में मराठा आंदोलन काफी चर्चा में रहा है। आंदोलनकारियों ने हिंसक झड़प में आगजनी और तोडफ़ोड़ की घटनाओं को अंजाम दिया था। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में निषाद आरक्षण आंदोलन के चलते एक सिपाही को अपनी जान गंवानी पड़ी। विकास के बजाय आरक्षण राजनीतिक दलों के सत्ता पाने का आसान रास्ता बना हुआ है। देश में आरक्षण के हिंसक इतिहास के बावजूद राजनीतिक दल इसे खोना नहीं चाहते। देश के करीब आधा दर्जन राज्य ऐसे हैं, जो 50 फीसदी आरक्षण का दायरा बढ़ाने के पक्ष में खड़े हैं, ताकि उनका राजनीतिक और सामाजिक समीकरण मजबूत हो सके। इनमें महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु, झारखंड और कर्नाटक जैसे राज्य शामिल हैं। कर्नाटक ने भी आरक्षण बढ़ाया था। इसके अलावा बिहार, मध्य प्रदेश और अब छत्तीसगढ़ में भी आरक्षण बढ़ाने की मांग ने जोर पकड़े हुए है। इतना ही नहीं राजनीतिक दल वोटों की खातिर नौकरियों में भी अपने राज्य के लोगों के लिए आरक्षण लागू करने में पीछे नहीं रहे हैं। इससे लगता है कि क्षेत्रीय पार्टी भारत का हिस्सा होने के बजाय स्वतंत्र राष्ट्र हैं। राज्यों में निवासियों के लिए रोजगार आरक्षण विधेयक लाया गया है। ऐसा करने वाला झारखंड देश का सातवां राज्य है। इससे पहले आंध्रप्रदेश, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक व बिहार में भी यह नियम लागू किया गया है। देश की एकता-अखंडता और सौहार्द के बजाय राजनीतिक दलों की किसी भी सूरत में सत्ता पाने की महत्वाकांक्षा ने खून-खराबे, तोडफ़ोड़ और हिंसा को जन्म दिया है। आरक्षण आंदोलनों से न सिर्फ हजारों करोड़ की सरकारी-गैर सरकारी संपत्ति का नुकसान हुआ है, बल्कि देश में जातिवाद की जहरीली जड़ों को सींचने का काम किया गया है। हकीकत में राजनीतिक दलों का पिछड़ी और दलित जातियों की भलाई से सरोकार नहीं है। यदि ऐसा होता तो आजादी के 75 साल बाद देश में कोई दलित और पिछड़ा नहीं रहता। इन जातियों और समुदायों के लिए विशेष योजनाओं को लागू करके इन्हें देश की मुख्य धारा में शामिल करने के गंभीर प्रयास करने के बजाय राजनीतिक दलों ने आरक्षण के जरिए देश के आंतरिक विभाजन को हवा दी है। सत्ता के लिए यह रास्ता राजनीतिक दलों को ज्यादा आसान लगता है। जरूरतमंदों के लिए योजनाएं बना कर क्रियान्वित करना टेड़ी खीर है। भ्रष्टाचार के कारण योजनाओं का लाभ पिछड़े और दलितों तक नाममात्र का पहुंच पाता है। यही वजह भी है कि आरक्षण के साथ ही राजनीतिक दल चुनाव के दौरान धनबल से अपने राजनीतिक मंसूबे पूरा करने के प्रयास करते रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा जब्त की जाने वाली हजारों की राशि इसका प्रमाण है। राजनीतिक दलों ने आरक्षण के जरिए सत्ता प्राप्ति का छोटा रास्ता निकाला हुआ है। आरक्षण की बहती गंगा में हाथ धोने से किसी भी दल को गुरेज नहीं है। बेशक यह रास्ता देश में सामाजिक भेदभाव, कटुता और दूरियां बढ़ाने वाला ही क्यों न हो, किन्तु राजनीतिक दलों को यह मुफीद लगता है। यह निश्चित है कि देश के राजनीतिक दल अपने क्षुद्र स्वार्थों से ऊपर उठकर जब तक समग्र रूप से देशहित की नीतियां नहीं अपनाएंगे, तब तक मणिपुर जैसे शर्मनाक हादसे होते रहेंगे।

# प्रकृति संरक्षण के लिए बनना होगा प्रकृति मित्र

> जितना संभव हो, उतने पेड़-पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने का भाव मन में जागृत होना आवश्यक है। अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने के प्रयास करें, प्लास्टिक का उपयोग करने से बचें और दूसरों को भी जागरूक कर पुनीत कार्य के भागीदार बनना चाहिए। हवा में जहरीली लहरें बह रही हैं। जहरीली गैसों की मात्रा को कम करने के लिए सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करना समय की आवश्यकता है। इस ओर हमें बढ़ना होगा तथा जल का संतुलित रूप से उपयोग कर धरा के रक्त को संचयित रखना होगा। तभी प्रकृति रहने लायक रह पाएगी, अन्यथा आने वाले समय में ग्लोबल वार्मिंग से जीवन संकट में पड़ते समय नहीं लगेगा। इसका जीता-जागता उदाहरण हमारे समक्ष मौजूद है, मई-जून में भारी बारिश व बर्फबारी इसी का परिणाम है। हमें अब सचेत हो जाना चाहिए।

**प्रकृति** के संरक्षण हेतु आज पूरा विश्व नए चिंतन मंथन कर आगे की राह पर अग्रसर है। हमारी भारतीय संस्कृति में तो प्रकृति को मां की संज्ञा प्राप्त है। यहां नदी को मां कहते हैं तथा पहाड़ों को, पेड़ों को पूजा जाता है। हमारी जीवनशैली प्राचीन काल से ही प्रकृतिमैत्री की रही है। विश्व में पर्यावरण संरक्षण के विषय में जागरूक करने हेतु पांच जून का दिन चुना गया है। पर्यावरण दिवस संपूर्ण विश्व के लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करता है। विश्व में पहली बार सन 1974 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया गया था। सन 1972 में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण राजनीतिक विकास के लिए सर्वप्रथम सम्मेलन 5 से 16 जून तक स्वीडन, स्टॉकहोम में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन का लक्ष्य मानव पर्यावरण को संरक्षित और बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण पाना था। सम्मेलन में ही संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक तिथि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में निर्धारित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस आयोजन के लिए हर साल एक नई थीम चुन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करने हेतु तय हुआ। यह दिवस हमें पर्यावरण के प्रति हमारे कर्तव्यों, जिम्मेदारियों को याद दिलाकर हमें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए अभिप्रेरित करता है। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पर्यावरण के संतुलन को बिगाड़ती है। वर्तमान समय में जिस प्रकार से मानव लगातार वनों को काटकर आवासीय भूमि, फ्लैट एवं फैक्ट्री आदि लगा रहा है जिससे पर्यावरण को बहुत ही नुकसान पहुंचता है। यदि हमें पर्यावरण को बचाना है तो वनों एवं वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पर तत्काल प्रभाव से रोक लगानी होगी। पर्यावरण की अनुकूलता को ध्यान में रखते हुए हमें सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करते हुए पर्यावरण के अनुकूल पुनर्नवीकरणीय (ऐसे पदार्थ जो रीसाइकिल हो जाएद्ध) ऐसे उत्पादों का प्रयोग करने पर जोर देना चाहिए। सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है क्योंकि यह सिंगल यूज प्लास्टिक सैकड़ों साल तक भूमि में गलती नहीं है। इसलिए हमें सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर मिट्टी के बने कुल्हड़, तेंदूपत्ता से बने दोना-पत्तल इत्यादि का प्रयोग विभिन्न प्रकार के आयोजनों (विवाह, पार्टी एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों) आदि में करना चाहिए। क्योंकि मिट्टी से निर्मित कुल्हड़, तेंदूपत्ता से बने दोना-पत्तल इत्यादि आसानी से भूमि में गल (री साइकिल) जाते हैं। यही कारण है कि मिट्टी से निर्मित कुल्हड़, तेंदूपत्ता से बने दोना-पत्तल से पर्यावरण को कोई भी हानि नहीं पहुंचती है। इसलिए हमें इनका अधिक से अधिक उपयोग शादी समारोह, सामाजिक कार्यक्रमों, सरकारी कार्यालयों, निजी कार्यालयों, यात्रा करते समय, बस स्टॉप, रेलवे स्टेशनों एवं फैक्ट्री इत्यादि में खानपान में करना चाहिए। पृथ्वी पर यदि जीवन संभव है तो इसके पीछे सबसे बड़ा कारण हरे-भरे वृक्ष एवं वन इत्यादि ही हैं क्योंकि मनुष्य एवं अन्य प्राणियों को जीवित रहने के लिए प्राणवायु ऑक्सीजन हमें वृक्षों से ही मिलती है। वृक्षों से हमें केवल ऑक्सीजन ही नहीं मिलती है अपितु इनका उपयोग अनेक प्रकार की जलजनित बीमारियों के उपचार में भी किया जाता है। अतः हमें वृक्षों के महत्व को समझते हुए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए एवं पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए सभी लोगों को वनों की कटाई को बंद कर देना चाहिए क्योंकि वन एवं हरे-भरे वृक्ष न केवल वर्षा में सहायक है अपितु ये भूमि के कटान को भी रोकने में सहायक हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि हरे-भरे वृक्ष पर्यावरण के परम मित्र हैं। हमें स्वयं से शुरुआत कर औरों को भी प्रेरित कर कचरा रिसायकल की प्रक्रिया को अपनाना चाहिए, साथ में ही वर्षा जल-संचयन प्रणाली का उपयोग मुख्य रूप से किया जाना चाहिए ताकि जल की उपलब्धता सुनिश्चित रहे। भूमि की उपजाऊ क्षमता हेतु जैविक खाद का उपयोग महत्वपूर्ण रूप से करना आवश्यक है अन्यथा जमीन में दिन-प्रतिदिन जहर घुलता जा रहा है जोकि मनुष्य व प्रकृति दोनों के लिए घातक है। जितना संभव हो, उतने पेड़-पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने का भाव मन में जागृत होना आवश्यक है। अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने के प्रयास करें, प्लास्टिक का उपयोग करने से बचें और दूसरों को भी जागरूक कर पुनीत कार्य के भागीदार बनना चाहिए। हवा में जहरीली लहरें बह रही हैं। जहरीली गैसों की मात्रा को कम करने के लिए सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करना समय की आवश्यकता है। इस ओर हमें बढ़ना होगा तथा जल का संतुलित रूप से उपयोग कर धरा के रक्त को संचयित रखना होगा। तभी प्रकृति रहने लायक रह पाएगी, अन्यथा आने वाले समय में ग्लोबल वार्मिंग से जीवन संकट में पड़ते समय नहीं लगेगा। इसका जीता-जागता उदाहरण हमारे समक्ष मौजूद है, मई-जून में भारी बारिश व बर्फबारी इसी का परिणाम है। हमें सचेत होना होगा।



## नागरिक बोध

# जलता हुआ दीप दूसरे दीपो को जला सकता है

**बुझा** हुआ दीप अंधेरे में ही पड़ा रहता है। इसलिए प्रज्वलित दीपक बनो।संसार मे ज्योति बनकर जियो। ताकि अंधेरे को रोशनी में बदल सको।कोयला बनकर मत जिओ। जो पड़ा पड़ा सुलगता रहे। धुंआ उगलता रहे।जिंदगी बहुत मूल्यवान है।इसका एक एक पल इतना महत्वपूर्ण है कि हम इन पलो में शताब्दियों का इतिहास रख सकते है युग की धारा बदल सकते है। बस, आवश्यकता है उत्साह की,उल्लास की,और जीवन मे कुछ न कुछ नव निर्माण करने के शुभ संकल्प की।जिंदगी का अर्थ है उत्साह और साहस।आज वर्तमान में देश मे भयावह स्थिति है।वह हमारे सामने है। आज देश मे विद्वेष की राजनीति चल रही है।गुंडागर्दी की असभ्य भाषा चल रही है।ताश के पत्तो की तरह सरकार बदल रही है दूसरी तरफ़ अधर में लटकी चरमराती सरकार बन रही है।न ही नैतिक मूल्य है और न ही कोई सिद्धांत और न ही कोई नीति।आत्म सम्मान खोकर सभी सता का खेल रहे है। राजनीति दिशाहीन हो रही है।नैतिक मूल्यों का विध्वंस हो रहा है।राजनेता धन और सता के पीछे पागलों की तरह दौड़ रहा है।सत्ता और धन की तृष्णा कभी शांत नही होती।अपार वैभव पाकर भी मनुष्य का मन भूखा, व्याकुल और दरिद्र बना हुआ है।सत्ता की कुर्सी पर बैठकर उसे कभी छोड़ना नही चाहता है।अपना सबकुछ दांव पर लगाकर कुर्सी का दावा छोड़ना नही चाहता है।महत्वहीन यक्तित्व महत्व कांक्षा की दौड़ में इसके घोड़े बने हुए है।इस प्रकार सत्ता और धन का महा भारत आज मच रहा है।आज असीमित धनाकांशा ,भोगलिप्सा और स्वार्थवादी मनोवृति के कारण मनुष्य मनुष्य के कारण संवेदना शून्य बन गया है। भावनाहीन बन गया है।नेता विदेश में जाकर सतारूढ़ सरकार के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर भारत को बदनाम कर रहे है।भाषा का तालमेल नही है।विपक्ष सतारूढ़ सरकार पर हमलावर हो रहा है।धर्म के नाम पर बहस चल रही है।दिलीलो में अपने अपने धर्म को महान बताकर समाज में दीवार खड़ी की जा रही है।मनुष्य जितना स्वार्थी आज के समय मे है। वह पौराणिक काल मे भी नही हुआ होगा। लोग भावनाहीन बनते जा रहे है। ममनुष्य आज स्वार्थी बना है। इतना पौराणिक काल मे भी इतना स्वार्थी और क्रूर नही हुआ होगा । आज का नेता अभिनेता की भांति तरह तरह का चरित्र जी रहा है। ऐसे समय मे हमारा कर्तव्य है कि जीवन मे आशावादी बनकर,मानवतावादी बनकर जिये। देश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति आस्था और आशा जगाए,संकल्प और पुरुषार्थ जगाए। केवल अपने लिए नही जिये। देश मे विरले ही नेता है जिन्होंने देश के लिए घर बार छोड़ दिया। मोदी और योगी दिग्गज नेताओं को अपने परिवार कीकोई चिंता नही है। उनके लिए देश ही सर्वोपरि है। दुसरो के लिए भी जिये। अपने स्वार्थ को परमार्थ में बदले। अगर समाज और राष्ट्र सुखी होगा तो मनुष्य भी सुखी रहेगा।मनुष्य राष्ट्र के मंदिर की ईंट है। यदि पूरा मन्दिर सुरक्षित रहेगा तो ईंट स्वयं सुरक्षित रहेगी। अपना दृष्टिकोण व्यापक बनाये।

## देश दुनीया से

# बरसात में नगरपालिका

> जनता ने कहा यह संजीदा मामला है अध्यक्षजी, जब भी बारिश होती है पानी ऐसे ही रुक जाता है। चार साल पहले नगरपालिका ने सीमेंट का फर्श डलवाया था, तब से हर साल बरसात के मौसम में पानी दुकानों में घुस जाता है। अध्यक्ष ने स्पष्ट घोषणा की, जब फर्श डाला गया था तब दूसरी पार्टी की सरकार थी और हम भी तो अध्यक्ष न थे। घबराएं नहीं, हमने इस समस्या को अच्छी तरह पकड़ लिया है, जिस पर गहन विचार किया जा रहा है, पानी की ज्यादा बेहतर निकासी के लिए उम्दा योजना बनाई जा रही है। फिलहाल नालियां साफ करने का आदेश दे दिया है। दुकानदारों ने कहा पांच साल से ऐसा ही हो रहा है। पुरानी बुरी बातें भूल जानी चाहिए, अध्यक्ष ने कहा, हम समय निकाल कर देखेंगे कि पहले क्या क्या गलत हो चुका है। आपको यह जानकर खुशी होगी, कामकाज दोबारा शुरू हो चुका है और हमने इस मामले को राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अंतर्गत ले लिया है। हम क्षेत्र की साफ-सफाई के बारे में बहुत अच्छे तरीके से बैठकें करने जा रहे हैं जिसमें गहन विचार विमर्श किया जाएगा। आपको पता ही है अच्छे काम को बढ़िया तरीके से करने में वक्त तो लगता ही है। यह तो नीली छतरी वाले की गलती के कारण बारिश ज्यादा हो गई, नहीं तो आपको कोई दिक्कत नहीं होती, प्राकृतिक आपदा के सामने किसका बस चलता है।

**इंसानों** द्वारा किए जा रहे हवन के धुंए से प्रसन्न या कुपित होकर इंद्रदेव ने खूब पानी सप्लाई कर दिया। कई दुकानों में तो अन्दर तक पानी भर गया। दुकानदारों ने म्युनिसिपल कमेटी में फोन किया तो समझाया गया कि कुछ कर्मचारी छुट्टी पर हैं, बाकी शहर को हरा भरा बनाने के लिए वृक्षारोपण में अति व्यस्त हैं। हिम्मत कर अध्यक्ष को फोन किया तो उन्होंने सुना नहीं। पार्षद राजा को किया तो उन्होंने झट से काट दिया। काफी देर बाद बड़ी मुश्किल से पांच बंदे इकट्ठे होकर अध्यक्ष महाराज के दरबार में हाजिर हुए, शुक्र है जनाब मिल गए। उन्होंने अपना चश्मा हाथ में पकडक़र बड़े अदब से बताया, सरजी मैं तो मंत्रीजी को पौधे पकड़ा रहा था, उन्होंने पूरे एक सौ एक पौधे लगाए, आपको पता ही है चाहे कुछ भी हो जाए, हम सबने मिलकर अपना पर्यावरण तो बचाना ही है, आप लोगों की क्या सेवा करूं। आम लोगों ने खास बंदे से गुजारिश की, जनाब आप खुद चलकर देखें, बारिश के दो दिन बाद भी बाजार में इस समय डेढ़ फुट पानी खड़ा है। ग्राहक गायब, बिजनेस ठप्प, लोग हाथ में जूते उठाकर चल रहे हैं। घरों के बाहर भी पानी है, निकासी नहीं हो रही। अध्यक्ष बोले सकारात्मक सोचो मित्रो, कितना आशीर्वाद दिया इंद्रदेवजी ने, आपके घर के बाहर पानी है। आपके घर में अगर सब ठीक है तो बच्चों को बोलो कागज की कश्तियां बना कर पानी में तैराएं। इस मौके पर आपको भी अपना बचपन याद आ जाएगा। जनता ने कहा यह संजीदा मामला है अध्यक्षजी, जब भी बारिश होती है पानी ऐसे ही रुक जाता है। चार साल पहले नगरपालिका ने सीमेंट का फर्श डलवाया था, तब से हर साल बरसात के मौसम में पानी दुकानों में घुस जाता है। अध्यक्ष ने स्पष्ट घोषणा की, जब फर्श डाला गया था तब दूसरी पार्टी की सरकार थी और हम भी तो अध्यक्ष न थे। घबराएं नहीं, हमने इस समस्या को अच्छी तरह पकड़ लिया है, जिस पर गहन विचार किया जा रहा है, पानी की ज्यादा बेहतर निकासी के लिए उम्दा योजना बनाई जा रही है। फिलहाल नालियां साफ करने का आदेश दे दिया है। दुकानदारों ने कहा पांच साल से ऐसा ही हो रहा है। पुरानी बुरी बातें भूल जानी चाहिए, अध्यक्ष ने कहा, हम समय निकाल कर देखेंगे कि पहले क्या क्या गलत हो चुका है। आपको यह जानकर खुशी होगी, कामकाज दोबारा शुरू हो चुका है और हमने इस मामले को राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अंतर्गत ले लिया है। हम क्षेत्र की साफ-सफाई के बारे में बहुत अच्छे तरीके से बैठकें करने जा रहे हैं जिसमें गहन विचार विमर्श किया जाएगा। आपको पता ही है अच्छे काम को बढ़िया तरीके से करने में वक्त तो लगता ही है। यह तो नीली छतरी वाले की गलती के कारण बारिश ज्यादा हो गई, नहीं तो आपको कोई दिक्कत नहीं होती, प्राकृतिक आपदा के सामने किसका बस चलता है। हमने मेहनत कर महामारी पर भी काबू लगभग पा ही लिया है। आप भी ध्यान रखें। दुकानदारों ने वापस बाजार पहुंच कर देखा तो बच्चे बारिश के पानी में कागज की कश्ती से खेल रहे थे।

# उपायुक्त ने की शिक्षा विभाग की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में दिन सोमवार समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पोशाक वितरण, छात्रवृति, मध्याह्न भोजन योजना के क्रियान्ववयन समेत शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे अन्य कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रखंडों में ई विद्यावाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी छात्रों को पोशाक एवं छात्रवृत्ति योजना के लाभ से जोड़ना सुनिश्चित करें। उपायुक्त लातेहार ने निर्देश दिया कि विद्यालयों का सही तरीके से संचालन कर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायें। उन्होंने पठन -पाठन एवं रिजल्ट में सुधार हेतु विभिन्न दिशानिर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि इस योजना का विद्यालय स्तर पर सही तरीके से क्रियान्वयन कर छात्रों को इसका समुचित लाभ छात्रों को प्रदान करें। उपायुक्त ने विद्यालय स्तर पर एल्बेण्डाजॉल एवं आयरन की गोली के वितरण के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि छात्र -छात्राओं के द्वारा इसका सेवन भी सुनिश्चित करायें द्यबैठक में उप, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलको, एडीपीओ, एपीओ, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पर्यावरण सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम घुटुआ (लातेहार) में पीरामल स्वास्थ्य के अनामाया गांधी फैलो- हेमलता, सृजानी, प्रतीक, रत्नांका, आरती और तेजस्विनी परियोजना की किशोरियों के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों के बीच पर्यावरण को बचाने हेतु प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया गया। वहीं उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण सुरक्षा में अपना सहयोग करने की सहमति दी। साथ ही सभी गांधी फेलो ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पर्यावरण सुरक्षा हेतु पौधा रोपण भी किया जिसमें आम, सीसल, कटहल, लीची आदि के पौधों का रोपण किया गया, ग्रामीणों ने इन पौधों की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी ली और पर्यावरण को बचाने की शपत ली।इस मौके पर मोंगर ग्राम पंचायत की मुखिया रमली देवी, तेजस्विनी परियोजना के मिथलेश शर्मा, कृष्ण यादव, राजकुमार, जया कुमारी, सुनैना एवम् रावली मिश्रा उपस्थित थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बेतला वन प्रक्षेत्र में कई कार्यक्रम किया गया आयोजित



**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बेतला वन प्रक्षेत्र के बेतला नेशनल पार्क परिसर में वन कर्मियों के द्वारा साफ सफाई का कार्य किया गया ताकि बेतला नेशनल पार्क आने वाले पर्यटकों को सुंदरता से अवलोकन कर सके साथ ही कार पार्किंग की भी साफ सफाई किया गया प्रभात फेरी भी निकाल कर क्षेत्र वासियों को वन और पर्यावरण की रक्षा पर ध्यान आकर्षित कराने व वन संपदा को कैसे बचाया जा सके उसी को लेकर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नेचर ट्रेल साथ ही स्थानीय सरकारी विद्यालयों के छात्र छात्राओं को बेतला के एनआईसी संभागार में डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से जागरूक करने का काम किया गया इस दौरान वन कर्मियो में संतोष कुमार,गुलसन सुरीन, निरंजन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# जनता दरबार का हुआ आयोजन



**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उपायुक्त और बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के निर्देशानुसार सोमवार को सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन पंचायत स्तरीय पंचायत सचिवालय सभागार में आयोजित कि गई जहां बेतला पंचायत सचिवालय के सभागार में पंचायत के जनप्रतिनिधि मुखिया मंजू देवी, पंचायत सचिव फेकू मोची, रोजगार सेवक ताहिर हुसैन की मौजूदगी में विभिन्न गांवों से आये हुए ग्रामीणो की समस्यायों से अवगत हुए। इस दौरान मौके पर पूर्व मुखिया संजय सिंह, आवास मित्र उमेश कुमार बैठा, अख्तर हुसैन, ग्राम प्रधान इदरीस अंसारी, अकरम अंसारी, प्रमोद रजक, रामनिवास पाठक, विक्रम राम समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# 8 वीं बोर्ड परीक्षा 2023 में शिशु मन्दिर बालूमाथ का परीक्षाफल शत-प्रतिशत





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** 8 वीं बोर्ड परीक्षा 2023 में शिशु मन्दिर बालूमाथ का परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा। बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मूरत यादव सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चे 8वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्णता प्राप्त किये हैं। कुल 28 बिद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिनमें 6 बिद्यार्थी सभी विषयों में + प्राप्त किये, 15 बिद्यार्थी चार विषयों में + तथा 7 बिद्यार्थी तीन विषयों में+ प्राप्त किये हैं। सभी विषयों में,+ प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में प्रियांशु कुमार, छोटी कुमारी, उमाशंकर कुमार, रिशु कुमार, मिकलेश यादव व सत्यम कुमार के नाम शामिल हैं।ज्ञात हो कि इसी वर्ष मैट्रिक की परीक्षा में राजकीय कृत उच्च विद्यालय का टॉपर छात्र रिशु कुमार 472 अंक, और इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय की सेकंड टॉपर, संध्या गुप्ता 460 अंक और पुष्पा कुमारी 451 अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं भी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर बालूमाथ से ही प्राप्त की थीं।प्रत्येक वर्ष मैट्रिक और इंटर टॉपर विद्यार्थियों में शिशु मन्दिर बालूमाथ के छात्र अवश्य रहते हैं। वही विद्यालय के प्राचार्य अवनिकान्त पाठक, आचार्य दीपक कुमार, शिक्षिका निहारिका मिश्रा, अनिता देवी, आशीष पाठक समेत कई शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। इसके अलावा शिक्षक निर्मल सिन्हा, समाजसेवी शैलेश सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार, पूर्व उप प्रमुख संजीव सिन्हा, रविन्द्र सिन्हा, रामजी सिंह, अरबिंद साहू, लवकेश सिंह, संतोष सिन्हा, शशि भूषण गुप्ता, जगरनाथ यादव, रामदर्शन तिवारी, रति गंझू ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# घर घर जल नल टंकी गांव की बनी शोभा, ग्रामीणों में आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत के विष्णापुर गांव में लगाए गए घर घर जल नल का बोरिंग सक्सेस नहीं है। 100 घरों का बस्ती है विष्णुपुर जिसमें 35 घर के ही लोग लें पाएंगे जल नल योजना का लाभ आवंटन 300000 रुपए से कम की लागत से ही बनाई जा रही है जल नल का पानी टंकी। उसके बाद टंकी तैयार कर आधे अधूरे खड़ा किया हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी लगाया गया जो गांव की शोभा बढ़ाने के लिए है। बोरिंग में पानी नहीं है जिससे बनाए गए जल मीनार टंकी का भी काम अधुरा है। ग्रामीणों ने जब इसकी शिकायत काम करवा रहे ठेकेदारों से कीया। तो टाल बटाल कर समय को बिता दिया। इसकी जानकारी जब ठेकेदारों से लि गई। तो उन लोगों ने बताया कि एलॉटमेंट नहीं रहने के कारण दुसरी बोरिंग नहीं हो पाया। बहुत जल्द बोरिंग करवा कर जल नल को चालू करवाया जाएगा। अब ग्रामीणों का कहना है कि इतनी गर्मी में हम सभी को पानी नहीं मिला। तो अब बरसात का पानी भरकर घर-घर जल नल में पहुंचाया जाएगा। और भी ग्रामीणों का कहना है कि यदि गर्मी में हम सभी को पानी की व्यवस्था नहीं हुई।तो लगाए गए जल मीनार उठाकर वापस ले जाए ठेकेदार, जिस तरह से पूर्व में नदी तालाब से पानी पी रहे थे। उसी प्रकार से पानी पीने के लिए आज भी मजबूर हैं ग्रामीण। सरकार के द्वारा दी गई घर घर जल नल योजना को ग्रामीणों ने बहिसकार कर रहे हैं।

# निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अबु इमरान ने निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए।इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्णिमा कुमारी समेत अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस में बच्चों ने किया चित्रांकन का कार्यक्रम किए गए पुरस्कृत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत में सोमवार को नेहरू युवा केंद्र चतरा युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में रंजीत यादव कोचिंग सेंटर में विश्व पर्यावरण दिवस आयोजित किया गया। जिसमें कुल 50 बच्चे भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तेज लाल कुमार रजक पिता मनोज कुमार रजक, द्वितीय स्थान जागृति प्रिया पिता रामकुमार अग्रवाल, तृतीय स्थान विवेक कुमार पिता भुनेश्वर साव, और निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जागृति प्रिया पिता रामकुमार अग्रवाल, द्वितीय स्थान भानु कुमार गुप्ता पिता रामदेव साव, तृतीय स्थान रोशन कुमार गुप्ता पिता संजय साव में प्राप्त कियाद्य साथ ही साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया जिसमें दूरसंचार जिला सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद यादव सीएसपी संचालक अशोक कुमार दास कोचिंग संचालक रंजीत कुमार यादव राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेवक मनोज कुमार यादव एवं अन्य उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी ने तीन दिवसीय धरना प्रर्दशन किया शुरू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय के नेतृत्व में दिन सोमवार को बाजार टांड से लेकर समाहरणालय परिसर तक हल्ला बोल रैली निकाली गयी और यह रैली तीन दिवसीय धरना के रूप में तब्दील हो गई। हल्ला बोल रैली का मुख्य उद्देश अंचल में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ थी। मौके पे जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि पढ़ाई दवाई और न्याय आम आदमी के पहुच से दूर हो गया है लोग अंचल से त्रस्त हो गए है, हमारी दो मांग जिला के उपायुक्त से है, अंचलाधिकारी के खिलाफ ईडी को उपयुक्त महोदय लिखे ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाये तथा जितने भी जमीन के फर्जी कागजात के मामले है,उन कागजातों कि फोरेंसिक जांच करवाई जाए। केंद्रीय सचिव ने कहा कि हेमंत सरकार में भरस्टाचार चरम सीमा पे है, ऐसे पदाधिकारी पे करवाई होनी चाहिए । श्रवण पासवान ने कहा कि हमे धमकी दी जाती है कि आंदोलन करोगे तो फर्जी केस में फसा देंगे आजसू पार्टी आंदोलन से जन्मी हुई पार्टी है आजसू के कार्यकर्ता लाठी गोली केस जेल से नही डरती है।जमीन हमारा कागज तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा दलालो कि शान है, फट रहा खतियान है, सहित सीओ को बर्खास्त करो के नारों से सारा शहर गूंजता नजर आया।

# विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत नेतरहाट एवं महुआडांड़ समेत अन्य जगह में पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया गया इस अवसर पर फाउंडेशन नेतरहाट इको विकास समिति नेतरहाट एवं महुआडांड़ वन क्षेत्र पलामू व्याघ्र परियोजना दक्षिणी प्रमंडल मोदीनगर के तत्थावन में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। नेतराड में रेंजर वृंदा पांडे एवं उनके वन विभाग के कर्मी के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में इको विकास समिति नेतरहाट विजय टोली के सदस्यगण उपस्थित थे। वही वन अग्नि की रोकथाम, प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने हेतु विमर्श वृक्षारोपण को बढ़ावा देना। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेंजर वृंदा पांडे, वन पाल अजय टोप्पो, सरवन कुमार, संजीव, मिथलेश ठाकुर एवम् कई अन्य लोग शामिल थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक सम्पन्न



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से शिक्षकों एवं लेखपाल के पदस्थापन व स्थानांतरण हेतु विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समिति द्वारा कुल 06 नवनियुक्त शिक्षकों व कुल 02 नवनियुक्त लेखपाल के पदस्थापन एवं कुल 06 लेखपाल के स्थानांतरण हेतु मामलों की क्रमवार समीक्षा करते हुए जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों व लेखपालों की आवयश्कता अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर उन्हें पदस्थापित किया गया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकरी अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# प्लस टू उत्क्रमित हाई स्कूल बारिसाखी में बच्चों का नामांकन आर्स, साइंस, कॉमर्स, के लिए अपिल



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में संचालित प्लस टू उत्क्रमित हाइ स्कूल बारीसाखी में वर्ष 2023-25 में नामांकन के लिए विद्यालय में विज्ञान वाणिज्य और कला (साइंस कॉमर्स एवं आर्ट्स) सभी विषयों का शिक्षक उपलब्ध हैं। विद्यालय में टेन प्लस टू में इंटर की पढ़ाई के लिए प्रत्येक विषय के लिए अलग -अलग शिक्षक उपलब्ध हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति आपके बच्चो की अच्छी गुणवत्ता पूर्ण पढ़ाई व अच्छे परिणाम की गारंटी देती हैं। इसलिए अपने बच्चो का नामांकन करवाएं, नामांकन जारी है। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार यादव विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास कुमार पांडेय एवं सभी विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित थाना प्रभारी रामवृक्ष राम फुर्सत का समय निकालकर जाते हैं स्कूल शिक्षा पर बच्चों से करते हैं चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** गरीबी के साए में शिक्षा से मुंह नहीं मोड़नेवाले आज एक ऐसे परिवार की चर्चा आपके बीच करने जा रहा हूं जिनके घर में आज सरकारी नौकरी का तांता लगा हुआ है।इस परिवार में एक के बाद एक हर सदस्य सरकारी नौकरी में अच्छे रैंक पर हैं। हजारीबाग जिले के रहनेवाले रामवृक्ष राम वर्तमान में चतरा जिले के मयूरहंड थाना के थाना प्रभारी हैं।फुटबॉल प्रेमी रामवृक्ष राम कभी खेल के प्रति इतनी जिज्ञासु थे कि दिनभर फुटबॉल खेलना पसंद करते थे।गरीब परिवार में जन्मे रामवृक्ष राम शुरू से ही पढने में काफी मेधावी थे।गुजरते समय के साथ इन्होंने मैट्रिक और इंटर किया इसके बाद आरक्षी पुलिस बनकर पुलिस सेवा से जुड गए।कभी हजारीबाग जिले के एसपी के सुरक्षाकर्मी रहे रामवृक्ष राम इस शिखर पर कैसे पहुंचे आइए जानते हैं प्रभात मंत्र के माध्यम से हजारीबाग जिले के चौपारण थाना अंतर्गत जमुनिया तेरी में वर्ष 2009 में उग्रवादियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई इस वारदात में उग्रवादियों को पुलिस ने अपनी साहसी पराक्रम से मार गिराए। इस पुलिस टीम में मुख्य तौर पर रामवृक्ष राम भी शामिल थे और यहीं से रामवृक्ष राम की जिंदगी ने करवट लिया।मार्खम कॉलेज ऑफ कॉमर्स हजारीबाग से इंटर और स्नातक की पढ़ाई करने वाले रामवृक्ष राम को वर्ष 2009 में देश की पहली नागरिक अर्थात राष्ट्रपति महोदया श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल के शुभ हाथों से रामवृक्ष राम राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किए गए। पदोन्नति के तौर पर रामवृक्ष राम सहायक अवर निरीक्षक बनाए गए। राज्य के अलग-अलग थानों में पुलिस सेवा के दौरान उग्रवादियों के साथ करीब 8 से 10 बार मुठभेड़ भी कर चुके हैं हर हरबार इनके हाथ कामयाबी लगी। झारखंड के गढ़वा में 2014 से लेकर सितंबर 2018 तक और उसके बाद चतरा में दारोगा बनाए गए। चतरा जिले के कुंदा थाना में 2 साल तक इन्होंने थाना प्रभारी के रूप में कार्य किया और इस दौरान इन्होंने कुंदा जैसे अति उग्रवाद प्रभावित इलाके के 7 लोगों को आजीवन कारावास की सजा दिलाने के लिए जाने जाते हैं।गौरतलब हो कि रामवृक्ष राम का नाम सुनते ही उग्रवादी और अपराधी प्रवृत्ति के लोगों की सांसे गले में अटकने लगती है। प्रभात मंत्र से विशेष बातचीत करते हुए थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आज की पीढ़ी बहुत बदल गई है।रामवृक्ष राम की माने तो जीवन को सुखमय बनाने के लिए बेहतर शिक्षा ही मात्र एक विकल्प है और शिक्षा पाने के लिए सिर्फ धन ही नहीं बल्कि मन लगाने की जरूरत है।

# रेलवे लाईन निर्माण कार्य में किए गए आगजनी के मामले में तीन अपराधी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के ग्राम फुलवरिया स्थित कढ़नी नदी पर रेलवे लाइन पुल का निर्माण कार्य में लगे आई एस सी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पोकलेन मशीन को विगत 31 मई कि रात में कुछ अज्ञात उग्रवादियों के द्वारा आग के हवाले करते हुए वर्करों के साथ मारपीट किया गया था। जिसके उपरांत पुलिस अधीक्षक चतरा राकेश रंजन के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा शंभू सिंह के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन करते हुए सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस कार्यवाही में टंडवा पुलिस ने टेक्निकल सेल की मदद से घटना के महज चार दिनों के अंदर ही तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना में गिरफ्तार उग्रवादी संगठन के सदस्यों ने अपने स्वीकार बयान में बताया है कि व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से छदम नाम से, प्रभात जी के द्वारा टीएसपीसी संगठन के नाम पर क्षेत्र में विकास कार्यो में लगे संवेदको तथा कोल व्यवसायियों से लगातार रंगदारी की मांग की जा रही थी। जिसकी पहचान प्रेम गंजू पिता चमन गझू ग्राम रहिया थाना बारियातू जिला लातेहार के रूप में की गई है ,इस पूरे घटना में प्रेम गंजू की मुख्य भूमिका बताई गई है। टीपीसी संगठन के प्रभात जी पूर्व में भी कई कांडो में आरोपित है। गिरफ्तार उग्रवादियों की पहचान मनोज गांझू पिता बासदेव गंजू उर्फ फागुन गंजू ग्राम मारंग लोईया बड़की तरी थाना टंडवा, अर्जुन भोक्ता एवम् संजय गंजू पिता स्वर्गीय नागेश्वर गंजू दोनो ग्राम बरवाटाड़ थाना केरेडारी जिला हजारीबाग का रहने वाला है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने टीएसपीसी सब जोनल कमिटी का छः नक्सली पर्चा, घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल जेएच 13 जे 0775 एवं तीन मोबाइल सेट बरामद किया हैं। गठित छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह , पुलिस अवर निरीक्षक गोविंद कुमार, अशोक कुमार, भोला नाथ दास, रोहित कुमार यादव सहित टंडवा थाना के रिजर्व गार्ड एवं सेट के सशस्त्र बल शामिल हैं।

# कासिफ मोबाइल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स सेंटर का उद्घाटन किया गया

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के सुभाष चौक के टंडवा मुख्य मार्ग के प्रियंका स्वीट्स के निकट कासिफ मोबाईल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स सेंटर का उद्घाटन सोमवार को किया गया। उद्घाटन के मुख्य अतिथि सिमरिया विधान सभा के प्रबल दावेदार मनोज चंद्रा ने विधिवत फिता काट कर किया। उद्घाटन के पश्चात मनोज चन्द्रा ने उक्त सेंटर को फलने फूलने की कामना किया। कहा कि चौक पर क़िस्त पर इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की उपलब्धता नहीं थी। जिससे गरीब परिवार के लोग इलेक्ट्रॉनिक्स समान का लाभ नहीं उठा पाते थे। अब क़िस्त पर लेकर लोग इसका लाभ उठाएंगे। वहीं सेंटर के संचालक मो कासिफ ने बताया कि हमारे यहां क़िस्त पर मोबाइल हो या इलेक्ट्रॉनिक्स समान सभी उपलब्ध है। वहीं चौक पर अन्य दुकानों में इस तरह की सुविधा उपलब्ध नहीं था। जिसको देखते हुए यह सेंटर खोला गया। ग्राहकों को कम राशि के क़िस्त एवं उचित दर पर सभी समान दिया जाएगा। जिससे हर घर में इलेक्ट्रॉनिक्स समान वासिंग मशीन, कूलर, फ्रिज, आयरन, पंखा या अन्य जरूरतें पूरी होगी। और लोग इसका लाभ उठा पाएंगे। मौके पर गुड्डू आलम, मो फारूक अंसारी, मो एनुल हक, अख्तर हुसैन, मो इरफ़ान, मो नासिर, विशाल यादव, अशद खान, मो अयान, मो वामिक रजा, मो रेयान, मो अली, ओजैर आलम, जमशेद आलम, मो फिरोज के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा बिष्णुगढ़ प्रखंड कमिटी गठित

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के प्रदेश संयोजक महमूद आलम की गरिमामयी उपस्थिति एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी टेको चंद महतो की



गरिमामयी उपस्थिति में विष्णुगढ़ प्रखंड कमिटी का गठन किया गया,जिसमें अध्यक्ष दुलारचंद प्रसाद,उपाध्यक्ष इबरार अंसारी, सचिव मदन राम,महामंत्री जगन्नाथ महतो,संगठन सचिव मेघ लाल,शाह जमीरउद्दीन अंसारी,कोषाध्यक्ष रामजन्म राय द्वारिका साहू,मीडिया प्रभारी अमूल्य चंद्र पांडे एवं सक्रिय सदस्य महमूद आलम गिरजा शाह टेको चंद्र महतो सुशील महतो समसुल खान मुस्तकीम अंसारी रामेश्वर यादव मजबूर अंसारी हमीद अंसारी सदीक अंसारी दिलेर आजाद पार्वती देवी बनाए गए।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर रेन्बो स्कूल के बच्चों ने किया पौधारोपण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही के बच्चों ने पौधारोपण किया एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पेंटिंग भी बनाए। छात्र छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण व



वृक्ष के कटाव से वातावरण में होने वाले परिवर्तनों को चित्र के माध्यम से दर्शाया। विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि लगातार बढ़ रहे पर्यावरण के खतरे को देखते हुए हमें सभी को सचेत रहने की जरूरत है। हमें वातावरण को शुद्ध बनाने के लिए साफ-सफाई के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। पौधारोपण एवं पेंटिंग करने वालों मे लवली कुमारी, अरवज हुसैन, टाइगर रौशन, टाइगर श्रवण, चमेली कुमारी, दीपिका कुमारी, यूसुफ अंसारी आदि है।

### नगर की खूबसूरती व शुद्धता के लिए वृक्षारोपण उचित माध्यम है : रूचि कुजुर

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर झामुमो नेता कमाल कुरेशी, झामुमो युवा नेता सरफराज अहमद नईम राही, सरफराज कुरैशी, रोजर नाईट, धर्मेन्द्र ठाकुर ने रूचि कुजुर के नेतृत्व में शहीद स्थल, मुफ़्ती



सनाउल्लाहा के मदरसा,अबु हनीफा,दारुल काज़ा इमारत ए शरिया में पौधा रोपण किया।कमाल कुरेशी ने अपने सन्देश में कहा कि पेड़ और प्रकृति बचेगी तो हमारी पीढ़ी बचेगी,प्रदूषण से बचने और अच्छा वातावरण बचाये रखने के लिए पेड़ लगाना अवश्यक हो गया है साथ में पौधे का संरक्षण के लिए शपथ दिलाया ताकि पौधे एक दिन बड़ा पेड़ बन कर तैयार हो जाऐ।सरफराज अहमद ने अपने सन्देश में कहा की झारखण्ड की पहचान जल, जंगल जमीन से है आज इसे बचाने की आवश्यकता है।

### पंजाब रेजीमेंट सेंटर में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पंजाब रेजीमेंट सेंटर रामगढ़ में दिनांक 24 मई 2023 से 5 जून 2023 तक विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पंजाब रेजिमेंट के सभी व्यक्तियों की पर्यावरण के संरक्षण




के लिए प्रयासों और भागीदारी को सुनिश्चित किया गया। इस कार्यक्रम में वर्षा के पानी का संरक्षण पीएनजी को वैकल्पिक ईंधन के रूप में प्रयोग करना ठोस कचरे का प्रबंधन आदि के बारे में जानकारी दी गई है विश्व पर्यावरण दिवस पर बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता रन फॉर एनवायरमेंट और साइकिल रैली का आयोजन किया गया , पंजाब रेजीमेंट के सभी रैंकों, रिक्रूट्स और परिवारों द्वारा सभी गतिविधियों में भाग लिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल , पंजाब रेजीमेंट सेंटर के अध्यक्षता की तथा इस अवसर पर सभी रैंकों, रिक्रूटस, परिवारों तथा बच्चों को पुरस्कार वितरण कर उनका हौसला अफजाई किया।

## राजस्व एवं विभिन्न विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने राजस्व एवं विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा आम जनों को जमीन संबंधित कार्यों को आसानी पूर्वक पूर्ण करने के लिए विभिन्न उपाय किए गए हैं लेकिन जागरूकता की कमी के कारण लोगों को कार्यों के दौरान कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इस संबंध में उपायुक्त ने



सभी अंचल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि लोगों को जमीन संबंधित मामलों में बार-बार अंचल कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े योजनाबद्ध तरीके से उनका कार्य संपन्न किया जाए। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से लंबित दाखिल खारिज मामलों की जानकारी ली वही उपायुक्त ने मामलों के ससमय निष्पादन के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। विभिन्न परियोजनाओं में भूमि अधियाचना एफआरए/ एनओसी संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त में राजस्व कार्यालय एवं संबंधित अंचल अधिकारियों से इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली वहीं उपायुक्त ने जमीन अधिग्रहण के उपरांत ससमय मुआवजे का भुगतान लाभुकों को करने एवं विभिन्न परियोजनाओं को भूमि उपलब्ध कराने के तहत कार्य पूर्ण करने सहित अन्य निर्देश दिए।बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, एलआरडीसी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, अवर निबंधक, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## पीवीयूएन पतरातु में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** संयुक्त राष्ट्र ने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में चिह्नित किया है।तथा पीवीयूएन में पर्यावरण दिवस मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की थीम इकोसिस्टम रिस्टोरेशन% अभियान है।रवींद्र कुमार, सीईओ (पीवीयूएन) अन्य पीवीयूएन अधिकारियों के साथ,स्वर्णरेखा महिला समिति के सदस्य और स्पर्श ई-वॉयस एवं बाल भवन के बच्चे टाउनशिप के आसपास एक सामूहिक वृक्षारोपण अभियान के लिए आगे आए। संबोधन के दौरान, रवींद्र कुमार ने प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के माध्यम से हमारी धरती माता को बचाने पर जोर दिया।

## पतरातू में चला सघन वाहन जांच अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू थाना के मुख्य गेट के समीप जिला परिवहन विभाग द्वारा सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें दर्जनों वाहन चालकों से दंड स्वरूप चालान काट कर जुर्माना वसूल किया गया। अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन विभाग के एएसआई विजय कुमार एवं ट्रैफिक पुलिस के जवान कर रहे थे। टीम के द्वारा दो पहिया, चार पहिया व अन्य छोटे बड़े वाहनों के



जांच के क्रम में चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाए जाने सहित वाहन का वैद्य कागजात तथा पंजीकरण प्रमाण, प्रदूषण प्रमाण पत्र, इंश्योरेंस पेपर, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गई। जांच के क्रम में दो पहिया वाहनों में वाहन चालक के हेलमेट की अनिवार्यता सहित उपरोक्त वाहन के कागजातों की जांच के अलावा ड्राइविंग लाइसेंस की भी जांच की गई। कमी पाए जाने वाले वाहन चालकों से ऑफलाइन और ऑनलाइन दंड वसूला गया ढ्ढ वहीं जांच अभियान में दस गाड़ियों से ऑफलाइन दस हजार और ऑनलाइन सात हजार कुल 17000 रुपये फाइन वसूला गया ढ्ढ मौके पर मौजूद जांच कर्मी तथा पुअनि प्रभात कुमार दास सअनि सुरेश यादव आरक्षी मोकीम अंसारी आरक्षी सुधीर सिंह मौजूद थे।

## खरना में मुखिया निर्मला देवी ने किया सीएसपी केंद्र का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत खरना पंचायत में बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केन्द्र(सी.एस. पी) का खरना मुखिया निर्मला देवी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात फीता काटकर उद्धघाटन किया गया । सीएसपी केंद्र के उद्धघाटन के सुअवसर पर मुखिया निर्मला देवी ने कहा कि बैंक ऑफ इण्डिया की शाखा विष्णुगढ़ में थी,जिसकी दूरी पंचायत सचिवालय से लगभग 04से 05 किलोमीटर की है,जिसकी वजह से खरना के



ग्रामीणों एवं विशेष कर वृद्धजनों को बैंक से लेन-देन के लिए विष्णुगढ़ आना-जाना पड़ता था। दूर होने की वजह से आमजनों को काफी परेशानी होती थी,अब सीएसपी केंद्र खुल जाने से लोग आसानी से लेनदेन कर सकते है। इसके लिए मैं बीओआई शाखा प्रबंधक को हार्दिक बधाई देती हूँ ।इस मौके पर मुख्य रूप से सीएसपी संचालिका रूपा कुमारी,पूर्व मुखिया शिबू सोरेन, चिंतामणि समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## प्रमोद पाठक को जनसंपर्क अभियान से जोड़ा गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के देखरेख में भारतीय जनता पार्टी का 9 वर्ष का कार्यकाल पूरा हुआ। 9 वर्ष पूरे होने पर इनके कार्यकाल में जो उपलब्धियां भारतीय जनता पार्टी ने प्राप्त की है उन्हें जनता के बीच ले जाकर लोगों को बताना लोगों को जागरूक करना है यह कार्यक्रम 12 मई से 30 जून तक होना है।महा जनसंपर्क अभियान के तहत राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लेखक,समाजसेवी जो एनजीओ चलाते है।उन्हें प्रधानमंत्री की उपलब्धियों को बताना है।इसी



कार्यक्रम के तहत रसदा ग्राम निवासी प्रमोद पाठक कराटे के अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय शिक्षक हैं इनके नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं रामगढ़ जिला का विशिष्ट दिन के नाम शामिल हुआ। इनके अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रशिक्षण केंद्र में प्रमोद पाठक को सम्मानित किया गया और मोदी के 9 वर्ष पूरे होने की उनकी उपलब्धियों के बारे में उन्हें बताया गया साथ ही पाठक ने खास नंबर पर मिस्ड कॉल कर अपना समर्थन किया। उक्त बातें पूर्व राज्य 20 सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कही।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्रमदान व वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को नमामि गंगे योजना एवं मिशन लाइफ (लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट ) के तहत नगर परिषद वार्ड नंबर 10 अंतर्गत फुलसराय तालाब परिसर में वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार की अध्यक्षता में श्रमदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देने के उपरांत नमामि गंगे योजना एवं मिशन लाइफ के उद्देश्यों के प्रति जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जिस प्रकार से पर्यावरण में बदलाव आ रहे हैं वैसे में हम सभी को एक साथ मिलकर प्रयास करने की जरूरत है



वहीं उन्होंने सभी से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग ना करने, ऊर्जा का इस्तेमाल आवश्यकता के अनुसार एवं सही तरीके से करने सहित अन्य जानकारियां देने के क्रम में सभी से स्वयं एवं अन्य लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में अन्य लोगों के द्वारा मनुवा तालाब परिसर में श्रमदान कर साफ सफाई की गई वही वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, प्रशिक्षु कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शशांक शेखर मिश्र के द्वारा किया गया।

### पद्मश्री से सम्मानित बाबा अशोक भगत से युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने किया शिष्टाचार मुलाकात

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने रांची स्थित पद्मश्री से सम्मानित बाबा अशोक भगत के आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान हर्ष अजमेरा ने तुलसी का पौधा भेंट कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात श्री अजमेरा ने अपनी सेवा कार्यो से उने रूबरू कराया। पद्म श्री बाबा अशोक भगत ने हर्ष अजमेरा को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप अपनी सेवा कार्यों की ओर अग्रेषित रहे। आपके द्वारा दी जा रही सेवा काफी अतुलनीय है। आप जैसे युवा की सोच से अन्य युवाओं को सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करती है। आपके सामाजिक कार्य से युवा साथियों को काफी कुछ सीखने का अवसर मिलेगा। साथ ही कहा की जल्द हजारीबाग शहर आऊंगा। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि

बाबा जी से मुलाकात कर काफी कुछ सीखने का अवसर प्राप्त हुआ। इनका पूरा जीवन सेवा कार्यों में समर्पित है। विकास भारती संस्था के यह सचिव है। इनकी देखरेख में आने को संस्था सामाजिक कार्य कर रही है। वर्ष 2015 में श्री पद्म से सम्मानित हुए थे।

### गौशाला में भव्य छप्पन भोग का आयोजन आज

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर से 12 किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में मंगलवार को दोपहर 2:00 से भव्य छप्पन भोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम में 56 तरह के व्यंजनों से गौ माता को भोग लगाया जाएगा। ऐसे कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य गौ माता के दूध से हम विभिन्न प्रकार के व्यंजन को तैयार करते हैं पर गौ माता को हम महज दो से तीन चीजें प्रतिदिन देते हैं इसलिए आयोजक मंडली के द्वारा 56 तरह के व्यंजनों से गौ माता को भोग लगाने का निर्णय लिया गया है। मौके पर गौशाला के पूर्व सचिव सह हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि गौशाला में ऐसी कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। ऐसे कार्यक्रमों को आयोजित कर गौ भक्तों में एक उत्साह का माहौल जागृत होता है।

### बरकाकाना क्षेत्र के 50 विद्यार्थियो को बुद्धिजीवी मंच ने किया सम्मानित

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र के द्वारा आज प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 आयोजित कर झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की उत्कृष्ठ अंक प्राप्त करने वाले क्षेत्र के 50 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और सम्मान पदक देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्र के पांचों उच्च विद्यालयों श्री नारायण उच्च विद्यालय, बरकाकाना, सी सी एल उच्च विद्यालय, नया नगर बरकाकाना, सिउर उत्तक्रमित उच्च विद्यालय, सिउर, आर्य बाल उच्च विद्यालय, नया नगर बरकाकाना और मॉडर्न हाई स्कूल, चैनगड़ा के टॉपरों में क्रमशः अभिषेक कुमार महतो, खुशी परवीन, सुमन कुमारी, मो कैफ अंसारी, परिजात महतो आदि के अतिरिक्त टॉप टेन में शामिल सभी टॉपरों को सम्मानित किया गया। साथ ही क्षेत्र के अनलोगों को भी सम्मानित किया गया जो इस वर्ष सरकारी नौकरी हासिल करने में सफलता प्राप्त की है जिसमें पंकज कुमार रवि, हैं। समारोह की अध्यक्षता स्टेशन अधीक्षक सह मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने की, संचालन मंच के सचिव प्रोफेसर शाहनवाज खान ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता उमेश महतो ने किया। समारोह में अतिथि के रूप में देवकीनंदन बेदिया, सुरेंद्र बेदिया, नीता बेदिया, जी एस राय, प्रदीप चटर्जी, महावीर राम, महादेव ठाकुर, अर्जुन अग्रवाल, मुकेश चौधरी, शंभू सिंह, शंकर कालिंदी, बासुदेव बेदिया, कामेश्वर बेदिया, गोकुल महतो डालेश्वर दांगी आदि उपस्थित थे।

## जदयू हजारीबाग महिला प्रकोष्ठ की बैठक हुई संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग महिला प्रकोष्ठ की बैठक सदर प्रखंड के बडासी पंचायत भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कंचन देवी ने किया और संचालन महिला नेत्री प्रीति राणा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से संजू देवी को बड़ासी पंचायत का जदयू अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में जिला जदयू महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष खुशबू कुमारी उपस्थित थी । जिला टीम से जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस है हम सबको पर्यावरण स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा भी करनी चाहिए। महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़ने की आवश्यकता है । हमारा संगठन जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग में प्रत्येक



प्रखंडों में महिला संगठन सहित मेन विंग को मजबूत करने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है, और इसमें हमें सफलता भी मिल रही है ।अब जनता दल यूनाइटेड का संगठन हजारीबाग में दिखने लगा है।। प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह ने कहा की हर एक व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। सदर प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा उपस्थित थे। बैठक को जिला टीम के अलावे महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष खुशबू कुमारी, जिला सचिव पिंकी देवी, संजू देवी ने संबोधित किया। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में महिलाओं पर रोज हो रहे अत्याचार पर शीघ्र रोक लगाने एवं संपूर्ण झारखंड राज्य में शराबबंदी की मांग की। बैठक के अंत में बालासोर उड़ीसा में हुई भयंकर रेल दुर्घटना पर मृत व्यक्तियों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। बैठक में मुख्य रूप से सारो देवी ,रुकनी देवी, बाली कुमारी ,रेनू देवी, ललिता देवी, करुणा देवी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## जिंदल स्टील एंड पावर, पतरातु ने पर्यावरण दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिंदल स्टील एंड पावर, पतरातु में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिंदल महिल क्लब, पतरातु की अध्यक्षा नन्दा अजमेरिया ने बतौर मुख्य अतिथि से सिक्युरिटी पार्क के समीप पोधा रोपण किया।श्रीमती अजमेरिया ने विश्वा पर्यावरण के शुभ अवसर पर अपने संबोधन में कहा की पौधे देवता का स्वरूप है ये हमे फल, छाया? और छाया के साथ साथ जीवन यानी ऑक्सीजन भी प्रदान करते है । मौके पर जेएसपी पतरातु के विभिन्न विभाग के पदाधिकारी मौजुद थे। इस दौरान 150 फलदार और छायादार पौधा लगाया गया। जिंदल स्टील एंड पावर, पतरातु के सीएसआर विभाग ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसायटी,



पतरातु प्रखण्ड के साथ ग्राम किन्नी, घाघरा के महिला उत्पादक समूह के 82 सदस्यों को फलदार पौधा वितरण किया।

सभी सदस्यों ने विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर हरित एवं स्वस्थ पर्यवरण के लिए शपथ ग्रहण ली। जिंदल स्टील एंड पावर, पतरातु में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। जिंदल महिल क्लब की अध्यक्षा नन्दा अजमेरिया ने बतौर मुख्य अतिथि से सिक्युरिटी पार्क के समीप पोधा रोपण किया। मौके पर जेएसपी पतरातु के विभिन्न विभाग के पदाधिकारी मौजुद थे। इस दौरान 150 फलदार और छायादार पौधा लगाया गया। जिंदल स्टील एंड पावर, पतरातु के सीएसआर विभाग ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसायटी, पतरातु प्रखण्ड के साथ ग्राम किन्नी, घाघरा के महिला उत्पादक समूह के 82 सदस्यों को फलदार पौधा वितरण किया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने रिटेल फाइनेंसिंग विकल्पों को बढ़ाने के लिए बजाज फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राहक अनुभव को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बीएफएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। यह भारत के अग्रणी और विविध वित्तीय सेवा समूहों में से एक, बजाज फिनसर्व लिमिटेड का हिस्सा है और इस करार का मकसद उन्नत खुदरा वित्त (रिटेल फाइनेंस) विकल्प प्रदान करना है जो विशेष रूप से टोयोटा वाहन खरीदने की प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक और ग्राहकों के लिए सुलभ बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।बजाज फाइनेंस एक प्रौद्योगिकी संचालित एनबीएफसी है, जो वित्तीय समाधानों की व्यापक श्रृंखला पेश करता है और ग्राहक अनुभव को डिजिटल रूप से बढ़ाने पर केंद्रित है। बजाज फाइनेंस के साथ साझेदारी ग्राहकों को सुविधाजनक और आकर्षक फाइनेंसिंग विकल्प प्रदान करेगी और अंततः समग्र स्वामित्व अनुभव को बढ़ाएगी। बीएफएल ने यह घोषणा भी की है कि वह 1 जून, 2023 से भारत के 89 प्रमुख स्थानों पर चरण 1 के हिस्से के रूप में अपना नया 4-व्हीलर फाइनेंस व्यवसाय शुरू करेगी। ये स्थान कुल ऑटो उद्योग की बिक्री का लगभग 70त्न कवर करते हैं।इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए श्री अतुल सूद ङ्क वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा - हम अपने मूल्यवान ग्राहकों के लिए खुदरा वित्तपोषण विकल्पों को बढ़ाने के लिए बजाज फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं।

## शानदार सेल्टोस ने सिर्फ 46 महीनों में पार किया 5 लाख वाहनों की बिक्री का आंकड़ा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की सबसे पसंदीदा एसयूवी और किआ इंडिया की पहली और सबसे ज्यादा बिकने वाली प्रीमियम एसयूवी, सेल्टोस ने अपने लॉन्च के सिर्फ 46 महीनों के भीतर ही 5 लाख के बिक्री आंकड़े को पार कर लिया है। आइकॉनिक ब्रांड और ऑरीजनल बैडआस के रूप में विख्यात सेल्टोस ने अगस्त 2019 में किआ के भारत में प्रवेश के साथ अपने सफर की शुरुआत की थी। इसके बाद से सेल्टोस ने एसयूवी सेगमेंट को नए सिरे से परिभाषित किया है और ग्राहकों को कई नए फीचर्स उपलब्ध कराए हैं। यह अपने ढेरों सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स, दमदार पर्फोर्मेंस, क्लास-लीडिंग कनेक्टिविटी और फ्यूचरिस्टिक डिजाइन के साथ भारत के ऑटोमोटिव उद्योग का चमकता सितारा बन चुकी है।आज से चार साल पहले, सेल्टोस ने भव्य कार्यक्रम के साथ वैश्विक बाजार में प्रवेश किया था। इस एसयूवी को प्रीमियम ड्राइविंग अनुभव की तलाश कर रहे समझदार और आधुनिक सोच वाले ग्राहकों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया था। मेक इन इंडिया, फॉर द वर्ल्ड की दूरदर्शी सोच के साथ पेश की गई, सेल्टोस ने डिजाइन, पर्फोर्मेंस और टेक्नोलॉजी के अपने बेजोड़ संगम के साथ बाजार में क्रांति लाते हुए, एसयूवी सेगमेंट में खुद को एक गेम-चेंजर के रूप में स्थापित किया है। इसने ग्राहकों का दिल और भरोसा जीता है और इसी के साथ देश का सबसे लोकप्रिय और भरोसेमंद ऑटोमोटिव ब्रांड बन गया है।किआ इंडिया की शुद्ध बिक्री में 55त्न का योगदान देते हुए सेल्टोस ने कंपनी की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




## पायोनियर बीज कंपनी ने किसानों के साथ मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरिया के गड़ैया गांव में सोमवार को बीज कंपनी द्वारा पायोनियर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम के किसानो ने भाग लिया ।इस बाबत टेरेटरी मैनेजर मनीष पाण्डेय ने किसानों को बेहतर उपज लेने के लिए कई गुर बताये। साथ ही फसल में लगने वाली कीटाणु रोगों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दिया साथ ही पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के गुर भी बताए एवम् पांच लोगो के बीच फलदार पौधे का वितरण किया गया। वही क्षेत्रीय प्रतिनिधि हरिहर प्रसाद ने किसानों को बताया की पायोनियर 27क्37 दो नंबर जमीन में 128 से 132 दिनो में बेहतर पैदावार देने वाली धान है ।जो की प्रति एकड़ कोई भी अन्य धान से 3 से 4 क्विंटल ज्यादा उपज देती है, जिसकी लंबी बालियां, वजनदार धान, और खाने में भी स्वादिष्ट होती है ।इस बीच प्रवक्ता भेखलाल यादव, मदन महतो तथा गांव के गण्यमन्य किसान बंधु उपस्थित थे।कार्यक्रम के समाप्ति के बाद एक समृद्धि रैली निकाली गई जिसमे किसान बंधुओ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकर रामगढ़ बृजेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया । जिसमें सभी न्यायाधीशगण एवं व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## अरगड्डा जीएम ऑफिस परिसर में पर्यावरण दिवस पर अधिकारियों ने किया पौधरोपण, लिया शपथ

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र मुख्यालय के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभारी जीएम (ऑपरेशन) सुजीत कुमार सिन्हा के द्वारा कंपनी झंडोत्तोलन कर कई पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संचालन सीएसआर अधिकारी रजत जयसवाल के द्वारा किया गया। अवसर पर अधिकारी आमोद कुमार के द्वारा सीआईएल चैयरमैन प्रमोद अग्रवाल के संदेश को पढ़ा गया। मुख्य वक्ता प्रभारी जीएम सुजीत कुमार सिन्हा ने कहां कि अरगड्डा क्षेत्र के वायु संतुलन, मानव जीवन और पृथ्वी के लिए पौधरोपण कर इसकी रक्षा कर हरियाली जरूरी हैं। एक वृक्ष सौ लोगों को जीवन देने का काम करता हैं। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा पर्यावरण बचाओ और इसके संतुलन के लिए पौधरोपण की शपथ ली गई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अधिकारी रजत जयसवाल ने दिया। मौके पर मुख्य रूप से अरगड्डा एसओ माइनिंग दिलीप कुमार सिंह, अमोद कुमार, सुरक्षा इंस्पेक्टर राजू राम, कर्मचारी दुर्गेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## रामगढ़ सदर अस्पताल में बेड बढ़ाने व मेडिकल स्टॉफ बहाली को लेकर सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ सदर अस्पताल में जिले में एक मात्र बड़ा अस्पताल है जिसका स्वास्थ्य के क्षेत्र मे बहुत ही बेहतर सुविधा दिया जा रहा है इसको और सुंदर ढंग से सजाने के लिए जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा व पुर्व विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार महतो ने रामगढ़ सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मांग की गई कि रामगढ़ सदर अस्पताल में बेड बढ़ाने व मेडिकल स्टॉफ बहाली जल्द से जल्द किया जाये। जिसमें सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने भी कहा की बहुत ही बढ़िया पहल है इस पर जल्द सुविधा दिलाने का प्रयास करेंगे ।

## पर्यावरण दिवस पर सिरका ऑफिस प्रांगण में पीओ के हाथों से आधा दर्जन हुए पौधरोपण

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका परियोजना कार्यालय के प्रांगण में रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस पीओ श्रीकांत शर्मा व अन्य अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा छायादार, फलदार आधा दर्जन पौधरोपण कर किया गया। अवसर पर वक्ता पीओ श्रीकांत शर्मा ने सभी से ग्रीन धरती बनाने के लिए पौधरोपण और वर्तमान में प्रदूषण रोकने के लिए प्लास्टिक के कैरी बैग पर पाबंदी लगाने की बात कहीं। उन्होंने कहां कि सभी लोगों का जीवन पर्यावरण से जुड़ा हैं।

# सिरका में बिजली गुल होने के बाद पीट ऑफिस ट्रांसफॉर्मर से दिन में कटा केबल

### ग्रामीणों की सजगता से भागे बदमाश, बरामद हुआ समान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** थाना रामगढ़ क्षेत्र के सीसीएल सिरका पुराना पीट ऑफिस के समक्ष दिन के उजाले में अज्ञात बदमाशों ने बिजली ट्रांसफार्मर में लगे करीब 30 फीट केबल काटकर भागने के फिराक में थे। लेकिन भूली क्वाटर के ग्रामीणों की सजगता से बिजली केबल छोड़ बदमाश भाग निकले। ग्रामीणों की सूचना के बाद सीसीएल पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची। यहां बिजली केबल बरामद कर बिजली मिस्त्रीयो द्वारा मरम्मत के बाद बिजली आपूर्ति सीसीएल भूली क्वार्टर क्षेत्र में बहाल कर दी गई। ये मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ हैं। इस संबंध में सोमवार को सुरक्षा विभाग सिरका प्रभारी देवनाथ महतो ने बताया कि बीते रविवार को सुबह 10 बजे से भूली क्वार्टर क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद थी। जिसे जानने के बाद बदमाशों द्वारा पुराने पीट ऑफिस बिजली आपूर्ति में लगे ट्रांसफर से करीब 30 फीट कांपर केबल काटने लगे। लेकिन ग्रामीण विनोद साव व अन्य के द्वारा देर तक बिजली नहीं आने के बाद बिजली विभाग सिरका से जानकारी ली गई। यहां बताया गया कि सोमवार संध्या 4 बजे बिजली बहाल कर दी गई हैं। ग्रामीणों के समूह ने पुराने पीट ऑफिस स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों की नजर बिजली केबल लेकर भागते लोगों के ऊपर पड़ी, हो हल्ला होने के बाद बदमाश अपने आप को घिरता देख बिजली केबल चार तारो को छोड़कर फरार हो गये।

## बरकाकाना क्षेत्र के 50 विद्यार्थियो को बुद्धिजीवी मंच ने किया सम्मानित

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र के द्वारा आज ÷प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 आयोजित कर झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले क्षेत्र के 50 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और सम्मान पदक देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्र के पांचों उच्च विद्यालयों नारायण उच्च विद्यालय, बरकाकाना, सी सी एल उच्च विद्यालय, नया नगर बरकाकाना, सिउर उत्तक्रमित उच्च विद्यालय, सिउर, आर्य बाल उच्च विद्यालय, नया नगर बरकाकाना और मॉडर्न हाई स्कूल, चैनगड़ा के टॉपरों में क्रमशः अभिषेक कुमार महतो, खुशी परवीन, सुमन कुमारी, मो कैफ अंसारी, परिजात महतो आदि के अतिरिक्त टॉप टेन में शामिल सभी टॉपरों को सम्मानित किया गया। साथ ही क्षेत्र के अनलोगों को भी सम्मानित किया गया जो इस वर्ष सरकारी नौकरी हासिल करने में सफलता प्राप्त की है जिसमें पंकज कुमार रवि, हैं। समारोह की अध्यक्षता स्टेशन अधीक्षक सह मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने की, संचालन मंच के सचिव प्रोफेसर शाहनवाज खान ने किया।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, रॉंची

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 10/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,रॉंची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि/स्थान :– दिनांक **10.06.23 को** 3.00 बजे तक। विकास भवन, रॉंची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि/स्थान :– दिनांक **12.06.23 को 3.00** बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक **12.06.23 को 3.30** बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 स0/ ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि/ प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | चान्हों | चान्हों प्रखण्ड के सिलागांई में गोपाल भगत S/O स्व0 वकील भगत के तालाब का जीर्णोद्वार कार्य। | 12,08,500/- | 24,500/- | 2500/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | सिल्ली | सिल्ली प्रखण्ड के ग्राम–मयाराम जराडीह, पंचायत–दोवाडू में विरेन्द्र सिंह मुण्डा के जमीन पर सोलर रहित डीप बोरिंग निर्माण। | 7,21,600/- | 14,500/- | 1250/- | एक माह | कार्य के अनुरूप |

नोट : निविदा से संबंधित अन्य शर्तें कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0–1, रॉंची के कार्यालय के सूचना पटट् पर देखी जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**
**एन0आर0ई0पी0 – 1, रॉंची**

**PR 299173 NREP(23-24)#D**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

**अति अल्पकालीन-ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या **DMFT/MID/KODREMA/F2-3/2023-24** **Date 05.06.2023**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:–

| क0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखंड कोडरमा के लोकाइ स्थित कस्तुरबा गाँधी बालिका उच्च विद्यालय के बगल में तालाब का जीर्णोद्वार कार्य । | 1050100.00 | 21500.00 | 2500.00 | छः माह (06) |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–07.06.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 13.06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि 14.06.2023 एवं समय 10:00 बजे से 03:00 बजे तक। स्थान कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई अंचल, हजारीबाग एवं उप विकास आयुक्त का कार्यालय कोडरमा, निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 15.06.2023 अपराह्न 02:00 बजे

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट– WWW.Jharkhand tenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा**

PR 299192 Minor Irrigation (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –03/2023–24**

**(SCA Head)**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय:– 15–06–2023 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16–06–2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 16–06–2023 को 3.30 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल सं0–2, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बासुदेव कोना कॉलेज रायडीह, जिला गुमला में पेयजलापूर्ति से संबंधित कार्य 2023–23 | 16,87,078.00 | 34,000.00 | 5000.00 | 03 माह |

**निविदा की नियम एवं शर्ते :–कार्यालय सूचना पट पर उपलब्ध है।**

**कार्यपालक अभियंता**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।**

**PR.NO.299218 Drinking Water and Sanitation(23-24):D**

## e-Procurement Cell
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI

**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**

**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div.No.-1 - 01/2023-24**

Sealed Quotations are invited for the work **Renovation of Outer Surface and some part of inner surface of Old SDO residence making Modular Almira, Wall Unit, Supplying Movable Basket Ball Pole, Construction and Fencing Basket Ball Court at Hon'ble C.M. Residence at Mayer's Road, Ranchi** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :–

(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 06.06.2023 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 14.06.2023 के पूर्वाह्न 1:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन अपलोडेड का हार्ड कॉपी जमा करने तिथि : 14.06.2023 के पूर्वाह्न 3:00 बजे तक।
(4) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 14.06.2023 अपराह्न 3:30 बजे।
(5) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची।
(6) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 0651–2360121
(7) कोटेशनदाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।

नोट : जो कोटेशनदाता कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्हीं का रेट खोला जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer**
**Building Construction Department,**
**Building Division No.-1, Ranchi**

PR 299236 Building(23-24)D

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से दिया गया हरियाली का संदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल में ग्रीष्म कालीन अवकाश होने के बावजूद भी बच्चों और शिक्षकों ने पर्यावरण के प्रति अपने जिम्मेदारी को समझते हुए इस पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण के साथ - साथ पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता से संबंधित कई प्रकार के पोस्टर मेकिंग और पेंटिग प्रतियोगिता आयोजित किए । इस इस पर्यावरण दिवस पर विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि , कुछ दशकों से हमारा पर्यावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है। जिससे इस पर रहने वाले जीव जंतु, जलवायु समेत कई चीजें प्रदूषित हो रही है।

## होसिर मंडा पुजा में श्रद्धालूओ ने लोटन सेवा दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर दिया आस्था का परिचय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिददी :** प्रखण्ड डाड़ी होसिर गांव मै मंडा पुजा आयोजन किया गया इसमें 206 भक्त सोकतायन 146 ने पूजा के दहकते अंगारों पर नागे पांव चलकर दिया आस्था का परिचय और भक्त अपने पीट पर काटेदार कील को शरीर मे चुभकर 40 फीट ऊंची से परिक्रमा करते आठ जोड़ा बनास झुकया गया फूल बरसाए जिसमे मेले मे आए श्रद्धालू भक्तो को आशीर्वाद के रूप मे फूल प्रप्त किया कार्यक्रम के दौरन पुरलिया से आए हुए छ्ऊ नृत्य सुनील कुमार मुंडा ग्रुप कलाकारों ने नगाड़े के ताल पर लोगों के भरपुर मनोरंजन किया रविवर रात्रि मै भक्तो ने लोटन प्रस्तुत किए जिसमे पंडित सचिन पांडे हनुमान चातिया द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करवई साथ ही कुलदीप तुरी ने भजनिया को वस्त्र वितरण किया जिसमें मुख्य अतिथि जिला परिषद भाग 2 पिकू देवी विशिष्ट अतिथि कनकी पंचायत मुखिया श्रींमति लक्ष्मी देवी पंचायत सदास्य भाग 2 गणेश महतो समाजसेवी लालदेव पटेल पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार महतो मंचासीन अतिथि के द्वार फीटा काटकर मंच का उद्घाटन किया सफल बनने के लिए अध्यक्ष संजय राम कोषाध्यक्ष किशोर कुमार महतो सचिव संतोष चौधरी उपसचिव सकलदीप महतो रामप्रवेश शर्मा योगेश प्रसाद केतार मुंडा महावीर महतो सुमित कुमार नागेश्वर पटेल आदि थे ।

## पंचायत डाड़ी के मैट्रिक व इंटर में अव्वल रहे विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**गिददी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड डाड़ी अंतर्गत डाडी पंचायत सचिवालय में डाडी मुखिया लखनलाल महतो के नेतृत्व में पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जिसका संचालन दिलीप कुमार के द्वारा किया गया. इस सम्मान समारोह में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर डाडी पंचायत के मैट्रिक व इंटर में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पौधा एवं गिफ्ट देकर पुरस्कृत किया गया।डाडी मुखिया श्री महो ने बताया कि सपना हमेशा जीवन में देखना चाहिए. और उसे पाने के लिए पूरी लगन निष्ठा से प्रयास करना चाहिए। मेरे मन में इच्छा थी कि हम अपने पंचायत के उन होनहार बच्चों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन करने की थी.जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में ग्रामीण परिवेश में रहकर भी सफलता प्राप्त की और अपने माता-पिता, गुरुजनों, पंचायत का नाम रोशन किया।

## जनसेवकों का अनिश्चितकालीन हड़ताल 28वें दिन भी जारी

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखण्ड कार्यालय, रामगढ़ प्रखंड के निकट जनसेवकों का अपने मांगो के समर्थन में धरना लगातार 28वे दिन भी जारी है। झारखंड राज्य जनसेवक संघ के महामंत्री लोकेश कुमार ने बताया कि सरकार हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लेती दिख रही है। अब 12 जून से नेपाल हाऊस, रांची में धरना दिया जाएगा।झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर रामगढ़ जिलें के सभी जनसेवक ग्रेड पे कम करने और 11 सूत्री मांगों के आलोक में अनिश्चितकालीन हड़ताल में हैं। 27 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कृषि विभाग और राज्य सरकार द्वारा जनसेवक संघ के माँगो पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। जनसेवकों के हड़ताल में जाने से जिलें के विकास कार्य पूरी तरह बाधित है।

## कृषि निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची

**आवश्यक सूचना**

राज्य के कृषकों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार है

(in Rs.)

| Sl. No. | Company Name | Urea | DAP | MOP | SSP | Complex | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Ind./Imp. | Ind./Imp. | | | 20:20:0:13 | 12:32:16 | 16:16:16 | 14:28:00 |
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - |
| 2 | NFL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/KRIBHCO | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350.00 | - | 645.00 | 1470.00 | - | - | 1550.00 |
| 6 | IPL | 266.50 | 1350.00 | 1700.00 | - | 1250.00 | - | 1250.00 | - |
| 7 | MATIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350.00 | - | - | 1250.00 | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - |

नोट : 1. यूरिया की प्रति बोरी 45 KG Packsize की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Packsize होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी / प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिले के जिला कृषि कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय में उसकी शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**Sd/-**
**कृषि निदेशक**

**PR 299185 Agriculture(23-24).D**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचन (2nd Call)**

**Tender Notice No.-DWSD/GAR-SVS-22/2022–23 Dated–05.06.2023**

| Sl. No. | Name of Work | Group No. | No. of Scheme | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| - | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through DT/GPT (Solar based) 01/2.0 H.P. DC Motor pump complete set for different tolas of concern villages which is not included/included in MVS etc. work **under (JJM)** For the year 2022-23 :- | | | | | | |
| 1 | **Korta, SVS** under Garhwa Block | Gar-01 | 02 Nos. | 16,73,248.00 | 34,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 2 | **Kitasoti kala, SVS** under Garhwa Block | Gar-07 | 09 Nos. | 85,46,761.00 | 1,71,000.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| 3 | **Banutikar, SVS** under Garhwa Block | Gar-20 | 04 Nos. | 24,22,687.00 | 49,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| 4 | **Chak Chhapardaga, SVS** under Danda Block | Gar-23 | 01 No. | 5,47,426.00 | 11,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 5 | **Korta, SVS** under Danda Block | Gar-25 | 07 Nos. | 45,28,449.00 | 91,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | Date & time of Tender Uploading on Website | | 07.06.2023/12:30 P.M. | | | | |
| | Last date & time of Bid Submission | | 12.06.2023/05:00 P.M. | | | | |
| | Last date & time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard copy) | | 13.06.2023/ 10:30 AM to 05:00 P.M. (1) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (2) Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle,Medininagar. | | | | |
| | Date & time of Opening Tender | | 14.06.2023/05:00 P.M. | | | | |
| | Name & Address of Office inviting tender | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division,Garhwa. | | | | |
| | Name & Address of Opening Officer | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division,Garhwa. | | | | |
| | Contact No. of Procurement office | | 9973003856 | | | | |
| | Help No. of e-Procurement Cell | | 0651-2490920 | | | | |

नोट–(i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**PR.NO.299224 Drinking Water and Sanitation(23-24):D** कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

## ई-प्रोक्योरमेंट सेल
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड, रॉंची

**(तृतीय आमंत्रण)**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– SVS (JJM Giridih-1) Giridih-1/SVS/052022-23 Date 03-06.2023

| क्र0 | विवरणी | Group No | Block | Panchayat | Village | No of Scheme | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Village wise Single water Supply Scheme in Different villages under DWSD No-1, Giridih | C-48 | Jamua | Chakmanjo | Alardih | 1 | 6.09421 | 0.13 | 1250 |
| 2 | | C-56 | Tisri | Khijuri | Jhakhnodih | 1 | 8.33443 | 0.17 | 1250 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 Months | | | | | | | |
| 4 | वेबसाईट पर बिड Upload की तिथि/समय | From 05-06-2023, 4:00P.M | | | | | | | |
| 5 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 12-06-2023 5:00P.M | | | | | | | |
| 6 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | 13-06-2023 up to 3:00P.M कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्व0 प्र0 सं0–1, गिरिडीह। अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्व0 अंचल, धनबाद। | | | | | | | |
| 7 | निविदा प्राप्त बिड खोलने की तिथि/समय | 13-06-2023 up to 04:00 P.M | | | | | | | |
| 8 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–01, गिरिडीह। | | | | | | | |
| 9 | निविदा खोलने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–01, गिरिडीह/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | | | | | |
| 10 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 7870778158 | | | | | | | |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2480345 | | | | | | | |

- अन्य सभी नियम व शर्ते यथावत रहेंगी।
- केवल ई0निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
- परिमान विपत्र का मुल्य केवल डी0डी0 में ही देय है जिसे लौटाया नही जाएगा।
- प्राक्कलित राशि घट या बढ सकती है, तदनुरूप अग्रधन राशि मान्य होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–01, गिरिडीह**

PR 299161 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## विश्व पर्यावरण दिवस : बाघमारा प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग जगहों में किया गया वृक्षारोपण

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा में विश्व




पर्यावरण दिवस के अवसर पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट गावों में वृक्षारोपण कर वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लिया। ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा की ट्रस्ट के कार्यकर्ता द्वारा धनबाद जिला के 150 गांव में में आज वृक्षारोपण किया गया है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सचिव हलीमा एजाज, कोषाध्यक्ष विनोद महतो, ममता रवानी, रिंकू देवी, भागीरथ सिंह, नईमुद्दीन अंसारी, मुमताज अंसारी, योगेश रवानी, शंकर नापित, अरुण नापित, बेला कुमारी, आदि कार्यकर्ताओ ने अपने अपने कार्यक्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। वही बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के हथुडीह पंचायत के कुमारडीह गांव में पर्यावरण सखी द्वारा पौधारोपण किया गया जिसमें मुखिया संगीता घोषाल पंचायत समिति वार्ड सदस्य सेविका महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे मौके पर पर्यावरण सखी सुषमा देवी ने सभी को पौधा देकर पौधा लगाने को कहा। कतरास संवाददाता के अनुसार श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर जमशेद अंसारी, सुभाष सिंह, मनान साह, हरजीत सिंह, सिराजुद्दीन अंसारी, सरफुद्दीन,आदि उपस्थित हुए।

## एक दिवसीय हरि कीर्तन का आयोजन

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के कचर्रा



हरि मंदीर में कचर्रा सौलह आना समिति द्वारा हरि कृतन का आयोजन किया गया । कृतन दल कलकता के राखी सेन गुप्ता एंड टीम के द्वारा एक से बढ़कर एक गाना हरि नाम का गा कर दर्शको का मन मोहित कर दिया । गौउर बाडिते आसिलेन, एक दिन गाड़ी, बाड़ी, घर बागला टाका पैसा सब छाडे जा बे किछु जा बे ना संगे। माटीर भीतरे हो बे घर रे मन आमार, मधु मारवा कृष्ण नाम। में दर्शक झुम उठे। टीम में गायक राखी सेन गुप्ता ,गिटार मास्टर कार्तिक कुमार, खोल बादक कृष्ण कुमार, रंजीत कुमार, प्रकेशन छोटु कुमार, सहयोगी गायक चोपला मंड़ल ने अपना कला दिखाया ।

## आईआईटी आईएसएम के कैंपस में सकोरा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को थिंक इंडिया यूनिट



आईआईटी आईएसएम धनबाद इकाई के कैंपस में सकोरा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्ष लगाकर लोगों से अपील की गई की पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जानी चाहिए। आज इतनी गर्मी बढ़ रही है। यह पेड़ की कटाई की वजह से है।

## चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम का किया गया शुरुआत

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को प्रखण्ड क्षेत्र के अरारी पंचायत भवन में पेय जल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 421 दिनांक 26 मई 2023 के आदेशानुसार पंचायत भवन में चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो कार्यक्रम की शुरुआत किया गया इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवतियों को माहवारी के संबंधित विस्तृत जानकारी दिया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस : उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर में किया वृक्षारोपण

# हमें मिलकर पर्यावरण का ख्याल रखना होगा : उपायुक्त





प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने समाहरणालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस अवसर पर हम सब अपने वातावरण को स्वच्छ रखने और प्रकृति के संरक्षण की दिशा में कार्य करें। पर्यावरण की रक्षा हम सबों का दायित्व है तथा प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संतुलन के उद्देश्यार्थ वृक्षारोपण कर, इसके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रयत्नशील रहना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले भविष्य में पर्यावरण को सुरक्षित व प्रदूषण मुक्त रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है तथा पर्यावरण को बचाए रखने के लिए खाली स्थानों पर अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने का कार्य संपादित हो। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेवारी भी है और कर्तव्य भी। पर्यावरण दिवस को सफल बनाने हेतु हमें मिलकर पर्यावरण का ख्याल रखना होगा। आइए हम सब मिलकर अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए स्वच्छ पर्यावरण बनाने हेतु शपथ लेते हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस : पेशम व अरारी पंचायत के मुखिया ने किया पौधारोपण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** 5 जून को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर पेशम एवं अरारी पंचायत के मुखिया के द्वारा पौधारोपण किया गया एक ओर जहां पेशम पंचायत की मुखिया श्रीमती रागिनी सिन्हा एवं पंचायत सेवक कमलेश्वर तिवारी , पंचायत समिति सदस्या शीतल तर्वे, समेत सभी वार्ड सदस्यो के द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधा लगाया गया वहीं अरारी पंचायत के मध्य विद्यालय मरकोडीह के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा की अगुवाई में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया इसमें उपस्थित महिला एवं पुरुषों द्वारा शपथ लिया गया कि हम अपने जीवन में प्रत्येक वर्ष 1 पेड़ जरूर लगाएंगे एवं एक पेड़ भी लगाया गया इस कार्यक्रम में अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव उप मुखिया जितेंद्र यादव ग्राम रोजगार सेवक राजदेव विश्वकर्मा वार्ड सदस्य टुनटुन कुमार सहिया रितु देवी जल सहिया प्रियंका देवी संपूर्ण स्वच्छता अभियान के प्रखंड मोबिलाइजर रुकसाना खातून वर्ल्ड विजन के गजाधर प्रसाद के अलावे बबीता, सरिता , बंसी साव, काशीनाथ समेत दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# सैकड़ों लोंगों ने मासस की सदस्यता ग्रहण की : अरूप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** जैसे जैसे झारखंड विधानसभा का चुनाव नजदीक आ रहा है प्रमुख पार्टियों की सक्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में सैकड़ों झामुमो के कार्यकर्ता मदनडीह मध्य विद्यालय परिषर में आयोजित मासस के मिलन समारोह में पूर्व विधायक अरुप चटर्जी की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण किया जिन्हें चटर्जी ने माला पहनाकर स्वागत किया। ततपश्चात कार्यकर्ताओं ने चटर्जी को फूल मालाओं से स्वागत किया।

उक्त अवसर पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि अन्य दलों से लोगों का मोह भंग हो चुका है, इसलिए लोग मासस की सदस्यता ग्रहण कर रह है। उन्होंने कहा कि मासस ही एक ऐसी पार्टी है जो पूरे निरसा विधानसभा का संपूर्ण विकास कर सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सभी दलों ने राज्य को लूटने का काम किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया है। कार्यक्रम में शेख नोशाद, अहमद अली, शेख आईनुद्दीन, रकुबुल शेख, शेख शमशाद, शेख ताहिरुल, शेख फहीम समेत करीब सैकड़ों की संख्या में लोगों ने मासस की सदस्यता ग्रहण किया।

# "मन का मिलन पखवाड़ा" में एक मामले का निपटारा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद श्री राम शर्मा के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मन का मिलन पखवाड़ा में सोमवार को एक मामले का निपटारा सुलह समझौते के आधार पर किया गया। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि इसके माध्यम से मध्यस्थता केंद्र में वादी और प्रतिवादी पक्षों को एक सौहार्दपूर्ण वातावरण मुहैया कराकर दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता के आधार पर त्वरित न्याय दिलाने में सहयोग प्रदान किया जाता है। इससे वादी और प्रतिवादी दोनों ही पक्षों का समय और धन की



बचत एवं आपसी संबंध मैत्रीपूर्ण रहता है। इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में स्थित विधिक सहायता केंद्रों पर कार्यरत पैरा वैधानिक स्वयंसेवकों के द्वारा डोर टू डोर एवं डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से सुदूर ग्रामीण इलाकों में आम जनता तक मन का मिलन पखवाड़ा को लेकर का जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मन का मिलन पखवाड़ा 14 जून 2023 तक चलेगा।

# उ म विद्यालय परांचीदीह के सभी आठवीं कक्षा के छात्र अव्वल अंकों से हुए उत्तीर्ण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड के मलुवाटांड़ पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पराँचीडीह कक्षा आठवीं के सभी छात्रों ने अव्वल अंक से पास कर शिक्षकों का बढ़ाया मान । 3 जून को आठवीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट प्रकाशित हुआ जिसमे उ0 म0 विद्यालय प्राचीडीह में 44 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए थे और सभी छात्र सभी विषय मे, और + अंको से उत्तीर्ण हुवे । बच्चो के अव्वल अंक लाने से अभिभावक में खुशी है वही विधालय के प्रधानाध्यापक रामदेव राणा के बच्चो के उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुवे कहा की शिक्षा के प्रति हम गंभीर है बच्चो को बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए हम लगातार प्रयास करते है और इस प्रयास में विधालय के सभी शिक्षक और प्रबंधन समिति का पूरा सहयोग रहता है। हमारे विधालय के सभी बच्चो ने अव्वल अंक लाकर विधालय को गौरवांतित किया है। वही विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भगीरथ प्रसाद वर्मा ने कहा की शिक्षा हमारे जीवन के लिए बहुत जरुरी है और समय के साथ लोग शिक्षा के प्रति जागरूक हुवे भी है शिक्षा के प्रति समिति कसी भी तरह का समझौता नहीं करती है आज बच्चो के इस अंक से हम सबमे खुशी है। शिक्षकों के मेहनत का ही फल है की इस विधालय द्वारा इस साल आठवीं बोर्ड में सम्मिलित सभी बच्चे का रिज्लट बेहतर रहा। फ़िलहाल गर्मी छुट्टी की वजह से विधालय बंद है बच्चो में विधालय खुलने का इंतजार है जिससे एक दूसरे के साथ खुशिया बाँट सके।

# बढ़ती गर्मी को देखते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया प्याऊ का उद्घाटन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ज़िले में सोमवार को बढ़ती गर्मी को देखते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज, गिरिडीह के द्वारा गिरिडीह के बरगंडा चौक के समीप वंडर वर्ल्ड के बाहर में राहगीरों के लिए शीतल पेयजल, सत्तू शर्बत और चना गुड़ की व्यवस्था की गई। इस प्याऊ का उद्घाटन चैंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष राहुल बर्मन ने फीता काट कर किया। इस मौके पर अध्यक्ष राहुल बर्मन ने कहा कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के द्वारा एक स्थायी प्याऊ की व्यवस्था की गयी है, यहाँ पर सत्तू शर्बत, ठंडा पानी , चना, गुड़ की व्यवस्था राहगीरों के लिए निःशुल्क है।

# उधना-बरौनी स्पेशल ट्रेन का परिचालन 02 अगस्त तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर मोकामा-पटना-डीडीयू के रास्ते बरौनी और उधना के मध्य संचालित की जा रही 09033/09034 बरौनी-उधना-बरौनी स्पेषल ट्रेन के परिचालन अवधि में वृद्धि की गई है । विस्तारित अवधि के साथ अब इस ट्रेन का परिचालन 02.08.2023 तक किया जाएगा ।

गाड़ी संख्या 09033 उधना-बरौनी स्पेषल का परिचालन 05.06.2023 से 31.07.2023 तक प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को किया जाएगा ।

इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 09034 बरौनी-उधना स्पेषल का परिचालन दिनांक 07.06.2023 से 02.08.2023 तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को किया जाएगा । इस स्पेषल स्पेषल ट्रेन का ठहराव, समय पूर्ववत रहेगा ।

# जिप सदस्या ने की जलापूर्ति की व्यवस्था




प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के क्षेत्र संख्या 4 के जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम ने आज सोमवार को आंतरिक निधि से लकड़ाखुन्धी गांव में जलापूर्ति की व्यवस्था की। बताया जाता है कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए जिला परिषद सदस्या ने कुछ दिन पूर्व टुंडी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया जिसमें पाया कि शहरों के उपेक्षा गांवों में पीने का पानी का घोर अभाव है।

पानी की संकटों से निजात दिलाने के लिए 15 जून तक आंतरिक निधि से पीने का पानी की व्यवस्था करने का निर्णय लिया जिसमें आज़ कोल्हर पंचायत के लकड़ाखुन्धी गांव से श्री गणेश किया गया यह जलापूर्ति 15 जून तक हर गांवों को उपलब्ध कराया जाएगा।

मौके पर मीना हेम्ब्रम, वार्ड सदस्य गौतम पाण्डेय, नरेंद्र पाण्डेय, वरूण पाण्डेय, समेत गांव के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# दो महिने से पीड़ित व्यक्ति के अंगूठे का सदर अस्पताल में हुआ सफल ऑपरेशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सदर अस्पताल में मरीजों के जटिल ऑपरेशन का सफलतापूर्वक ऑपरेशन करने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में करांगा बस्ती के सीता राम महतो के दाहिने हाथ के अंगूठे का ऑपरेशन किया गया। इस संबंध में डीआरसीएचओ डॉ संजीव कुमार ने बताया कि सीता राम महतो पिछले दो महीने से अपने दाहिना अंगूठे पर एक घाव से पीड़ित थे। इलाज के उपरांत घाव ठीक होने का नाम नहीं ले रहा था। गरीबी और आर्थिक हालातों से मजबूर वे अच्छे अस्पताल में इलाज करने में असमर्थ थे। उन्होंने सदर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में सुनकर अस्पताल की ओर रुख किया। अस्पताल के चिकित्सक ने जांच की और उसका एक्स रे करवाया। मरीज को खून की कमी भी थी। ऑर्थोपेडीक सर्जन डॉ मुकेश कुमार और डॉ संजीव गोलाश ने आपसी विचार विमर्श किया और जांच उपरांत



पता चला कि उसके अंगूठे में एक ट्यूमर है। जो धीरे धीरे उसके अंगूठे की हड्डी के कुछ भाग को नष्ट कर चूका है। यदि उसे हटाया नहीं गया तो वह शरीर के अन्य भाग में भी फैल सकता है। चिकित्सकों के आपसी विचार विमर्श और मरीज से सहमती लेने के बाद उनका ऑपरेशन कर ट्यूमर के साथ अंगूठे को हटाना पड़ा।

# पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह ज़िले में 22 बटालियन हजारीबाग द्वारा निर्देशित कार्यक्रम पुनीत सागर अभियान के तहत पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीटीओ केयर टेकर आफीसर प्रो विनीता कुमारी के नेतृत्व में गिरिडीह कालेज गिरिडीह के एनसीसी कैडेट्स के द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली झंडा मैदान से टावर चाक तक निकाला गया। जिसमें लगभग 60 की संख्या में एनसीसी कैडेट्स उपस्थित हुए। जिसमें सभी ने एक स्वर में पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया। इधर आरसेटी बैंक ऑफ इंडिया कल्याणडीह में पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधा रोपण किया गया। मौके पर उपस्थित वाहिद अली ने आरसेटी सदस्यों से आह्वान किया अपने जीवन काल में हर इंसान एक पौधा जरूर लगाएं ।

## शिवदानी सिंह मेमोरियल टी-20 आमंत्रण कप क्रिकेट

# ऑफिसर्स एकादश को हरा 99 ग्रुप बना चैम्पियन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** इंडिगो क्लब और डीएसए रेलवे के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे ग्राउंड में आयोजित 99 ग्रुप शिवदानी सिंह मेमोरियल आमंत्रण कप टी - 20 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर 99 ग्रुप ने कब्जा जमा लिया है। ख़िताबी भिड़ंत में 99 ग्रुप ने ऑफिसर्स एकादश को छह विकेट से पराजित कर चैंपियन बना। टीम ने जीत का लक्ष्य 18.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। 99 की जीत में अलीमुद्दीन अंसारी ने नाबाद 49 व अशोक पॉल ने 38 रन का योगदान




टीम को दिया। ऑफिसर एकादश के तरफ से विकास शुक्ला व मुकेश कुमार यादव ने एक एक विकेट हासिल किया। इसके पूर्व टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑफिसर्स एकादश ने निर्धारित 20 ओवरों में 133 रन बनाकर ही सिमट गई। कप्तान अजित कुमार ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। दिलीप प्रताप शेखावत ने 35 व विकास शुक्ला ने 20 रन का योगदान टीम को दिया। 99 की तरफ से सुनील ने घातक गेंदबाजी करते हुए तीन, अशोक पाल व दिग्विजय कुमार ने दो दो तथा श्रीराम और दीपंकर ने एक एक खिलाड़ी को पवेलियन का रास्ता दिखाया। विजेता टीम के कप्तान अशोक पॉल मैन ऑफ द मैच बने वहीं ऑफिसर्स एकादश के दिलीप प्रताप शेखावत को मैन ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाज़ा गया। पुरस्कार वितरण समारोह में डीआरएम कमल किशोर सिन्हा, बोकारो के सीआईएसएफ के कमांडन्ट कमलेन्द्र प्रताप सिंह, कोपल व झारखंड पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अशोक सिंह, अपना हॉस्पिटल गोविंदपुर के मो सलाउद्दीन, एडीआरएम आदि ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन मे सचिव एस ए रहमान, शब्बीर आलम, अतिकुर रहमान, आमिर हाशमी, सुनील अग्रवाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# कैरो प्रखंड के सढ़ावे डुमरटोली स्थित नवनिर्मित एकलव्य विद्यालय में विकास तीर्थ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**➲कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताएंगे : लक्ष्मीकांत बाजपेयी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी महा जनसंपर्क अभियान के तहत विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन कैरो प्रखंड के सढ़ावे डुमरटोली स्थित नवनिर्मित एकलव्य विधालय के समीप किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्यसभा सांसद, मुख्य सचेतक व भाजपा झारखंड प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं लोहरदगा लोकसभा माननीय सांसद सुदर्शन भगत, महा जनसंपर्क अभियान कलस्टर प्रभारी सह प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, विकास तीर्थ के जिला संयोजक पशुपतिनाथ पारस, जनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक राजकिशोर महतो, ब्रज विहारी प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहू, महामंत्री राजकुमार वर्मा, बालकृष्ण सिंह अनिल उराँव, उमेश कांस्यकार, मुखिया सुमित्रा उराँव, पसस सीमा भगत राजेंद्र महतो, उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डाक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि विकास तीर्थ कार्यक्रम विगत 9 वर्षो में हुए जणकल्याणकारी विकास कार्यो के स्थल पर पार्टी के वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि मोदी जी ने बता दिया कि एक गरीब का बेटा भी देश का प्रधानमंत्री बन सकता है। आज गरीबी को मोदी जी बखूबी जानते हैं इसीलिए शिक्षा की जरूरत है एक आम व्यक्ति के लिए कितनी आवश्यक है इसे लेकर हम सभी जानते हैं और इसे मोदी जी ने प्राथमिकता से लेकर एकलव्य के जीवन में शिक्षा ग्रहण को लेकर कितनी कठिनाइयों सामना करना पड़ा था इस बात का अनुभव मोदी जी ने किया।इसी निमित्त आज सुदूरवर्ती इलाकों में भी शिक्षा के क्षेत्र में एकलव्य मॉडल स्कूल का स्थापना मोदी जी के द्वारा किया गया जहां शिक्षा के साथ-साथ मानसिक शारीरिक एवं बौद्धिक ज्ञान के लिए उत्तम प्रबंध किए गए हैं विश्वविद्यालय के कैंपस में सारी सुविधा युक्त होगी और इसी से अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे और समाज का सेवा देंगे माताएं भी खुश होंगी ।आज इसी खुशी को फिर से संकल्प के रूप में माताओं का आशीर्वाद बहुत आवश्यक है जिससे मोदी जी जनता के और सपनों को पूरी कर सकेगें। सुदर्शन भगत ने कहा कि विकास तीर्थ कार्यक्रम को गांव में इसलिए आयोजित की गई है जिससे कि पता चल सके कि केंद्र सरकार किस प्रकार सूदूर गांव में भी योजनाओं को पहुचाकर विशेष रूप से जनजातीय समाज के लिए कार्य किया उसका उदाहरण आज लोकसभा क्षेत्र के लगभग प्रखंडों में एकलव्य मॉडल विधालय है। यह जनजातीय मंत्रालय से कार्य हुए हैं और इस मंत्रालय का गठन भाजपा श्रध्धेय पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने स्वतंत्र मंत्रालय गठन किया। मनोज सिंह ने कहा कि जनसंपर्क अभियान हमारे लिए एक संकल्प के रूप में हैं। हमे अपनी उपलब्धि को बताने का समय आ गया है। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विशेश्वर प्रसाद दीन ने कीया।

# दुष्कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के किस्को थाना क्षेत्र के तिसिया गांव में शादी समारोह में पहुंची युवती के साथ शनिवार को सुबह में करीब 5 बजे के आस पास सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया था जिसमें एक नाबालिग लड़का सहित अन्य तीन युवकों के द्वारा लड़की के मंगेतर के साथ मारपीट करते हुए लड़की को जंगल में ले जाया गया। जहां दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था, साथ ही दुष्कर्म की घटना को लेकर किसी को न बताए जाने पर जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर मामले की जानकारी किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो को मिलने के बाद घटना में संलिप्त नाबालिक लड़का सहित तीन अन्य युवकों को थाना लाया गया। जिसमें सलैया निवासी युवक अनिल मुंडा पिता सतन मुंडा,पाखर डहरबाटी निवासी गरीबा मुंडा पिता डूका मुंडा, तिसिया चट्टी टाँड़ निवासी विश्वनाथ सुरेन पिता बिरसा मुंडा एवं एक नाबालिक लड़का है। जहाँ पूछताछ में युवकों के द्वारा मारपीट और दुष्कर्म की घटना को स्वीकार करते हुए अपना जुर्म कबूल वही पीडित युवती के लिखित बयान के अनुसार किस्को थाना पुलिस ने कांड संख्या 17/23 धारा 376 डी, 325, 504, 506, 34 आइपीसी के तहत मामला दर्ज कर सभी गिरफ्तार अभियुक्तो को जेल भेज दिया।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डालसा लोहरदगा ने किया पौधारोपण





**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2023 को जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के सौजन्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही साथ सिविल कोर्ट परिसर स्थित कोर्ट कैम्पस में वन प्रमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा के सहयोग आम, कटहल, महोगनी, अशोक, आंवला के विभिन्न प्रजातियों के पेड़ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष श्री राजेंद्र बहादुर पाल, जिला जज अखिलेश तिवारी, अरविंद कुमार, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, चंदन, न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, राज कल्याण, सुचिता निधि तिग्गा ने लगाया। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार पूरे टीम के साथ उपस्थित रहे। इसके साथ ही लोहरदगा जिले में प्रतिनियुक्त विभिन्न पीएलबी ने पर्यावरण दिवस को लेकर लोगों को जागरूक किया। अनावश्यक रूप से प्रदूषण फैलाने के प्रति लोगों को सचेत त करते हुए यह भी बताया गया कि प्लास्टिक के जगह कपड़े का थैली का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा लोग करें।

## अगर न रहे जंगल स्थान तो धरती बन जायेगा रेगिस्तान : बीडीओ





**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय अन्तर्गत संचालित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय में पौधा रोपन किया गया। लोहतदगा जिला अन्तर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पेड़ लगा कर पर्यावरण का बचाव और सुरक्षा का संदेश दिया। बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि अगर न रहे जंगल स्थान तो धरती बन जायेगा रेगिस्तान आज विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सभी लोगों को पेड़ पौधे लगाने का और उसे संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। और साथ ही कहा कि पर्व त्यौहार, जन्मदिन,विवाहोत्सव के अलावे अन्य कार्यक्रमों में सभी लोग एक एक पेड़ लगाना चाहिये और उसे सुरक्षित बचायेंगे तो भविष्य में ऑक्सीजन खरीदना नही पड़ेगा। पेड़ पौधे निरन्तर कट रहा है। जिसके कारण बीमार होने पर अस्पताल में ऑक्सीजन खरीदना पड़ता है। वही जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा मनरेगा योजना के माध्यम से बिरसा हरित ग्राम के तहत आम भगवानी का कार्य हो रहा है। जिसे सभी लोग इसका लाभ उठायें आम का पेड़ भी होगा और फल भी मिलेगा। पेड़ पौधा लगाने से अनेकों लाभ मिलता है। मौके पर जेएसएलपीएस के सज्जाद अन्सारी, शिक्षिका प्रेमदानी कुजूर के अलावे छात्राएँ मौजूद थे।

# उपायुक्त ने राज्यपाल का लोहरदगा आगमन को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के दिनांक 06.06.2023 को लोहरदगा भ्रमण को लेकर आज उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा माननीय राज्यपाल, झारखंड के लोहरदगा भ्रमण कार्यक्रम संबंधी विभिन्न दायित्वों का प्रभार पदाधिकारियों को दिया गया। भ्रमण में माननीय राज्यपाल का भ्रमण सदर प्रखण्ड के भक्सो और रामपुर में होना है। इस दौरान माननीय राज्यपाल द्वारा भक्सो ग्राम में मनरेगा अंतर्गत बागवानी स्थल का भ्रमण व लाभुकों से बातचीत की जाएगी। इसके बाद रामपुर ग्राम में आंगनवाड़ी केंद्र के लाभुकों से बातचीत की जाएगी और रामपुर पंचायत भवन का निरीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में राज्यपाल स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से बातचीत करेंगे और हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण करेंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमण्डल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, सिविल सर्जन, नजारत उपसमाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारियों व सदर प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को तैयारियों से संबंधित आवश्यक निदेश दिये गये। आज की बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# माओवादी ने जेसीबी मशीन को फूंका घटना स्थल पर पहुंची पुलिस

**➲टैंकर व मिक्चर मशीन को नुकसान पहुंचाने का किया प्रयास**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सुदुर्वती पहाड़ी क्षेत्र में संचालित पीसीसी पथ गाड़वाल में मिट्टी भराई कार्य मे भाकपा माओवादी ने बोला धावा जेसीबी मशीन को आग के हवाले करते हुए टैंकर एवं मिक्चर मशीन को क्षति पहुंचाने का प्रयास विफल लोहरदगा जिला के सरेंगदाग थाना क्षेत्र के मन्हे पाट से चपरोग भाया गढ़ातू तक 10 से 12 किलोमीटर पीसीसी पथ पुलिया गार्डवाल निर्माण कार्य जी एम पी इंटरप्राइजेज रांची द्वारा करोड़ो रुपए की लागत से कराया जा रहा था। साथ ही पीसीसी पथ के किनारे मिट्टी भराई कार्य मन्हे से गढ़ातू तक जेसीबी मशीन से किया जा रहा था। जिसे कि रविवार को कार्य कर शाम में चालक सदाम अन्सारी जेसीबी मशीन मन्हेपाट में खड़ा कर अन्य मजदूरों के साथ घर में सो गया था। तभी रात में 10 से 12 की संख्या में माओवादी दस्ता के साथ कमांडर रविंद्र गंझू पहुंचा और जे सी बी मशीन में डीजल छिड़क कर आग लगा दिया जब मशीन का सीसा टूटने की आवाज ऑपरेटर को सुनाई पड़ा तो स्थानीय ग्रामीणों को उठा कर आग बुझाया गया। लेकीन जेसीबी पुरी तरह जल गया था। उसके बाद माओवादी दस्ता ने घटना को अंजाम दे 4 किलो मीटर दूर चपरोंग सीमा पर खड़ा टैंकर और मिक्चत मशीन को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। कार्य क्षेत्र एवं घटना स्थल पर माओवादी उग्रवादी संगठन द्वारा हस्त लिखित पर्चा छोड़ पुलिस दलाल होश में आओ,संगठन के नाम पर लेवी लेना बंद करो, मोइज खान की पिटाई एक झांकी है, ठेकदार की सफाया करना बाकी है। साथ ही पोस्टर के माध्यम कहा है की मनमानी काम करना बंद करो निवेदक रविंद्र गांझू। इस घटना कि सूचना पर अभियान एसपी दीपक पांडे,सरेंगदाग थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार, बगड़ू थाना प्रभारी पंकज शर्मा सहित शस्त्र बल घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए सुदुर्वर्ती क्षेत्र में पुलिस द्वारा

## आपसी विवाद में भाई ने भाई का पैर तोड़ा, आरोपी गिरफ्तार

**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखंड के कोनमेरला पंचायत के बड़कीटांगर गांव में अपने ही चचेरे भाई ने अपने ही भाई की लकड़ी के डंडे से मारकर पैर तोड़ने के साथ घायल कर दिया । घटना रविवार को सुबह सात बजे की बताई जाती है,मिली जानकारी के अनुसार बुद्धू बाघवार पिता स्व सुकरू बाघवार एवं फिरनाथ बाघवार पिता स्व बिरसा बाघवार के बीच किसी बात को लेकर आपस में कहा सुनी हो गई,इसी बीच आवेस में आकर फिरनाथ बाघवार ने बुद्धू बाघवार पर पानी ढोने वाले बंहगा लकड़ी से वार कर एक पैर तोड़ डाला तथा घायल कर दिया, ग्रामीणों की सुचना के बाद जलडेगा पुलिस घटनास्थल गांव पहुंची एवं घायल व्यक्ति को सीएचसी जलडेगा में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार उपरान्त स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया,इधर गांव में छापामारी अभियान चलाते हुए पुलिस ने फिरनाथ बाघवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है, पुलिस ने बताया कि सोमवार को हिरासत में लिए व्यक्ति को जेल भेज दिया जाएगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा में विद्यालय परिवार एवं साइंस फ़ॉर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, कंपोस्ट निर्माण, प्लास्टिक के कुप्रभाव पर विस्तृत चर्चा की गई एवं इस संदर्भ में छात्र छात्राओं को जानकारी दी गई। कार्यशाला का शुभारंभ साइंस फ़ॉर सोसाइटी एवं आई एम ए के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद के द्वारा परिसर में अपराजिता का पौधा रोपण कर किया गया। इस अवसर पर डॉ गणेश प्रसाद ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए बृक्षारोपण अनिवार्य है। पेड़ पौधे पर्यावरण को संतुलन बनाये रखते हैं। संतुलन बिगड़ने के कारण पर्यावरणीय चुनौतियां हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है, कमजोर, दुर्बल, गर्भवती महिलाएं एवं छोटे बच्चे इसके दुष्प्रभाव के शिकार हो रहे हैं। अंधाधुंध पेड़ों की कटाई के कारण कार्बन का उत्सर्जन अधिक हो रहा है फलस्वरूप पर्यावरण तेजी से प्रदूषित हो रहा है और प्रदूषित हवा में सांस लेने से अस्थमा, श्वसन रोग, हृदय रोग एवं फेफड़े के कैंसर का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

## ग्रामीणों ने तलाब निर्माण का किया निरीक्षण कहा संवेदक प्राक्कलन के अनुरूप करे कार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डाँडू में तलाब निर्माण का ग्रामीणों ने किया निरीक्षण। मुर्की तोड़ार पंचायत के बाजार डाँडू में बन रहा दो सौ बाई दो सौ तलाब का मिथलेश्वर मिश्रा, रामचन्द्र उराँव, राजू नायक, मोहन प्रधान, बिनोद नायक, सुनील यादव, सहाबीर उराँव, राजेन्द्र नायक, रामप्रताप नायक, सोमा टाना भगत,अर्जुन लोहरा सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने निरीक्षण कर कहा कि तलाब निर्माण कार्य किस विभाग से हो रहा है। और कितना प्राक्कलन राशि है। यह किसी भी ग्रामीणों को जानकारी नही है। साथ ही कहा कि संवेदक द्वारा निर्माण स्थल पर तलाब निर्माण से सम्बंधित किसी तरह का बोर्ड नही लगाया गया है। जिसे तलाब निर्माण के बारे में जानकारी हो सके वही ग्रामीणों का कहना है। कि संवेदक प्राक्कलन के अनुसार काम करे जिसे ग्रामीणों को सिंचाई, पालतू जानवरों को पानी पिलाने तथा अन्य कार्यो के लिये लाभ मिल सकेगा। प्राक्कलन के अनुरूप कार्य होने पर तलब निर्माण कार्य के प्रति ग्रामीणों को किसी तरह का कोई एतराज नही होगा। मौके पर मिथलेश्वर मिश्रा, रामचन्द्र उराँव, राजू नायक, मोहन प्रधान, बिनोद नायक, सुनील यादव, सहाबीर उराँव, राजेन्द्र नायक, रामप्रताप नायक, सोमा टाना भगत, अर्जुन लोहरा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा के खिलाड़ियों के बीच हॉकी प्रतियोगिता कराकर हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने मनाया अपना जन्म दिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** हॉकी के विकास में निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करने वाले हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी हर वर्ष अपना जन्म दिन जिला के सुदूरवर्ती इलाके में हॉकी खिलाड़ियों के साथ मनाते है, और कुछ खिलाड़ियों को गिफ्ट बांटते है। इस वर्ष भी आज जन्म दिवस के अवसर सिमडेगा जिला मुख्यालय से कोसो दूर सुदूरवर्ती इलाके में बांसजोर प्रखंड और ठेठईटांगर प्रखंड के सिमाना में बसे कुरकुरा गांव में हॉकी कुरकुरा द्वारा संचालित आत्म निर्भर हॉकी प्रशिक्षण केंद्र कुरकुरा के खिलाड़ियों के बीच हॉकी प्रतियोगिता कराकर अपना जन्म दिवस मनाया,और पुरुस्कार स्वरूप हॉकी खिलाड़ियों हॉकी का बॉल बांटा साथ ही खिलाड़ियों के साथ मिलकर केक काटा। यह है कि 05 जून को मनोज कोनबेगी का जन्म दिन के साथ विश्व पर्यावरण दिवस भी है। इसलिए वे हर वर्ष 20=25 खिलाड़ियों को फलदार विशेकर लीची ,आम के पौधे वितरण कर वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने के साथ पर्यावरण बचाने का संकल्प भी दिलाते है।परंतु इस वर्ष अभी पानी की समस्या और अत्यधिक धूप के कारण वृहत रूप से सामूहिक वृक्षारोपण को स्थगित किया गया, मानसून सुरू होने के बाद सामूहिक रूप से ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण किया जाएगा। आज सिर्फ मैदान के किनारे सांकेतिक रूप से एक पेड़ लगाकर पर्यावरण सरंक्षण करने का दिया गया संदेह। 12,वर्ष से कम उम्र सीमा के बालक और बालिका वर्ग का हॉकी मैच खेला गया ।जिसमें बालिका वर्ग में ऑरेंज क्लब ने ब्लू क्लब को 1=0से पराजित किया,जिस मैच में ऑरेंज क्लब की खुशबू मांझी ने गोल की जिसे प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया, वही बालक वर्ग का मैच में बांसजोर एकादश ने ठेठईटांगर एकादश को 2=0से पराजित किया ,इस मैच में बासजोर एकादश की टीम की ओर से दो गोल करने वाले अनीश बिलुंग को प्लेयर ऑफ मैच का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। ठेठईटांगर प्रखंड के प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने उपस्थित खिलाड़ियों और अभिभावकों को अपना संदेश देते हुए कहा कि सुदूर वर्ती इस इलाके में स्थानीय युवकों द्वारा हॉकी प्रशिक्षण की शुरुवात की गई है वह बहुत ही सराहनीय है जिसका सहयोग हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी भी कर रहे है, अपलोग इसी तरह अपने गांव के खिलाड़ियों को हॉकी का अभ्यास प्रतिदिन कराए मेरा से जो भी सहयोग होगा मैं जरूर करूंगा।आज विश्व पर्यावरण दिवस भी है।वर्तमान परिस्थिति में विश्व का पर्यावरण काफी असंतुलित होता जा रहा है हमे अपने आने वाली पीढ़ी के लिए इसे सतंक्षित रखना होगा,जिसके लिए हमे ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने के साथ साथ जंगलों को बचाना होगा, जंगलों में आग लगाना नही होगा।

# हेमंत सरकार के साढ़े तीन साल, जनता बदहाल भ्रष्टाचारी मालामाल : डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा महा जनसंपर्क अभियान के तहत तीर्थ यात्रा कार्यक्रम का आयोजन का उद्देश्य केंद्र सरकार के द्वारा विगत 9 वर्ष में किए गए विकास कार्य को अपने क्षेत्र के समीप जाकर लोगों को भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बताने का कार्य करेंगे। साथ ही कहा कि झारखंड में मोदी सरकार ने कई सौगातें दी है उसमें से खूंटी कोर्ट परिसर में लगाए गए सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन सौर ऊर्जा से संचालित होने वाला खूंटी देश का पहला व्यवहार न्यायालय बना, झारखंड से कई योजनाओं का शुभारंभ किया गया 2015 में प्रधानमंत्री दुमका से मुद्रा योजना की लॉन्चिंग की थी 2019 में 19 एकड़ में फैले विधानसभा का भव्य भवन का उद्घाटन किया। दुनिया का सबसे बड़ा हेल्थ केयर योजना केंद्र के महत्वाकांक्षी योजनाओं का शुरुआत आयुष्मान भारत 14 अप्रैल 2018 को भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के अवसर पर प्रारंभ की गई भगवान बिरसा मुंडा के जन्म जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस के रूप में घोषित किया झारखंड की नतिनी श्रीमती द्रौपदी मुरमू को देश का पहला आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया उसी प्रकार देवघर में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट एम्स महाविद्यालय आवासीय विद्यालय किसान बंधन योजना खुदरा व्यापारी एवं स्वरोजगार पेंशन योजना का भी शुभारंभ झारखंड से ही किया गया। भाजपा की पूरवर्ती सरकार ने बहुत सारी ऐसी योजनाएं चलाई जिससे कि महिलाओं की शान छात्र-छात्राओं को स्वालंबन का मार्ग प्रशस्त हो रहे थे परंतु वही झारखंड कि भ्रष्टाचारी सरकार ने कई ऐसे योजनाओं को बंद किया है। महिलाओं के नाम 50 लाख तक की रजिस्ट्री मुक्त बंद हो गई है।राज्य में कई भवन एवं कार्य किए जैसे प्रेस क्लब का स्थापना, खेल एवं रक्षा विश्वविद्यालय का स्थापना, लंबित स्थानीय और नियोजन नीति बनाना 108 एंबुलेंस शुरू किया,भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान एवं स्वतंत्र सेनानी संग्रहालय का निर्माण किया, उज्जवला के लाभुकों को डिलीवर के साथ चूल्हा उपलब्ध कराया। डॉक्टर लक्ष्मीकांत बाजपेई ने केंद्र सरकार की उपलब्धि के साथ-साथ राज्य सरकार के बारे में कहा कि हेमंत सरकार के साढ़े तीन वर्ष पूरे हो चुके हैं जनता बदहाल है और यहां भ्रष्टाचारी मालामाल है। झारखंड एक ऐसा पहला राज्य बना जहां का मुख्यमंत्री खुद अपने कलम से अपने पत्नी और भाई के नाम खनन पट्टा को स्वीकृत करता है। यहां कुल सरकारी रिकॉर्ड में 5000 से ऊपर हत्याएं बलात्कार जैसी घटनाएं हुई हैं जिसमें अधिकतर जनजातीय समाज से आते हैं बेटियां असुरक्षित है आए दिन कई घटनाएं लगभग सभी प्रखंडों में दिखाई दे रहे हैं ।राज्य में लव जिहाद को संरक्षण और समर्थन से कई घटनाएं राज्य के अंदर में हुई है उसका सबसे बड़ा उदाहरण दुमका जिले में अंकिता को पेट्रोल छिड़ककर जलाया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं को अवरुद्ध किया जा रहा है बहुत सारी ऐसी आंदोलन है जिस पर सरकार के क्रूर रवैया अपनाए जा रहे हैं जोकि जनता का आक्रोश है और जब जब जनता सड़क पर उतरी है भाजपा के कार्यकर्ता बताकर उसे ढकने का कार्य कर रहे हैं यदि सरकार में हिम्मत है तो वह जांच क्यों नहीं कराती दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

# ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत जपलांगा में जल संसाधन विभाग से चेकडैम का विधायक कोलेबिरा ने किया शिलान्यास

**➲जल संसाधन के कारण हमारे क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी : विधायक कोलेबिरा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत कोरोमीया जपलांगा में जल संसाधन विभाग राज्य योजना स्वीकृत चेकडैम का शिलान्यास नारियल फोड़ व फीता काट कर किया। साथ ही विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि हमारे क्षेत्र में खेती कर किसानों का रोजगार होता है उसी को देखते हुए आज मेरे अनुसंशा के मध्यम से इस क्षेत्र में जल संसाधन विभाग के द्वारा चेक डैम का निर्माण किया जा रहा है। झारखण्ड एक कृषि प्रधान प्रदेश है। कृषि के उत्पादन हेतु जल संसाधनों का होना अति आवश्यक है परंतु यहां का मानसून अनिश्चित है। झारखंड में अक्सर सूखा की संभावना बनी रहती है।जल जो कि हमारे जीवन जीने के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है। जल के बिना हमारा जीवन कुछ भी नहीं है। जल पर सबसे ज्यादा निर्भर हमारे झारखंड के किसान होते हैं समस्या का रूप ले ऐसे में जल का उचित प्रबंधन एवं जल के अन्य स्रोतों का विकास किया जाना आवश्यक है जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि हो सके। जल संसाधन के कारण हमारे क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। जल संसाधन के उचित प्रबंधन से कृषि उत्पादन बढ़ेगा एवं उद्योगों को पर्याप्त मात्रा में कच्चा माल प्राप्त होता है जिससे उद्योगों का विकास होता है और हमारे क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। जल प्रकृति की अक्षय देन है। किन्तु बढ़ती हुई मांग तथा जल संसाधन के वर्तमान उपयोग से आने वाले वर्षो में मानव कल्याण, विकास, जीविका तथा स्वयं जीवन को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। भविष्य में विकास के लिए आवश्यक उपयुक्त पानी की कमी हो सकती है। कमी के साथ पानी की गुणवत्ता भी तेजी से गिर रही है। जल की मांग और पूर्ति में संतुलन होने के बावजूद देश में जल संसाधन की क्षेत्रीय विभिन्नता और ऋतुगत आवश्यकता गंभीर स्थिती पैदा कर रही है जिसके लिए अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। में हमेशा से हमारे क्षेत्र में जल की मांगों पर विशेष ध्यान देते आ रहा हूं ताकि हमारे क्षेत्र में जल की कमी ना हो। मौके पर मौजूद जिला विधयक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष अशफ़ाक आलम, मंडल अध्यक्ष जॉन लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, मुखिया रेणुका सोरेंग, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, राजेश डुंगडुंग, मुकुल, प्रिंस कुमार, अब्दुल वाहिद, अमृत चिराग तिर्की, जोहान बारला, विनोद एक्का, गोरख सिंह, आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने से होगा पर्यावरण की सुरक्षा : प्राचार्य



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज ज्योति प्रकाश महिला बी.एड कॉलेज में पौध रोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनया गया द्य 2023 के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम बीट प्लास्टिक प्रदूषण के अंतरगत शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्य ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपने संदेश में कहा की व्यक्ति कम से कम प्लास्टिक का इस्तेमाल करके या उसके अन्य वैकल्पिक तारिकों के प्रयोग के द्वारा प्रकृति के संरक्षण में अपना योगदान दे सकता है। पर्यावरण दिवस की आप सब प्रति शिक्षण महाविद्यालय में सभी सहायक प्राध्यापकों एवीएम प्रशिक्षणु छतराओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण को सुरक्षित कर प्रकृति के संरक्षण में अपने योगदान देने की शपथ ली। पर्यावरण दिवस के अवसर पर छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सभी छात्राओं ने अपने घर पर एक पौधा लगाने का संकल्प लिया।

### सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य : वी.के. सिंह

**गाजियाबाद :** केन्द्र में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर सोमवार को केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने भाजपा की ओर से आयोजित एक प्रेस वार्ता में सरकार की उपलब्धियां गिनाई। इस मौके पर जनरल वीके सिंह ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है। केंद्रीय योजनाओं का लाभ हर प्रदेश के लोगों को मिल रहा है। मोदी की सोच और काम से पूरे विश्व में भारत और भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है। 30 जून तक पूरे देश में मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि पथ, आकार व दिशा बनाने में कई सदियां गुजर जाती है। लेकिन, पिछले नौ वर्षो में नरेन्द्र मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किया है। गरीब कल्याण और गरीब सशक्तिकरण के लिए यह सरकार काम कर रही है। वंचितों को उनका अधिकार देने के लिए प्रधानमंत्री ने जंग छेड़ी है। सबका साथ सबका विश्वास के साथ संपूर्ण देश के विकास के लिए यह सरकार काम कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि तकनीक में हमलोग पिछड़े हुए थे। नौ वर्षों में हम इस दिशा में काफी आगे बढ़ गए हैं। अब भारत की पहचान आत्मनिर्भर देश के रूप में होती है।2014 से पहले भारत आर्थिक रूप से विकसित देशों में 11वें नंबर पर था, आज ब्रिटेन को पीछे छोड़कर पांचवें नंबर पर पहुंच गया है।

# एक और दिन बढ़ी पीएलएफआई उग्रवादी दिनेश गोप की रिमांड

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को एनआईए कोर्ट में पेश किया गया । एनआईए ने कोर्ट से दिनेश गोप से और एक दिन पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने का आग्रह किया। इसके बाद एनआईए के विशेष न्यायाधीश मधुरेश प्रसाद वर्मा की कोर्ट ने एनआईए को दिनेश गोप से एक और दिन पूछताछ करने के लिए रिमांड पर देने का आदेश दिया। इससे पूर्व दिनेश का मेडिकल जांच



कराया गया। उल्लेखनीय है कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआईए ने 21 मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर विमान से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया

**पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआईए ने 21 मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था।**

गया था।

दिनेश गोप के खिलाफ झारखंड, बिहार और ओडिशा में हत्या, अपहरण, धमकी, जबरन वसूली और पीएलएफआई के लिए धन जुटाने से संबंधित 102 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। झारखंड पुलिस ने दिनेश गोप पर 25 लाख और एनआईए की ओर से पांच लाख का ईनाम घोषित था।

## मुख्तार अंसारी को उम्रकैद

एजेंसी

**वाराणसी :** बाहुबली मुख्तार अंसारी को वाराणसी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 32 साल पुराने अवधेश राय हत्याकांड मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है. जैसे ही कोर्ट ने मुख्तार को दोषी करार दिया, उसकी बेचैनी बढ़ गई. उसके चेहरे पर तनाव देखने को मिला. टेंशन के चलते उसने अपना माथा पकड़ लिया. बांदा जेल के अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने बताया कि सोमवार को वाराणसी में अवधेश राय हत्याकांड मामले में मुख्तार की पेशी थी, जो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कराई गई. पेशी के दौरान दोषी करार होने के बाद मुख्तार अपने माथा पकड़ कर बैठ गया. टेंशन उसके चेहरे पर साफ दिखाई दी. बता दें, कांग्रेस नेता अजय राय के भाई अवधेश राय की वाराणसी शहर के चेतगंज में 3 अगस्त 1991 को गोली मारकर हत्या



कर दी गई थी. अवधेश राय की हत्या के मामले में आरोप मुख्तार अंसारी पर लगा था.हथियारबंद हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर अवधेश राय को मौत के घाट उतार दिया था. अवधेश राय को को कबीर चौरा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. मृतक के भाई और पूर्व विधायक अजय राय ने मुख्तार अंसारी, पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, राकेश समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था. करीब 32 साल पुराने इस हत्याकांड पर आज यानी सोमवार को वाराणसी की कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है.

## बाबूलाल मरांडी ने देवघर में प. बंगाल के जमीन माफिया के कारोबार की जांच की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से देवघर में प. बंगाल के जमीन माफिया का फैल रहे कारोबार की जांच कराने की मांग की है। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने भी उनसे सहमति जताई है।

बाबूलाल के मुताबिक रांची की तरह देवघर में भी बड़े पैमाने पर कागजातों की हेराफेरी और जालसाजी कर जमीन घोटाला हुआ है। यह सिलसिला जारी है। अपनी चिंताओं को साझा करते कहा है कि एम्स एवं एयरपोर्ट स्थापना की गयी है। साथ ही बाबा वैद्यनाथ के विश्वव्यापी महत्व के चलते देवघर की जमीन पर न सिर्फ झारखंड बल्कि सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल



के जमीन माफियाओं की भी नजर रही है। वहां के कुछ मामलों की जांच सीबीआई भी कर रही है। फिर भी जमीन घोटाले का गोरखधंधा जारी है।

मरांडी के अनुसार देवघर में हो रहे जमीन घोटाले गोरखधंधे का अंतरराज्यीय संबंध रांची की तरह बंगाल से है। सीबीआई और ईडी डायरेक्टर से अनुरोध करते बाबूलाल ने कहा है कि रांची की तरह देवघर में कागजातों की हेराफेरी कर हो रहे जमीन घोटाले की विस्तार से जांच का काम अपने हाथ में लें। सोशल मीडिया के जरिये उन्होंने पीएमओ, गृह मंत्रालय, इनकम टैक्स विभाग, देवघर डीसी और झारखंड सीएमओ को भी इस ओर ध्यान देने को कहा है।

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने बाबूलाल की चिंताओं को जायज मानते कहा है कि राज्य के पहले मुख्यमंत्री होने के साथ साथ वे संताल परगना के नस नस को जानते हैं। देवघर में मंदिर, ट्रस्ट, धर्मशाला की जमीन को बेचने की होड़ लगी है। इसके अलावा एसपीटी कानून को धता बताकर गलत कागज पर भी जमीन की खरीद बिक्री हो रही है। एलपीसी भ्रष्टाचार का सर्टिफिकेट बन गया है।

## धरती के जीवों का अस्तित्व पर्यावरण संरक्षण पर निर्भर : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** अर्धशताब्दी पहले दुनिया के 119 देशों ने यह महशुस कर लिया था कि अगर प्रकृति व पर्यावरण को नहीं बचाये तो धरती से जीवन का नामोनिशान मिट जाएगा। इसीलिये संयुक्त राष्ट्र संघ ने 05 जून की पहली बैठक को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में घोषणा की। लेकिन स्थापना कि पहली आधिकारिक बैठक स्वीडन में हुई। तब से आज तक पर्यावरण के संरक्षण के लिये दुनिया के तमाम देश निरंतर लगे हुए हैं। इस वर्ष 2023 का मूल थीम है प्लास्टिक कचरा को कम करना। अत्याधुनिक जीवनशैली व आरामतलबी जिंदगी इन्शान को मौत के करीब धकेल रखा है अगर इन्शान समय रहते नहीं चेता तो खौफनाक मौत का मंजर



सामने होगा। आज विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर मेदिनीनगर नगरनिगम क्षेत्र के विभिन्न संगठनों को साथ लेकर कोयल रिवर फ्रंट पर प्लास्टिक कचरा चुन कर प्लास्टिक मुक्त मिट्टीयुक्त प्रकृति व पर्यावरण बनाने का संकल्प लिए। इस अभियान को मेदिनीनगर नगरनिगम के पदाधिकारियों ने आयोजित व संचालित किया। बतौर ब्रांड एम्बेसडर अभियान में शामिल हुए। प्लास्टिक से निजात पाने की दिशा में साहसिक व क्रांतिकारी कदम उठाने के विनम्र संदेश दिये। धरती है, उस पर वनस्पति है, जल है, तब जीवन है इसलिए अपनी जान की कीमत पर भी पर्यावरण को बचाना है।

# भारत-अमेरिका ने रक्षा औद्योगिक सहयोग के लिए रोडमैप तैयार किया

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की**

**अमेरिकी रक्षा सचिव ने मानेकशॉ सेंटर में तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया**



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने सोमवार को रक्षा औद्योगिक सहयोग के लिए एक रोडमैप तैयार किया, जो नई प्रौद्योगिकियों के सह-विकास और नई प्रणालियों के सह-उत्पादन के अवसरों की पहचान करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के बीच मानेकशॉ सेंटर में एक द्विपक्षीय बैठक के दौरान मजबूत रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा करने के साथ औद्योगिक सहयोग को सुदृढ़ बनाने के तरीकों को चिह्नित करने पर विशेष फोकस किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में अपने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक गर्मजोशी से भरी और सौहार्द्रपूर्ण रही। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विषयों की एक महत्वपूर्ण श्रृंखला पर चर्चा की, जिसमें औद्योगिक सहयोग को सुदृढ़ बनाने के तरीकों को चिह्नित करने पर विशेष फोकस किया गया। भारत-अमेरिका के बीच तैयार रोडमैप अगले कुछ वर्षो के लिए नीति दिशा का मार्गदर्शन करेगा। साथ ही दोनों देशों के रक्षा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा। दोनों देशों के रक्षा समकक्षों ने लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बनाने के तरीकों का पता लगाया। दोनों पक्ष नई प्रौद्योगिकियों के सह-विकास और वर्तमान तथा नई प्रणालियों के सह-उत्पादन के अवसरों को चिह्नित करेंगे और दोनों देशों के रक्षा स्टार्टअप इकोसिस्टम के बीच सहयोग बढ़ाने की सुविधा प्रदान करेंगे। दोनों पक्षों ने मजबूत और बहुआयामी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की और सहयोग की गति को बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत से पहले मंत्री ऑस्टिन को तीनों सेनाओं की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

द्विपक्षीय बैठक के दौरान हाल ही में डिफेंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिफेंस स्पेस पर फोकस किये गए उद्घाटन संवादों का स्वागत किया गया। साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने में उनके साझा हितों को देखते हुए क्षेत्रीय सुरक्षा के विषयों पर भी चर्चा की गई।

### 38 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने श्री माता वैष्णो देवी के दर्शन करके बनाया नया रिकॉर्ड

**जम्मू :** इस साल पहले पांच महीनों में 8 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर के दर्शन करके एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। जम्मू संभाग के रियासी जिले में स्थित कटरा शहर की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित पवित्र गुफा के दर्शन करने के लिए गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए तीर्थयात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। एक अधिकारी ने कहा कि इस साल अब तक पहले पांच महीनों में 38.47 लाख (38,47,584) तीर्थयात्री गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2022 की इस अवधि की तुलना में यह आंकड़ा अधिक है, जिसमें 34,67,222 तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर का दौरा किया। अधिकारी ने कहा कि जनवरी में 5,24,189 तीर्थयात्री, फरवरी में 4,14,432, मार्च में 8,94,650, अप्रैल में 10,18,540 और मई में 9,95,773 तीर्थयात्री पूजा करने के लिए भवन आए थे।

## दूल्हा-दुल्हन की सुहागरात पर हार्ट अटैक से एक साथ मौत

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के शहर बहराइच की यह घटना हिला देने वाली है. यहां दो परिवारों में शादी की खुशियां मातम के शोर में खो गई. अपने 22 साल के लड़के की बारात विदा कराके घरवाले 20 साल की लड़की को बहू बनाकर घर लाते हैं. घर में खुशियां छा जाती हैं. शादी के अगले दिन दूल्हा-दुल्हन एक साथ कमरे में जाते हैं, लेकिन सुबह दोनों का कमरा नहीं खुलता है. कुंडी बजाने पर भी जब दोनों का कमरा नहीं खुलता है तो दूल्हे का छोटा भाई खिड़की के रास्ते कमरे में कूदता है. लेकिन, यह क्या कमरे में दूल्हा-दुल्हन मृत हालत में मिलते हैं. वो जल्दी से कुंडी खोलता है तो बाकी परिवार आकर जगाने की कोशिश करता है, लेकिन उनके शरीर ठंडे थे. घर में हाहाकार की स्थिति मच जाती है. दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां



पोस्टमार्टम किया गया तो जो वजह सामने आई, वो चौंकाने वाली थी. दोनों को एक साथ हार्ट अटैक आया था. क्या एक साथ दोनों को हार्ट अटैक? दोनों की मौत, क्या यह सच में संभव है? दोनों इतनी कम उम्र के युवा इन्हें कैसे ये हो सकता है? मौत के बाद जिसे भी इस खबर का पता चला तो लोग हैरान है.

**क्या हो सकता है कारण ? :** इस बारे में हृदय रोग विशेषज्ञ फोर्टिस हॉस्पिटल के कॉर्डियोलॉजिस्ट व चेयरमैन डॉ अजय कौल ने बताया कि स्थिति पूरी तरह बदल गई हैं. हम नंबर और डेटा को छोड़ भी दें तो आप खुद भी हर दिन ऐसी खबरें पढ़ रहे होंगे जिसमें लोग चलते-फिरते हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं. ये साइलेंट हार्ट अटैक हर उम्र के लोगों को अपना शिकार बना रहा है. डॉ कौल कहते हैं कि इसके पीछे कोरोना महामारी कैसे वजह हो सकती है,इसे समझना होगा. कोरोना एक आरएनए वायरस है.ऐसे वायरस की वजह से खून में थक्का जम जाता है या ब्लॉकेज हो जाता है. जिससे हृदय में रक्त का प्रवाह आसामान्य हो जाता है, जो हार्ट अटैक का कारण बनता है.

## सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे सिंधु, प्रणय



एजेंसी

**सिंगापुर।** गत चैंपियन पीवी सिंधु और एचएस प्रणय सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। सिंधु जहां थाईलैंड में खराब प्रदर्शन के बाद वापसी करना चाहेंगी, वहीं फार्म में चल रहे प्रणय आत्मविश्वास से लबरेज होंगे।

सिंधु के लिए चीजें पहले जैसी नहीं रही हैं क्योंकि उन्हें पिछले साल अगस्त में टखने में चोट लगी थी। वह धीरे-धीरे मैड्रिड स्पेन मास्टर्स और मलेशिया मास्टर्स में फाइनल और सेमी-फाइनल के साथ अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस आ रही है, जो इस सीजन में उनका सर्वश्रेष्ठ परिणाम है। सिंगापुर ओपन के पहले दौर में सिंधु का सामना जापान की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी अकाने यामागुची से होगा, जिनके खिलाफ सिंधु का प्रदर्शन कुछ खास नहीं है। सिंधु का यामागुची के खिलाफ 14-9 का हेड-टू-हेड जीत का रिकॉर्ड है, लेकिन पिछले साल थाईलैंड में दोनों के आमने-सामने होने के बाद से बहुत कुछ बदल गया है और अब सिंधु को यामागुची के खिलाफ कुछ बेहतर करना होगा। दूसरी ओर, प्रणय छह साल के खिताबी सूखे को खत्म करते हुए मलेशिया मास्टर्स में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने के बाद टूर्नामेंट में उतर रहे हैं। इस मनोबल बढ़ाने वाली जीत ने प्रणय के लिए भूख बढ़ा दी होगी, जो इस समय भारत के सबसे बेहतरीन एकल खिलाड़ी हैं। हालाँकि, चीजें उसके लिए आसान नहीं होंगी क्योंकि वह सर्किट में सबसे रोमांचक प्रतिभाओं में से एक - जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त कोडाई नारोका के खिलाफ पहला मैच खेलेंगे। थाईलैंड में सेमीफ़ाइनल तक पहुंचने वाले लक्ष्य सेन भी मुख्य ड्रॉ में पहुंचने की उम्मीद कर रहे होंगे लेकिन चीनी ताइपे के पांचवें वरीय चाउ टिएन चेन उनके सामने बड़ी चुनौती होंगे। 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत अपने शुरुआती दौर में थाईलैंड के कांटाफॉन वांगचारोएन से भिड़ेंगे, जबकि ऑरलियन्स मास्टर्स के विजेता प्रियांशु राजावत का सामना जापान के कांता सुनेयामा से होगा।

### भारतीय रेलवे ने ओडिशा में रेल दुर्घटना के मृतकों की शिनाख्त की अपील की

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने ओडिशा सरकार के सहयोग से बहानगा ट्रिपल ट्रेन हादसे में मृतकों और घायलों के परिवारों से पहचान करने की अपील की है। इसके लिए मृतकों की जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड की है। रेल मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में प्रभावित यात्रियों के परिवार के सदस्य, रिश्तेदार, मित्र और शुभचिंतक मृतक के फोटो के लिंक, विभिन्न अस्पतालों में भर्ती यात्रियों की सूची और अज्ञात शवों के बारे में जानकारी के लिए https:rcodisha.nic.in/Photos Of Deceased with Disclaimer.pdf लिंक का उपयोग कर सकते हैं। रेल मंत्रालय ने कहा कि इस रेल दुर्घटना में प्रभावित यात्रियों के परिवारों/रिश्तेदारों को जोड़ने के लिए रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 चौबीसों घंटे काम कर रहा है।

# ओडिसा रेल हादसे पर खड़गे ने पीएम को लिखा पत्र, उठाए गंभीर सवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ओडिसा रेल हादसे पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है। इस पत्र में खरगे ने कई गंभीर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि रेलवे को बुनियादी तौर पर मजबूत करने के बजाय खबरों में बने रहने के लिए ऊपरी तौर पर ही बदलाव किए जा रहे हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि लगातार गलत फैसलों की वजह से रेल का सफर असुरक्षित बन गया है।

खरगे ने आरोप लगाया कि रेलवे में तीन लाख पद खाली हैं। पूर्वी तट रेलवे में, जहां ये हादसा हुआ, वहां भी 8278 पद खाली हैं।

खरगे ने दावा किया कि कई वरिष्ठ पदों पर भी तैनाती नहीं हुई हैं। खरगे ने सवाल किया कि बीते नौ सालों में इन रिक्तियों को क्यों नहीं



भरा गया? खरगे ने पत्र में लिखा कि रेलवे बोर्ड खुद इस बात को स्वीकार कर चुका है कि लोको पायलट्स पर काम का दबाव ज्यादा है क्योंकि कर्मचारियों की कमी की वजह से उन्हें कई घंटे अतिरिक्त काम करना पड़ता है। खरगे ने कहा कि लोको पायलट रेल सुरक्षा के लिए अहम होते हैं, ऐसे में उनकी रिक्तियां क्यों नहीं भरी जा रहीं?

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि 8 फरवरी 2023 को मैसूर में हुए हादसे के बाद साउथ वेस्ट जोनल रेलवे के संचालन अधिकारी ने रेलवे के सिग्नल सिस्टम को दुरुस्त करने की जरूरत बताई थी लेकिन उस चेतावनी को रेल मंत्रालय ने क्यों दरकिनार किया? पीएम मोदी को लिखे पत्र में कांग्रेस नेता ने लिखा कि कमीशन ऑफ रेलवे सेफ्टी की सलाह को रेलवे बोर्ड ने दरकिनार किया।

जांच में पता चला है कि 8-10 प्रतिशत रेल हादसों की ही कमीशन ऑफ रेलवे सेफ्टी द्वारा जांच की गई है। खरगे ने पूछा कि सीआरएस को मजबूत और स्वायत बनाने की दिशा में कदम क्यों नहीं उठाए गए? खरगे ने आरोप लगाया कि ट्रैक के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया गया। खरगे ने सवाल किया कि रेल बजट को आम बजट से क्यों मिलाया गया? खरगे ने कहा कि इससे रेलवे की स्वायतता प्रभावित हुई और उसके फैसले लेने की क्षमता भी प्रभावित हुई है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि रेलवे के महज 4 प्रतिशत रूट ही कवच सिस्टम से लैस हैं। खरगे ने पूछा कि सरकार ने अभी तक रेलवे को पूरी तरह से कवच सिस्टम से लैस क्यों नहीं किया है?